www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

1 वर्ष सफलता भरा

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 12 दिसंबर 2024 | 27 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 वर्ष 1, अंक 356, कुल पृष्ठ 16+8 = 24 | मूल्य : 5 रुपए follow us on: 8894521702

## 'अनंत ज्ञान' के उपलब्धियों भरे प्रथम वर्ष पर बधाइयों का तांता

Shiv Pratap Shukla
Governor
Himachal Pradesh

शिव प्रताप शुक्ल
राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश

**संदेश**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र "अनंत ज्ञान" के प्रथम वार्षिकोत्सव की समाचार पत्र समूह को मैं हार्दिक बधाई देता हूं।

समाचार पत्र का एक वर्ष का यह कार्यकाल सत्य और पारदर्शिता के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मौजूदा परिप्रेक्ष्य में, जहाँ सूचना समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है वहीं, अनंत ज्ञान समाचार और अंतर्दृष्टि के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में उभरा है। पिछले एक साल में, समाचार पत्र ने पाठकों की सूचनात्मक ज़रूरतों को सफलतापूर्वक पूरा किया है, समसामयिक मामलों, सामाजिक मुद्दों, संस्कृति और प्रगति पर एक संतुलित दृष्टिकोण पेश किया है।

लोकतांत्रिक समाज में मीडिया की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। इसमें शिक्षित करने, चुनौती देने और एक ऐसा माहौल बनाने की शक्ति है जहाँ विचारों का स्वतंत्र रूप से आदान-प्रदान किया जा सके। मैं अखबार को रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने, सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने और लोगों की आवाज बनने के अपने मिशन पर बने रहने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। मैं अनंत ज्ञान को आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता, विकास और अधिक पहुँच की कामना करता हूँ। मैं आशा करता हूं कि देवभूमि को नशामुक्त बनाने में मेरे प्रयासों को अनंत ज्ञान समाचार पत्र से और बल मिलेगा। न केवल समाचार बल्कि इस विषय पर संपादकीय भी प्रकाशित किए जाएंगे ताकि समाज में जागरूकता लाई जा सके।

भावी प्रयासों के लिए "अनंत ज्ञान" को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(शिव प्रताप शुक्ल)

राज भवन, शिमला-171 002 | 0177-2624840, 2624451 | governorsecy-hp@nic.in

---

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू
SUKHVINDER SINGH SUKHU

मुख्य मंत्री
हिमाचल प्रदेश
CHIEF MINISTER
HIMACHAL PRADESH

**संदेश**

मुझे यह जानकार हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और 'अनंत ज्ञान टीवी' 12 दिसम्बर, 2024 को अपनी पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जिसके लिए मैं समाचार पत्र समूह के प्रकाशक, सम्पादक मण्डल और सभी सदस्यों को बधाई देता हूं।

हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे और पहाड़ी राज्य में समाचार पत्रों का विशेष महत्व है। विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को सरकार के समक्ष लाने के साथ-साथ समाचार पत्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के प्रचार-प्रसार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते है।

मुझे विश्वास है कि समाचार पत्र समूह सरकार द्वारा आम लोगों के हित में लिए गए निर्णयों, कार्यक्रमों एवं नीतियों को उचित स्थान देकर अपने दायित्व का निर्वहन करेगा।

मैं, समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

(सुखविन्द्र सिं

---

Mukesh Agnihotri
Deputy Chief Minister
Himachal Pradesh
H.P. Secretariat, Shimla
Phone : 0177-2621581, 2620530

मुकेश अग्निहोत्री
उप मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
हिमाचल प्रदेश सचिवालय, शिमला
फोन : 0177-2621581, 2620530

**संदेश**

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि शिमला में दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' 12 दिसंबर, 2024 को पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा है। पत्रकारिता में उत्कृष्टता का एक वर्ष पूरा करने पर 'अनंत ज्ञान' की पूरी टीम को हार्दिक बधाई। निष्पक्ष और सूचनात्मक समाचार देने के आपके समर्पण ने आपको सूचना के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में प्रतिष्ठा दिलाई है।

पत्रकारिता जगत में आपका योगदान अमूल्य है और मैं कामना करता हूँ कि आने वाले वर्षों में भी आपको सफलता मिलती रहे। आपका अखबार सच्चाई का प्रतीक और उन आवाजों के लिए एक मंच बना रहे जिन्हें सुनने की जरूरत है।

इस शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आशा करता हूँ कि 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र ईमानदारी से आगे बढ़ता रहे और [illegible] स्थापित करे।

([illegible]मुकेश अग्निहोत्री)

[illegible]otridycm agnihotridycm

---

जय राम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष
हिमाचल प्रदेश
शिमला -171 002

**संदेश**

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि "अनंत ज्ञान" हिमाचल का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र है । 12 दिसम्बर, 2024 को इस समाचार पत्र का पहला वार्षिक समारोह आयोजित किया जा रहा है। एक वर्ष के अल्प समय में इस दैनिक समाचार पत्र ने समाज के प्रतिविम्ब के रूप में निष्पक्ष कार्य करते हुए प्रशंसनीय कार्य किया है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने निस्वार्थ, निष्पक्ष सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है।

अनंत ज्ञान का पहला वार्षिक समारोह आयोजित करने के लिए इसकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं एवं इसके सफल प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(जय राम ठाकुर)

हाउस नंबर - 12, ग्रांट लॉज, शिमला - 171002

---




---

प्रेम कुमार धूमल
PREM KUMAR DHUMAL

पूर्व मुख्यमंत्री
FORMER CHIEF MINISTER

**संदेश**

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि दैनिक समाचार पत्र "अनंत ज्ञान" पहली वर्षगांठ 12 दिसम्बर 2024 को शिमला में मना कर रहा है अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ ।

लोकतन्त्र में मीडिया, समाचार पत्र और पत्रिकाओं की सता और आम जनमानस के बीच में एक सम्वाद-सेतु की भूमिका रहती है इसी कारण प्रैस को लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तथा "अनंत ज्ञान" अखबार के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, जनसमस्याओं और जनहितकारी मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर के जनता और सरकार के बीच सेतु का काम कर रहा है । समाचार पत्र समाज का दर्पण है, यह न केवल संचार का माध्यम है अपितु लोकतान्त्रिक और संवैधानिक मूल्यों को बल देने और समाज में जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है ।

मैं आशा करता हूँ कि "अनंत ज्ञान" के सम्पादक मंडल के अथक प्रयासों से यह अखबार लगातार सफलता की ओर अग्रसर होगा व दिन प्रतिदिन जनता में और अधिक लोकप्रिय होगा । मैं "अनंत ज्ञान" के सम्पादक मण्डल और सभी सदस्यों को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ और सभी के उज्ज्वल भविष्य व समाचार पत्र के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ ।

(प्रेम कुमार धूमल)

SAMIRPUR- 177601, DISTT. HAMIRPUR (H.P.)
Phone : 01972-275060
email : officeexcmhmr@gmail.com

समीरपुर – 177601, जिला हमीरपुर, (हि.प्र.)
दूरभाष : 01972–275060

---

शान्ता कुमार
पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री

यामिनी परिसर
पालमपुर - 176061
जिला कांगड़ा (हि0प्र0)
दूरभाष/फैक्स : 01894-230630

11 दिसम्बर 2024

**सन्देश**

हिमाचल प्रदेश में नये समाचार पत्र "अनन्त ज्ञान" ने अपना पहला वर्ष सराहनीय सफलता के साथ पूरा किया है। ज्ञान भी अनन्त है और पत्रकारिता क्षेत्र भी अनन्त है। आज के युग में समाचार पत्रों का विशेष महत्व हो गया है। प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन सबसे पहले समाचार पत्रों को ही पढ़ता है।

मैं सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा करने के लिए "अनन्त ज्ञान" पत्र को बहुत बधाई देता हूं। इसके सम्पादक और अन्य सभी कर्मचारियों को बधाई और शुभ कामनाएं देता हूं।

शान्ता कुमार

---

अनुराग सिंह ठाकुर
संसद सदस्य (लोक सभा)
पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
सभापति:
[illegible]
सदस्य: [illegible]

कार्यालय : 117 'बी' ब्लॉक, [illegible] नई दिल्ली - 110001
दूरभाष : [illegible]

**संदेश**

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि दैनिक समाचार पत्र "अनंत ज्ञान" पहली वर्षगांठ 12 दिसम्बर 2024 को मना कर रहा है। मैं इस अवसर पर अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करता हूं।

लोकतन्त्र में मीडिया, समाचार पत्र और पत्रिकाओं की सत्ता और आम जनमानस के बीच में एक संवाद-सेतु की भूमिका रहती है। इसी कारण प्रेस को लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तथा "अनंत ज्ञान" अखबार के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, जनसमस्याओं और जनहितकारी मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर, जनता और सरकार के बीच सेतु का काम कर रहा है।

मैं आशा करता हूं कि "अनंत ज्ञान" के सम्पादक मंडल के अथक प्रयासों से यह अखबार लगातार सफलता की ओर अग्रसर होगा व दिन प्रतिदिन जनता में और अधिक लोकप्रिय होगा। मैं "अनंत ज्ञान" के सम्पादक मण्डल और सभी सदस्यों को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ और सभी के उज्ज्वल भविष्य व समाचार पत्र के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ।

(अनुराग सिंह ठाकुर)

---

R. S. Bali
Cabinet Minister Rank
Chairman, Tourism

H.P. Secretariat
Room No.325, 330, 331
Shimla-171 002
Ph. : 0177-2621892

**संदेश**

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि शिमला में दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' 12 दिसंबर, 2024 को पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा है। पत्रकारिता में उत्कृष्टता का एक वर्ष पूरा करने पर 'अनंत ज्ञान' की पूरी टीम को हार्दिक बधाई। निष्पक्ष और सूचनात्मक समाचार देने के आपके समर्पण ने आपको सूचना के एक विश्वसनीय स्त्रोत के रूप में प्रतिष्ठा दिलाई है।

पत्रकारिता जगत में आपका योगदान अमूल्य है और मैं कामना करता हुँ कि आने वाले वर्षों में भी आपको सफलता मिलती रहे। आपका अखबार सच्चाई का प्रतीक और उन आवाजों के लिए एक मंच बना रहे जिन्हें सुनने की जरूरत है।

इस शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मैं आशा करता हुँ कि 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र ईमानदारी से आगे बढ़ता रहे और पत्रकारितां के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करे।

(आर0 एस0 बाली)

Mobile: 94181-57999 (Personal), 94180-22223(PA) Email: rsbalihimachal@gmail.com

---

INDU BALA GOSWAMI
Member of Parliament
(Rajya Sabha)

Member :
Parliamentary Standing Committee
Science And Technology
Environment And Forest & Climate Change
Consultative Committee - Culture & Tourism
AIIMS - Jammu & Kashmir
Committee on Empowerment of Women
Board of Governors - NIFT
Committee on Public Undertaking

**संदेश**

सर्वप्रथम, मैं अनंत ज्ञान की सम्पादकीय टीम और सभी कर्मचारियों को आपकी पत्रिका के प्रथम वर्षगाँठ पर हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ। इस एक वर्ष के दौरान, आपने पत्रकारिता के क्षेत्र में जो उत्कृष्टता और निष्ठा प्रदर्शित की है, वह सराहनीय है। यह एक वर्ष आपके समर्पण, कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट पत्रकारिता का प्रमाण है। आपने न केवल सटीक और निष्पक्ष समाचारों से पाठकों का विश्वास अर्जित किया है, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पत्रकारिता समाज का दर्पण है, जो सच्चाई को उजागर कर जनता तक पहुँचाने का कार्य करती है। यह केवल खबरें देने का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो शासन, समाज और नागरिकों के बीच सेतु का काम करता है। इस एक साल की यात्रा में आपने समाचारों को सटीकता और गहराई के साथ प्रस्तुत करने के उच्चतम मानकों को स्थापित किया है। आपकी लेखनी ने पाठकों को सोचने, समझने और जागरूक होने के लिए प्रेरित किया है। यह न केवल एक पत्रिका की सफलता है, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा को ऊंचाई पर ले जाने का एक आदर्श उदाहरण भी है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी अनंत ज्ञान पत्रकारिता समाज के हित में निष्पक्ष, प्रासंगिक और प्रेरणादायक खबरें प्रस्तुत करता रहेगा। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं और आशा करती हूं कि आपका अखबार हमेशा सच्चाई, निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपनी [illegible] अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहेगा।

शुभकामनाओं सहित,

इंदु बाला गोस्वामी
राज्यसभा सदस्य

Delhi Address : Central Govt. Residential Complex Type VII, MP Flats, Flat No. A4, Tower No. A2, Deen Dayal Upadhyay Marg, New Delhi - 110002
Mobile : +91-9816320602 E-mail : rsmp.indugoswami@sansad.nic.in
Residential Address : Village Gankheter, Post Office & Tehsil-Baijnath, District Kangra, Himachal Pradesh-176125

---

संदेश

आदरणीय रविंद्र जस्टा जी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र व टीवी चैनल की पहली वर्षगांठ के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह आपकी अथक मेहनत, दूरदृष्टि और समर्पण का परिणाम है कि यह मंच समाज में ज्ञान, सत्य और जागरूकता का दीपक जलाने में सफल हुआ है। आपका यह प्रयास न केवल पत्रकारिता की गरिमा को ऊंचाई देता है बल्कि समाज को सही दिशा में प्रेरित करने का माध्यम भी बनता है। आपकी पूरी टीम को इस सफलता के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।

रणधीर शर्मा
भाजपा विधायक एवं
मीडिया इंचार्ज
(हिमाचल प्रदेश)

---

**प्रशंसा पत्र**

राजेश जी,

सादर नमस्कार।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मैं अपनी और अपने संस्थान की ओर से आपको और अनंत ज्ञान संस्थान की समस्त टीम को बधाई देता हूं। आपकी निर्भीक लेखनी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आपकी अटूट समर्पण और असाधारण कार्य में न केवल जनता को जागरूक किया है, बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा रहे हैं। समस्त अनंत ज्ञान परिवार को पहली वर्षगांठ की अनंत शुभकामनाएं।

Satpal Singh Satti
(MLA UNA SADAR)




धाकड़ फाउंडेशन No. U85300MP202INPL056302

www.anantgyaan.in
# अनंत ज्ञान
1 वर्ष सफलता भरा
आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 12 दिसंबर 2024 | 27 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 356, कुल पृष्ठ 16+8 =24 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

### सुक्खू सरकार ने बिलासपुर में मनाया दो साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न, लाभार्थियों को दिए वित्तीय लाभ

# हिमाचल को छह नई योजनाओं की सौगात

**शुभम राही, बिलासपुर**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को बिलासपुर जिले के लुहणू मैदान में प्रदेश सरकार के दो साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर जश्न मनाया और छह नई योजनाओं का शुभारंभ किया। वहीं, लाभार्थियों को वित्तीय लाभ वितरित किए। सीएम ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मक्की से तैयार हिमभोग आटा लांच किया। सरकार ने 10 जिलों में 1.506 किसानों से 398 मीट्रिक टन मक्की की खरीद की है और किसानों के बैंक खातों में सीधे 1.20 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए हैं।

**सीएम ने मक्की से तैयार हिमभोग आटा किया लांच**

लघु किसानों और पशुपालकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से जैविक खाद और वर्मी कंपोस्ट खरीद की योजना शुरू की। 100 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1 लाख रुपए वितरित किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत 16 टैक्सी मालिकों को प्रदान की चाबियां

**मुख्यमंत्री** ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना 2023 के तहत 16 टैक्सी मालिकों को चाबियां प्रदान की। लाभार्थियों को ई-टैक्सी खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ प्राप्त हुआ है और सरकारी कार्यालयों में पांच साल के लिए लीज पर ई-टैक्सियों का संचालन किया जाएगा। इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत प्रदेश के 5145 लाभार्थियों को 1.38 करोड़ वितरित कर योजना का शुभारंभ किया। लाभार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। वहीं, सात जिलों में 1292 करोड़ की हिमाचल प्रदेश उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी, सिंचाई और मूल्य संवर्धन एचपी शिवा परियोजना का भी शुभारंभ किया।

### 197 लाभार्थियों को जारी की 1.90 करोड़ की वित्तीय सहायता

**किन्नौर,** लाहौल-स्पीति, चंबा और जिला सिरमौर के शिलाई के दुर्गम क्षेत्रों के लिए पांच मोबाइल आयुष स्वास्थ्य यूनिट को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत बिलासपुर जिले के 197 लाभार्थियों को 1.90 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की। 153 बच्चों के लिए पेंशन, 17 लाभार्थियों के लिए आवास अनुदान, 10.10 लाभार्थियों के लिए विवाह एवं उच्च शिक्षा और 3.3 लाभार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा और स्टार्टअप सहायता प्रदान की गई।

Biggest International Education Fair
Study Visa | Skilled Visa | Visitor Visa | Spouse Visa | Dependent visa
14 December Saturady 10:00 am Onwards
J.S. Plaza Hotel & Restaurant Nangal Road, UNA, Himachal Pradesh


BN OVERSEASS SINCE 1996
Sat Sahib Centre, Opposite Gate No.-2 Narinder Cinema Jalandhar
98788-75997, 98550-75992 9216-340-340

# वर्षगांठ पर 'अनंत ज्ञान' प्रदेशभर में आज लगाएगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**प्रदेश** का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान और अनंत ज्ञान टीवी अपनी पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वीरवार को प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। शिविरों का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और रक्तदान के प्रति जागरुकता फैलाना है।

आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान

अनंत ज्ञान के नगरोटा बगवां के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित प्रेस परिसर में, ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में, शिमला के रिज मैदान पर, बिलासपुर में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिविर लगेंगे। वहीं, सोलन में साईं संजीवनी हॉस्पिटल, हमीरपुर के गांधी चौक में, चंबा के गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में, कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में, मंडी के जोनल अस्पताल तथा जोगिंद्रनगर के सिविल अस्पताल में शिवर लगेंगे। शिविरों का आयोजन प्रातः दस बजे से शुरू हो जाएगा। अनंत ज्ञान रक्तदाताओं से रक्तदान की अपील करता है।

# पहले पड़ाव से निकली निरंतरता रहे बरकरार

**प्रिय पाठकों,**

आपकी शुभकामनाओं के सानिध्य में दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' अपने शैशवकाल के दूसरे वर्ष के प्रवेश द्वार पर दस्तक दे रहा है।

देवभूमि हिमाचल के जागरूक पाठकों से मिले अनंत स्नेह और विश्वास का बल ही था कि समाचार पत्र प्रकाशन के प्रारंभिक वर्ष की चुनौतियों का 'अनंत ज्ञान' ने सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए उनसे पार पाया। समाचार पत्र का प्रकाशन धनबल, बाहुबल अथवा किसी भी प्रकार के अन्य बल के साथ प्रकाशन संभव नहीं है। इसमें आवश्यक होता है पाठकों का विश्वास और समाचार को निष्पक्षता से प्रकाशित करने का टीम का दृढ़संकल्प। आपके आशीर्वाद से हमें सभी योजनाओं में सफलता मिलती रही।



एक वर्ष में कई ऐसे समाचार रहे, जिन्हें आपने सराहा और अपने विश्वास से हमारी पीठ थपथपाई। पाठकों के अथाह प्रेम ने 'अनंत ज्ञान' की नींव को जमकर सींचा। इसके लिए आपका अनेकानेक साधुवाद। यह वह सफर है जिसमें कई मोड़ तो हैं, लेकिन अंत कोई नहीं। हमें तो बस अपने समाचारों की निरंतरता से अपने हिमाचल की जनता और नीति निर्धारकों के बीच सेतु का कार्य करना है।

यकीन मानिए हमारे एक समाचार से यदि किसी मोहल्ले की सड़क की पुलिया बने अथवा सरकार जनहित में कोई फैसला लेने के लिए उसका संज्ञान ले तो वह पल हमारे लिए पत्रकारिता के आयामों को स्थापित करने जैसे प्रतीत होता है। इस एक वर्ष में न हम बड़े बने हैं और न ही हमारे मन में कोई लालसा जगी। हम तो निरंतरता के साथ अपना कर्म करने में विश्वास करते हैं। आपका सानिध्य हमें आपके हृदय में अपनत्व का भाव जगाए, बस यही कामना रहेगी। अपने प्रदेश की आम जनता के मसलों को हम नीति निर्धारकों के सामने तथ्यात्मकता के साथ व पूरी गंभीरता से रख सकें, यही प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

श्रीमद् भागवद् गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने इच्छा रहित कर्म करने का जो संदेश दिया है, उस पथ पर हमारा एक वर्ष का सफर अनंतकाल तक रहेगा। हम कदाचित यह भी दावा नहीं करते कि एक वर्ष में समाचार पत्र संपूर्ण प्रदेश के पाठकों के लिए सुलभ कर दिया गया। हम अपने सीमित संसाधनों के साथ निरंतर ऐसा करने का प्रयास करते रहें यह दावा हम अवश्य कर सकते हैं। आशा है आने वाले वर्षों में यह सुलभता प्रदेश के कोने-कोने में उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए हम योजनाएं बनाकर उन पर गंभीरता के साथ कार्य कर रहे हैं।

प्रदेश के कोने-कोने में उपस्थित हमारे संवाददाता आपकी भावनाओं को समाचार पत्र के संपादकीय विभाग तक पहुंचा रहे हैं। आज हमारे समाचारपत्र के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जगह-जगह आयोजित होने जा रहे रक्तदान शिविरों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए कई लोगों के प्राण बचाने के हमारे अभियान का हिस्सा बनेंगे यह अपील भी आपसे की जा रही है। आज के युग में जब समाचार पत्र अनंत चुनौतियों का सामना कर रहा है, तो ऐसे में अनिश्चित चुनौतियों में भी हमने अनंत मार्ग खोजे। आपके अनंत समर्थन, विश्वास और सहयोग के लिए एक बार फिर हृदय से आभार।

**-डॉ. दिलीप धाकड़**

आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान
अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर
लगने वाले रक्तदान शिविर में आप सब सादर आमंत्रित हैं।

रक्त दें और जीवन बचाएं
कार्यक्रम
दिनांक:- 12 दिसंबर 2024, वीरवार
समय:- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
स्थान
ऊना — क्षेत्रीय अस्पताल, ऊना, मो. 98163 96500
शिमला — रिज मैदान, शिमला, वर्षाशालिका, मो. 98054 38718
बिलासपुर — राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, मो. 98058 53582
सोलन — साईं संजीवनी हॉस्पिटल, सोलन ,माल रोड, नजदीक कोर्ट परिसर, मो. 9418157519, 7018716514
हमीरपुर — गांधी चौक, हमीरपुर, मो. 94180 03422
चंबा — गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज चंबा, मो. 9318134100
कुल्लू — क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, मो. 86298-97600
मंडी — जोनल अस्पताल मंडी, मो. 8263880288
जोगिंद्रनगर — सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर, मो.7018982097
कांगड़ा — प्रेस परिसर, इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, फोन : 88945-21702
BEST CABS — BEST RECOGNITION PVT LTD
लूण Lunn
DHAKER FOUNDATION
WEMBLEY SINCE 1961 — Wembley Paints & Chemicals — Mob. 9805002437
Royal Shoes Co. — Mob. 9816135899, 01893-245702
ARNI UNIVERSITY — Mob. 7876848080,7876859292
Website: www.anantgyaan.in
follow us on
अनंत ज्ञान — आपका अखबार... आपके लिए

1 वर्ष सफलता भरा

दैनिक समाचार पत्र
# अनंत ज्ञान
का उपलब्धियों भरा
# प्रथम वर्ष
पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं

BEST CABS
BEST RECOGNITION PVT LTD

Time to explore
# Uttarakahnd
with
# Best Cab



Uttarakahnd First Caravan
by
Best Cab











## CHARDHAM YATRA
BY ROAD

**Chardham Yatra Ex-Delhi 11 Nights 12 Days**

**Yamunotri, Gangotri, Kedarnath, Badrinath From Ex-Delhi**

Day 01 Delhi-Haridwar (230 km/5-6 hr)
Day 02 Haridwar-Barkot (180 km/5-6 hr)
Day 03 Barkot-Jankichatti (50 km/01 hr) Yamunotri (06 km Trek) Back to Barkot same route
Day 04 Barkot-Uttarkashi (100 kms/4 hr)
Day 05 Uttarkashi-Harsil-Gangotri (100 km/3-4 each side) Back to Uttarkashi.
Day 06 Uttarkashi-Guptkashi (220 km/7-8 hr)
Day 07 Guptkashi-Sonprayag (30 km by road)-Gaurikund-Kedarnath (16 km by Trek one side)
Day 08 Kedarnath-Guptkashi (By Same Route)
Day 09 Guptkashi-Joshimath-Pandukeswar/Govindghat-Badrinath (220 km/7-8 hr)
Day 10 Badrinath-Rudraprayag (155 km/5-6 hr)
Day 11 Rudraprayag-Rishikesh-Haridwar (155 km/4-5 hr)
Day 12 Haridwar-Delhi (230 km/5-6 hr)

## DO DHAM YATRA
BY ROAD

**Do Dham Yatra Ex-Delhi 07 Nights 08 Days**

**Kedarnath, Badrinath From Ex-Delhi**

Day 01 Delhi-Haridwar (230 km/5-6 hr)
Day 02 Haridwar-Guptkashi(120 km/6-7 hr)
Day 03 Guptkashi-Sonprayag (30 km by road)-Gaurikund-Kedarnath (16 km by Trek one side)
Day 04 Kedarnath-Guptkashi (By Same Route)
Day 05 Guptkashi-Joshimath-Pandukeswar/Govindghat-Badrinath (220 km/7-8 hr)
Day 06 Badrinath-Rudraprayag (155 km/5-6 hr)
Day 07 Rudraprayag-Rishikesh-Haridwar (155 km/4-5 hr)
Day 08 Haridwar-Delhi (230 km/5-6 hr)



**CAR & COACH RENTAL SERVICE**
B2B Deals for Car Rental Service Across India



**24/7 TAXI Service**






**B2B Deals for: Car Rental Service Across India**
**24/7 TAXI Service**
**Mayur Vihar, GMS Road, Dehradun- 248001**
**Mob.: 8218341587, 9568075555** Email: doonbestcab@yahoo.com

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

---

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

Industrial Training Institute | Skill India कौशल भारत - कुशल भारत

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पालमपुर

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पालमपुर में HPKVN की तरफ से निम्नलिखित अल्प अवधि कोर्स चलाए जा रहे हैं

## Courses

1. domestic data entry operator
2. Field Technician -Home appliances
3. Plumber General
4. Retail sales Associates
5. Set top box operator.
6. Tailoring

इच्छुक उम्मीदवार इसमें दाखिला ले सकते हैं।

---

१ वर्ष सफलता भरा

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

# शिव ग्रामीण उद्योग पालमपुर

प्रोप. आशीष गुप्ता

---

# Laureate Institute of Pharmacy

(A Unit of Laureate Educational Society Shimla Estt. 1992
V.P.O. Kathog, Tehsil Jwalamukhi, Distt. Kangra, H.P. 176031

*(Approved by PCI & AICTE, NEW Delhi and H.P. Govt)*
*Affiliated to H.P. Technical University, Hamirpur&*
*H.P. Takniki Shiksha Board, Recognized Under 2(f) of UGC Act 1956*

## ADMISSIONS Open 2025

- D. Pharm. 2 Years
- B. Pharm. 4 Years
- B. Pharm. (Pharmacy Practice) 2 Years
- M. Pharm. (Pharmaceutics, Pharmaceutical Analysis and Quality Assurance) 2 Years
- Ph.D. Pharmaceutical Sciences

100% JOB Placement

For more Details Contact Us:
9805676721, 7018933755, 9418465312, 9218428040, 9218405087,
Email: contactlaureate@gmail.com Website: www.laureateinstitute.in



---

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

१ वर्ष सफलता भरा

---

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

१ वर्ष सफलता भरा

अनुपम कुमार सिंह
उपायुक्त

विनोद खन्ना
सहायक आयुक्त

# राज्य कर एवं आबकारी विभाग, धर्मशाला

---

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

Highly Reputed School In The Heart Of City

# SWARN PUBLIC SR. SEC. SCHOOL

NAGROTA BAGWAN DISTT. KANGRA (H.P.)

## ADMISSION OPEN Session: 2024-25

An English Medium School
Nursery-10+2
(Arts, Commerce, Science)





Capt. Vikram Singh
Director

Call us: 94180-45336 | Future of your wards safe under

---

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

# NEERAJ AGENCIES PRIVATE LIMITED



नीरज सोनी



विशाल सोनी



नमन सोनी

Near Old Bus Stand, Nagrota Bagwan 176047, Distt. Kangra
Ph. 01892-252088, Mob. 98160-72088

---

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

# ROYAL ACADEMY

8 YEARS OF EXCELLENCE

## ADMISSIONS OPEN

- CRASH COURSE & DROPPERS BATCH NEET, NDA, JEE, CUETO — 20th March & 1st April
- GENERAL COMPETITION — HP POLICE, PATWARI, CLERK P. SECRETARY, PARA-MILITARY SSC-GD & OTHERS
- PRELIMS & MAINS — IAS, HAS, ALLIED, NT
- TEACHING COURSES — HP-TET, C-TET & TGT-COMMISSION (Arts, Medical & Non-Medical)

HEAD OFFICE:- SYNDICATE AREA, NEAR SHITLA MATA MANDIR, OLD BUS STAND, PALAMPUR HELPLINE:- 01894-356185, 86268 85200

---

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

# PANCHSHEEL NURSING HOME



Dr. Naresh Virmani
M.B.B.S. D-Ortho
Gold Medalist
Formerly Registrar at
Medical College, Shimla




Near Railway Station, Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047
Ph/Fax: 01892-252351, Mob. 62309-88351

---



# S.M. EYE HOSPITAL

(A Unit of S.M. Eye Institute Private Limited)

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

### काला मोतिया क्या है?

- काला मोतिया एक आंख की स्थिति है जिसमें इंट्राओकुलर दबाव से संबंधित ऑप्टिक तंत्रिका क्षति के कारण दृष्टि हानि होती है।
- विश्व स्तर पर, मोतियाबिंद के बाद यह अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है।

### काला मोतिया से आँख कैसे प्रभावित होती है?

आँख लगातार जलीय दिखावा बनाती है। जैसे ही आँख में नया जल प्रवाहित होता है, उतनी ही मात्रा बाहर निकल जानी चाहिए। द्रव जल निकासी कोण नामक क्षेत्र से होकर बाहर निकलता है। यह प्रक्रिया आँख के अंदरूनी दबाव को बनाए रखती है। इंट्राओकुलर दबाव स्थिर कहा जाता है।




## SUPER SPECIALITY LASER CENTRE GHURKARI MATOUR (KANGRA)

98161-64471, 94181-92909, 97361-15917, 98054-18323, 97362-78311, 98162-79944
Tel: 01892-264848 (OFF.) 01892-265311 (Reception), Email: smeyehospital@gmail.com




दैनिक समाचार पत्र
अनंत ज्ञान
का उपलब्धियों भरा
प्रथम वर्ष
पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं

1 वर्ष सफलता भरा

# थार का नमक
## राजस्थान का अनमोल खजाना

RICH IN NATURAL MINERALS
MILD SALT
SUSTAINABLE
FREE FROM MICROPLASTICS
SOURCE OF NATURAL ZINC • Zn •
FOR DAILY COOKING




For Distribution Enquiry : +91 98335 51688 queries@lunn.in www.lunn.in




AVAILABLE @
amazon bigbasket SAHAKARI BHANDAR
Natures Basket 1mg JioMart
Sahi Quality Sahi Price

# लुहणू में अपार जनसमूह ने सुक्खू सरकार की नीतियों पर लगाई मुहर

## प्रदेशभर से उमड़ी भीड़ के आगे छोटा पड़ गया रैली स्थल, मुख्यमंत्री के फैसलों और कार्यों से गदगद दिखी जनता

**शुभम राही, बिलासपुर**



प्रदेश की कांग्रेस सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर लुहणू मैदान में आयोजित रैली में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी। जनता ने अपार स्नेह प्रकट करते हुए सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की नीतियों और निर्णयों पर अपनी मुहर लगाई। लोगों की भीड़ के आगे रैली स्थल छोटा पड़ गया और लुहणू मेला ग्राउंड में लोगों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था करनी पड़ी। बिलासपुर शहर से लेकर लुहणू मैदान तक चारों ओर जनसैलाब था।

मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रति लोगों का बेहद उत्साह था। मुख्यमंत्री ने भी जनता को मान-सम्मान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रैली को लेकर लोगों में इतना उत्साह था कि मंगलवार रात से ही बिलासपुर में जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। युवा व महिला कार्यकर्ता नारेबाजी करते और गीत गाते हुए रैली स्थल पर पहुंचे। प्रदेश सरकार के दो साल के कार्यकाल में हुए निर्णयों और पूरी की गई 7 गारंटियों से जनता गदगद दिखी।

प्रदेश के हर कोने से लोग बिलासपुर पहुंचे और मुख्यमंत्री और पूरी सरकार को अपना आशीर्वाद दिया। ओपीएस से लाभान्वित कर्मचारियों और कंप्यूटर शिक्षकों ने बेहतर निर्णयों के लिए सरकार का सम्मान किया। पूरी कांग्रेस पार्टी और सरकार एकजुट दिखीए जिससे लुहणू मैदान में दोसाला समारोह का सफल आयोजन हुआ।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के प्लेकार्ड हाथों में लेकर उनकी हौसलाअफजाई की।

जनसैलाब से मुख्यमंत्री सुक्खू और उनकी सरकार का मनोबल और बढ़ा है। सरकार आने वाले दिनों में दोगुने उत्साह के साथ अनेक जनहितैषी फैसले लेगी। जिसके संकेत मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी रैली के दौरान अपने संबोधन में दे दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा ने राज्यपाल को कांग्रेस सरकार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अगुवाई में प्रदेश के राज्यपाल महोदय शिव प्रताप शुक्ल को कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा गया। इनके साथ भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, पूर्व मंत्री, विधायक और प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा ने राज्यपाल को वर्तमान कांग्रेस सरकार के 2 वर्ष के काले कारनामों का कच्चा चिट्ठा सौंपा है। वर्तमान कांग्रेस सरकार का 2 वर्ष का यह कार्यकाल प्रदेश के इतिहास में काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा क्योंकि इस दौरान भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी इस सुक्खु सरकार ने मित्रों को अनैतिक रूप से लाभ पहुंचाकर, फिजूल खर्ची को बढ़ावा देकर और आर्थिक कुप्रबंधन कर जहां प्रदेश को आर्थिक दिवालियापन के कगार पर खड़ा कर दिया वहीं कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए खनन, ड्रग, शराब, कबाड़, वन व भू-माफिया को सरंक्षण दें प्रदेश में माफिया राज स्थापित कर दिया।

यही नहीं कांग्रेस की इस सरकार ने जहां जन विरोधी निर्णय लेकर प्रदेश की जनता को त्रस्त करने का काम किया, वहीं कई अजीबो-गरीब फैसले लेकर प्रदेश को देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मज़ाक का विषय बना दिया। हिमाचल प्रदेश भारतीय जानता पार्टी वर्तमान प्रदेश सरकार के 2 साल के कार्यकाल पूरा होने पर इस सरकार के काले कारनामों का कच्चा चिट्ठा प्रस्तुत कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के छोटे से दो साल के कार्यकाल में यह कांग्रेस सरकार घोटालों की सरकार साबित हुई है। पहला मुख्यमंत्री कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा: सुखविंदर सिंह सुक्खु द्वारा मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभालते ही मुख्यमंत्री कार्यालय में रहे एक कर्मचारी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को एक गुमनाम पत्र लिख कर आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत एक अधिकारी, बिजली बोर्ड के आलाधिकारी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। पत्र में आरोप लगाया गया था कि किन्नौर स्थित शोंग-टोंग-कड़छम हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट बनाने वाली मैसर्ज पटेल इंजीनियरिंग कंपनी द्वारा 25 करोड़ रुपए इन अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय में दिए। अब यह आरोप इसलिए सत्य लग रहा है क्योकि हिमाचल सरकार हिमाचल प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल.) के माध्यम से अनेक तरह के लाभ इस कंपनी को पहुंचा रही है जैसे एचपीपीसीएल ने अपने बोर्ड की बैठक में कार्यपूर्ति की समय अवधि को दूसरी बार बढ़ा दिया।

प्रोजेक्ट समय पर पूरा न करने पर 162 करोड़ रुपए के जुर्माने को न लगाकर 1765 दिनों की समय अवधि और बढ़ा दी। दूसरा, घाटे पर चल रही इस कंपनी को 150 करोड़ का काम बढ़ा कर 288 करोड़ रुपए में दे दिया। यही नहीं, मलवा हटाने का रेट भी 67 रुपय/क्यूबिक मीटर से बढ़ाकर 88 रुपए/ क्यूबिक मीटर कर दिया और मलवे की मात्रा भी 1,74,000 क्यूबिक मीटर से बढ़ाकर 3,74,000 क्यूबिक मीटर कर दी जो भ्रष्टाचार का एक स्पष्ट प्रमाण है।

हिमाचल सरकार के आबकारी एवं कराधान विभाग ने इस वर्ष के लिए फ़रवरी-मार्च 2024 में शराब के ठेकों की नीलामी की जिसमें बहुत बड़ा घोटाला घटा। एक तो विभाग ने जिलों में छोटे यूनिट मिलाकर बड़े यूनिट बना दिया, अर्थात यूनिट बड़े बना दिए ताकि चहेते ठेकेदारों को ज्यादा काम मिल सके।

सरकारी जंगलों में अवैध रूप से खैर की कटान भी करवाया जा रहा है जिसके कारण प्रदेश की वन सरपदा ही तबाह हो रही है। छठा हिमाचल ऑन सेल, वर्तमान प्रदेश सरकार में बड़े पैमाने पर हिमाचल प्रदेश की संपत्तियों को बेचना शुरू कर दिया है और पर्यटन निगम इसका एक उदाहरण है। पर्यटन निगम के कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत कर्मचारियों की देनदारियों को लेकर एक मामला माननीय उच्च न्यायालय में दर्ज किया जिसमें जानबूझकर पर्यटन निगम ने अदालत के आदेश पर जो रिपोर्ट अदालत में रखी उसमे पर्यटन निगम के उन 18 होटलों को घाटे में दर्शा दिया जो प्राइम स्थानों पर चल रहे हैं।

अदालत द्वारा पूछे जाने पर की पर्यटन निगम इन्हें कैसे लाभ में लाएगा, सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके परिणाम स्वरूप अदालत ने इन होटलों को बंद करने के आदेश दे दिए, और अभी मामला स्टे पर है परंतु आरोप यह है की सरकारी वकीलों ने मामले की पैरवी इसलिए ढंग से नहीं की ताकि बंद होने पर इन होटलों को अपने चहेतों को बेचा जा सके।

# प्रतिभा सिंह ने कहा- हिमाचल प्रदेश को आगे में स्व. वीरभद्र सिंह का रहा है योगदान



**बिलासपुर** नगर के लुहणू खेल परिसर में आयोजित सुक्खू सरकार के दो साल के जश्न आयोजन पर स्व. वीरभद्र सिंह को याद किया गया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि हिमाचल को डॉ. यशवंत सिंह परमार ने राज्य बनाया है और इसको आगे बढ़ाने के लिए स्व. वीरभद्र सिंह का अहम योगदान रहा है। आज हिमाचल अगर इतनी उच्चाईयों में है तो उनमें वीरभद्र सिंह को मुख्य भूमिका रही है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि राजीव शुक्ला ने यहां आकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। प्रतिभा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गरीब लोगों, अनाथ बच्चों को सहारा देने की बात की है। इस दिशा में बहुत बेहतरीन काम किए। पार्टी के अध्यक्ष खरगे का भी हमेशा आर्शीवाद रहा। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी का भी हमेशा आर्शीवाद रहा। सरकार ने जो काम किए हैंए उसके बारे में परिचित हैं। भाजपा के लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। यह सही नहीं है। ये रैलियां निकाल रहे हैं। जब वह दिल्ली में सांसद थीं तो भाजपा के सांसदों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री से आपदा में मदद की बात करते हैं।

किसी ने भी एक नहीं सुनी। वह खुद प्रधानमंत्री से मिलीं और उन्हें याद करवाया कि वह हिमाचल को दूसरा घर कहते हैं। पर बड़े अफसोस की बात है कि प्रदेश की कोई मदद नहीं की गई। प्रतिभा सिंह ने कहा कि आपदा से जूझते हुए प्रदेश में विकास कार्यों की गति की रफ्तार रुकी। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि है।

देवी-देवताओं का मानने वाले हैं। उन्होंने जीवन के 65 साल हिमाचल की सेवा में लगाए। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश की सरकार को पटरी पर लाने का काम सीएमए डिप्टी सीएम और मंत्रियों ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता की सेवाओं में हमेशा तत्पर रही हैं और रहेगी।

# सीएम के भाषण में आक्रामकता बुजुर्गों के साथ स्नेह ने जीता दिल



'मां नयना देवी की जय', 'बाबा बालक नाथ की जय'। मुख्यमंत्री के भाषण के साथ ही बिलासपुर के लुहणू मैदान में जमा लगभग 30 हजार लोगों की जनसभा इन जयकारों के साथ गूंज उठी। मां नैना देवी और बाबा बालकनाथ के उदघोष के साथ सुक्खू ने अपने भाषण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में आक्रामकता दिखाई और भाजपा पर ताबड़ तोड़ हमले किए। अपने भाषण के दौरान हिमाचल प्रदेश के विकास का विजन प्रदेश की जनता के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उनके घर में घेरा तो वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर भी जम कर निशाना साधा। साथ ही सुक्खू ने भाजपा को धड्डेबाजी पर घेरा और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं में धधक रहे ज्वालामुखी पर चुटकी ली। मुख्यमंत्री ने देश की स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया और उनके साथ मुख्यमंत्री एक अलग तरह का लगाव लगा। मुख्यमंत्री का यह अंदाज सीधे लोगों के साथ जुड़े गया और उनका यह व्यक्तित्व लोगों को भा गया।

# गलत आरोप लगाना भाजपा की फितरत : राजीव शुक्ला

भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह जिला बिलासपुर में बुधवार को सुक्खू सरकार पूरी तरह से शक्तिप्रदर्शन में दिखाई दी। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजीव शुक्ला बतौर मुख्यातिथि पहुंचे।

ऐसे में कांग्रेस के एका-एक मंत्रियों ने एक तरफ जहां अपनी सरकार और अपने विभागों की उपलब्धियां गिनाई तो वहीं भाजपा पर भी खूब जुबानी हमला बोला। राजीव शुक्ला ने कहा कि भाजपा की फितरत है कि वह गलत आरोप सरकार रहते भी लगाती थी और अब सत्ता से बाहर है तब भी लगाते आएंगे, लेकिन इनको जवाब कांग्रेस ने नहीं बल्कि हिमाचल की जनता ने मुंह तोड़ दिया। चाहे फिर वह हिमाचल में विधानसभा चुनाव हो या फिर उपचुनाव। इस दोनों चुनावों में हिमाचल की जनता ने भाजपा को मुंह की खानी पड़ी हैं।



# आनी बस हादसे में घायल व्यक्ति ने आईजीएमसी शिमला में तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी उपमंडल प्रशासन ने आईजीएमसी शिमला में आनी के शकैलड़ बस हादस के घायलों से मुलाकात की। बीते दिन हादसे के पश्चात घायल लोगों में से 5 लोगों को रामपुर अस्पताल और 22 लोगों को आईजीएमसी अस्पताल रेफर किया गया था।

नायब तहसीलदार कांशी राम भारती का कहना है कि तीन लोगों की मृत्यु बीते दिन हो चुकी है और एक और व्यक्ति राजेंद्र (73 वर्ष) पुत्र बख्शी राम टिपरी (छतरी) ने बुधवार प्रातः आईजीएमसी में दम तोड़ा है।

नायब तहसीलदार आनी कांशी राम भारती की अगुआई में प्रशासन के दल ने अस्पताल का दौरा किया और हादसे में घायल सभी लोगों का कुशलक्षेम जाना। वहीं आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार और करसोग के विधायक दीप राज ने शिमला में आनी बस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दाखिल व्यक्तियों का कुशलक्षेम जाना।



घायलों का हाल जानते विधायक लोकेंद्र व अन्य।

# शिमला में प्राकृतिक 'रिंक' पर आइस स्केटिंग सत्र की शुरुआत



**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला में इस मौसम के पहले 'आइस स्केटिंग' सत्र की बुधवार को शुरुआत हुई और इसी के साथ ही यहां सर्दियों के मौसम का आकर्षण और बढ़ गया है।

एशिया के सबसे बड़े 'आइस स्केटिंग रिंक' पर बड़ी संख्या में लोग बर्फ पर 'ग्लाइडिंग' के रोमांच का आनंद लेने के लिए एकत्र हुए हैं। पिछले साल 'आइस स्केटिंग' सत्र की 18 दिसंबर को शुरुआत हुई थी। इस साल यह नौ दिसंबर से प्रारंभ होना था, लेकिन भारी बारिश और हिमपात के कारण इसमें खलल पड़ा और दो दिन विलंब से इसका उद्घाटन हुआ। 'आइस रिंक' के तैयार होने के लिए साफ़ आसमान और कम तापमान जरूरी है। आइस रिंक वह क्षेत्र होता है जहां सतह पर बर्फ की मोटी परत होती है जिस पर स्केटिंग की जा सके।

बर्फबारी के बाद तापमान में तेजी से आई गिरावट स्केटिंग के शौकीनों के लिए लाभदायक साबित हुई है, क्योंकि दो दिन के भीतर ही पानी के फिर से जमने के कारण बर्फ की मोटी परत बन गई है। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के आयोजन सचिव रजत मल्होत्रा ने बताया कि पहला आधिकारिक (सुबह का) सत्र आज शुरू हो गया।

# सेल्फी लेते हुए फिसला पैर, एक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो बिलासपुर**

बिलासपुर व मंडी जिला की सीमा में पड़ती सौल खड्ड में सलापड़ के पास सैल्फी लेने के चक्कर में जमथल बिलासपुर के दो युवक डूब गए, जिसमें एक की मौत हो गई है। जबकि दूसरा गंभीर हालत में है। जिसका उपचार बिलासपुर एम्स में चल रहा है। मृतक की पहचान आकाश गुंजन (17) पुत्र अनिल निवासी जमथल जिला बिलासपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक जमथल गांव के 4 किशोर बिलासपुर एवं मंडी जिले की सीमा पर स्थित सौल खड्ड में सैल्फी लेने एवं रील बनाने के लिए गए थे। इस दौरान ये किशोर एक चट्टान पर बैठकर सैल्फी ले रहे थे और रील बना रहे थे। इस दौरान आकाश गुंजन का पांव फिसल गया और वह खड्ड में गिर पड़ा। इसको देखकर उसके साथी उसे बचाने के प्रयास में खड्ड में कूद पड़े। इस दौरान उसका एक साथी अनमोल उर्फ गोलू भी पानी में गिर गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। साथियों ने दोनों को बाहर निकाला, लेकिन आकाश गूंजन की डूबने से मौत हो गई थी।

आकाश गूंजन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में प्रथम वर्ष का छात्र है और अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

वहीं अनमोल द्वितीय वर्ष का छात्र है। सभी युवक गांव जमथल के पूर्व उप प्रधान शंकर सिंह ठाकुर के परिवार के हैं।

संबंधित मामला सुंदरनगर थाने के तहत आता है। जिस कारण इस मामले की जांच सुंदरनगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

# निजी बसों में भी होगा इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन इस्तेमाल, निर्देश जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में एचआरटीसी के बाद अब निजी बसों में भी इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीन (ईटीएम) का इस्तेमाल होगा। इस संबंध में परिवहन विभाग ने जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं।

2 दिसंबर को निजी स्टेज कैरिज बस ऑपरेटरों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें निजी बस ऑपरेटरों के अध्यक्ष ने एचआरटीसी बसों की तर्ज पर निजी बसों में इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीनों के उपयोग के लिए आवश्यक सलाह/दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया था।

इसका मकसद पारदर्शिता, जवाबदेही और कुशल किराया संग्रह सुनिश्चित करना, कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और यात्री अनुभव को बेहतर बनाना है। अब परिवहन विभाग ने राज्य में सभी स्टेज कैरिज बसों में इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीनों (ईटीएम) की स्थापना और उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 9 तरह के निर्देश जारी किए हैं।

निदेशक परिवहन विभाग डीसी नेगी ने सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को कहा है कि स्टेज कैरिज बसों में इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग मशीनों की खरीद और स्थापना के लिए निजी बस ऑपरेटरों को प्रोत्साहित करें।

# हिमाचल कैबिनेट की बैठक आज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कैबिनेट की बैठक वीरवार सुबह 11 बजे राज्य सचिवालय, शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक कई मायनों में अहम मानी जा रही है। मंत्रिमंडल की इस बैठक में प्रदेश सरकार धर्मशाला में आयजित होने जा रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर रणनीति बनाएगी। बैठक में सरकार कई अहम फैसले लेगी।

बैठक में लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन को मंजूरी, शीत सत्र की तैयारियों पर मंत्रणा के अलावा विभिन्न विभागों में रिक्तियां भरने पर भी निर्णय हो सकते हैं।



**सेवा** छोटी है या बड़ी, इसकी कीमत नहीं है। किस भावना से, किस दृष्टि से वह की जा रही है, उसकी कीमत है। -विनोबा भावे

## संपादकीय

# आत्मनिर्भर हिमाचल

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आर्थिक बदहाली और कई चुनौतियों को पार कर अपने दो साल सफलतापूर्वक पूरे किए। बिलासपुर के लुहणू मैदान पर हुए जश्न के साथ-साथ सरकार ने प्रदेशवासियों को कई सौगातें दीं। सुक्खू सरकार के द्विवार्षिक जश्न में व्यवस्था परिवर्तन की झलक दिखी। सीएम सुक्खू सत्ता संभालने के साथ ही व्यवस्था परिवर्तन की बार-बार बात करते हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में कई व्यवस्थाओं में वाकई परिवर्तन भी किया, ऐसा इस रैली में साफ दिखा। जनता जनार्दन के लिए सरकार ने छह योजनाओं की लॉन्चिंग कर यह दिखा दिया है कि हिमाचल अब आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। रैली में सुक्खू सरकार ने आगामी तीन सालों के लिए कई लक्ष्य निर्धारित किए और उन्हें हासिल करने के लिए परिपक्व योजना भी बनाई। जिस तरीके से बिलासपुर में प्रदेश के कोने-कोने से भीड़ जुटी थी, उसे देखकर ऐसा लगा कि सरकार की लोकप्रियता में जरा भी गिरावट नहीं आई है।

दूसरी ओर देखा जाए तो विपक्षी भाजपा ने सरकार के इस कार्यक्रम को फ्लॉप करने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए, लेकिन इसके बावजूद सुक्खू सरकार ने यहां सफल आयोजन कर विरोधियों की बोलती बंद कर दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के गृह जिले में आयोजित जश्न में कांग्रेस ने एक तरह से राजनीतिक संदेश दे दिया है कि वह किसी भी तरह से प्रदेश में कमजोर नहीं है और मजबूती के साथ खड़ी है। भाजपा ने प्रदेशभर में सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए बेशक प्रदर्शन कर लिए हों, लेकिन सुक्खू सरकार ने भी अपनी उपलब्धियां गिनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वैसे भी विपक्ष का काम तो सरकार की आलोचना करना ही होता है, लेकिन इस बात की दाद देनी पड़ेगी कि बगैर केंद्र की सहायता के सरकार ने चाहे लोन के सहारे ही सरकार चलाई, लेकिन जरा भी अपने फैसलों से डगमगा नहीं पाई। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के जश्न के कई संदेश हैं। यह जश्न सरकार की दो साल की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था। जश्न के साथ भविष्य की राह सरकार ने जरूर दिखाई है, लेकिन सवाल यह है कि आर्थिक माली हालत से जूझ रहा प्रदेश आगामी कार्यकाल में क्या कुछ करता है। यह जश्न सरकार की उपलब्धियों का जश्न था। जाहिर है इसमें सरकार ने अपनी उपलब्धियों को गिनाने का काम किया, लेकिन भविष्य की राजनीति किस तरह करवट लेगी, यह कोई जानता नहीं है। प्रदेश कांग्रेस का संगठन अब नए सिरे से तैयार होना है। सरकार के सामने यह भी बड़ी चुनौती है कि किसे संगठन का हिस्सा बनाए और किसी बाहर का रास्ता दिखाए। सरकार हमेशा विपक्ष के निशाने पर रही। राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग एपिसोड से सरकार अब बाहर निकल आई है, लेकिन विरोधियों की चालों का दमन करने के लिए सुक्खू सरकार को भी निश्चित रूप से कारगर नीति बनानी होगी।

यह जश्न विपक्ष को चुनौती देने के लिए भी आयोजित किया गया था, जैसा कि भारतीय जनता पार्टी ने जन आक्रोश सभा का आयोजन करके दिखाया है। जश्न के बहाने सरकार ने जनता के साथ जुड़ाव का संकेत दिया है और जनता ने इस रैली में पहुंचकर जिस तरीके से सरकार की बल्ले-बल्ले करवाई उसे देखकर निश्चित रूप से भाजपा परेशान हुई होगी। यह जश्न जनता के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए था और जश्न में सरकार ने जनता का दिल जीतने की भरपूर कोशिश की। लोगों ने सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी हासिल की और अब उन्हें इन नीतियों और नई परियोजनाओं के फलीभूत होने की उम्मीद है। अब यह सरकार पर निर्भर करेगा कि वह किस तरीके से अपनी योजनाओं को अमलीजामा पहनाती है। सरकार की कार्यशैली यूं तो अब तक जनता की नजर में ठीक ही प्रतीत हो रही है, लेकिन जनता के मन में क्या छिपा होता है, यह जनता ही जानती है। आखिर जनता ही प्रदेश के लिए प्रतिनिधित्व तय करती है कि किस पार्टी को वह सत्ता पर काबिज होने के लिए मौका दे, यह भी उसी के निर्णय पर निर्भर करता है। बहरहाल, सुक्खू सरकार का जश्न कई मायनों में जनता के लिए सुखद सौगात दे गया। सरकार से उम्मीद की जानी चाहिए कि वह जनता के लिए विकास की मार्फत और भी कई अच्छी और बेहतर नीतियां लेकर आएगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ी

**युवराज** सिंह भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ी हैं। इन्होंने टी-ट्वेंटी विश्व कप 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ 6 गेंदों में 6 छक्के लगाए थे और टी-ट्वेंटी में 12 गेंदों में अर्धशतक बनाने का विश्व रिकॉर्ड भी इनके नाम है। एशिया में आयोजित विश्व कप 2011 को भारतीय क्रिकेट टीम ने जीता, इसमें अहम भूमिका निभाने वाले युवराज सिंह को 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। इन्हें सन 2014 में 'पद्मश्री' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।



युवराज सिंह
जन्म : 12 दिसंबर, 1981

युवराज सिंह का जन्म चंडीगढ़ में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। इनके पिता योगराज सिंह हैं, जो कि एक पूर्व भारतीय क्रिकेटर रह चुके हैं। साथ ही इनके पिता पंजाबी फिल्म के अभिनेता भी हैं। युवराज सिंह की माता शबनम सिंह हैं। इनके भाई जोरावर सिंह हैं। युवराज सिंह को बचपन में टेनिस और रोलर स्केटिंग जैसे खेलों में रुचि थी और वे इसमें काफी अच्छे भी थे। युवराज सिंह ने अपने करियर की शुरुआत 11 साल की उम्र में पंजाब अंडर-12 से नवंबर सन 1995-1996 में जम्मू और कश्मीर अंडर-16 के खिलाफ की। इसके बाद सन 1996-1997 में इन्होंने पंजाब अंडर-19 से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मैच खेला। इसी तरह इन्होंने सन 2000 तक भारत में राष्ट्रीय लेवल में मैच खेले। इसके बाद इन्होंने सन 2000 में ही अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप, जिसमें मोहम्मद कैफ की कप्तानी में भारत ने जीत हासिल की थी, युवराज ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड' हासिल किया। सन 2011 के वर्ल्डकप में इन्हें 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड' मिला। इन्हें सन 2012 में भारत के राष्ट्रपति 'प्रणव मुखर्जी' द्वारा भारत का दूसरा सबसे बड़ा खेल रत्न अवार्ड 'अर्जुन पुरस्कार' से नवाजा गया। इन्हें सन 2014 में 'पद्मश्री' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। ■



राकेश डोगरा

कविता

## क्षणिकाएं

*ईमान बेच दे गर जीना है,*
*उसूलों को रख ताक पर।*
*बढ़ा-चढ़ाकर बॉस संग,*
*एक-दूजे की बात कर।।*
*फिर चाहे तू कर मनमानी,*
*या चाहे कर शोषण।।।*
*बॉस रहेंगे मेहरबान,*
*होगी प्रतिवर्ष प्रमोशन।1*
*मेरे साहिब बड़े चतुर हैं,*
*यूं तो सब कुछ जाने।*
*गर मैं उनसे झूठ भी बोलूं,*
*तो भी सच ही माने।।*
*साहिब को मुझ पर विश्वास,*
*मैं साहिब का खासमखास।।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# ईमानदारी, व्यक्तित्व विकास व व्यवहार की उत्तम अवस्था



व्यक्ति संसार में जीवनयापन करता है तथा उसकी पहचान समाज में उसके अच्छे-बुरे आचरण के कारण बनती है। इस अच्छे-बुरे व्यवहार के साथ ही व्यक्ति के आदान-प्रदान या लेन-देन की स्थिति भी व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा होती है। इस स्थिति में लेन-देन के उचित निर्वाहन की स्थिति साधारण शब्दों में व्यक्ति की ईमानदारी कहलाती है। ईमानदारी एक नैतिक मूल्य है। इसका मतलब है कि व्यक्ति सच्चा हो, दूसरों के साथ सही और न्यायिक तरीके से पेश आता हो और अपने वचनों पर खरा उतरे। ईमानदार व्यक्ति में ये गुण होते हैं-ईमानदारी , सम्मान, निष्ठा, सत्यनिष्ठा का अर्थ है चरित्र या कार्य की सच्चाई।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

ईमानदारी का तात्पर्य किसी भी तरह से झूठ बोलने, चोरी करने या धोखा देने से इनकार करना है। सम्मान से तात्पर्य किसी के पेशे, व्यवसाय या पद के मानकों के प्रति सक्रिय या उत्सुकतापूर्ण सम्मान से है। सच्चाई का पालन, वचनबद्धता, न्याय, संवेदनशीलता, अहिंसा, अखंडता, विश्वास ईमानदारी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फायदे हैं। ईमानदार व्यक्ति को लोग सम्मान देते हैं तथा ईमानदार व्यक्ति के साथ मजबूत संबंध बनते हैं। ईमानदार व्यक्ति को सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाती है। ईमानदार व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है। ईमानदार व्यक्ति को मन की शांति मिलती है। ईमानदार व्यक्ति में चिंता और तनाव कम होता है। इसके अलावा ईमानदार व्यक्ति बेहतर फैसले लेता है। ईमानदार का तात्पर्य नैतिक सिद्धांतों का सख्ती से पालन करना है। ईमानदारी सच्चाई, स्पष्टवादिता या निष्पक्षता जैसे गुणों के पालन पर जोर देती है। यह केवल सचेत चुनाव और सही या न्यायसंगत बात के नियमित अभ्यास पर जोर देता है। सत्यनिष्ठ, नैतिक, निष्पक्ष, झूठ नहीं बोलना या धोखा न देने वाला ही एक ईमानदार व्यक्ति है। न्यायप्रिय, सम्माननीय, निष्पक्ष, ईमानदार, सिद्धांतवादी, नैतिक, भ्रष्टाचार रहित, अच्छा, नैतिक, कर्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ, सच्चा, विश्वसनीय व्यक्ति ही ईमानदार होता है।

ईमानदारी का तात्पर्य किसी भी तरह से झूठ बोलने, चोरी करने या धोखा देने से इनकार करना है। सम्मान किसी के पेशे, व्यवसाय या स्थिति के मानकों के लिए सक्रिय या उत्सुक सम्मान का सुझाव देता है। अखंडता एक हद तक भरोसेमंदता और अखंडता को दर्शाती है कि कोई व्यक्ति किसी विश्वास जिम्मेदारी या प्रतिज्ञा के लिए झूठ बोलने में असमर्थ है। ईमानदारी का अर्थ जीवन के सभी आयामों में एक व्यक्ति के लिए सच्चा होना है। इसके अंतर्गत किसी से भी झूठ न बोलना, कभी किसी को भी बुरी आदतों या व्यवहार से तकलीफ नहीं देना शामिल है। ईमानदार व्यक्ति कभी भी उन गतिविधियों में शामिल नहीं होता, जो नैतिक रूप से गलत होती हैं। ईमानदार व्यक्ति सच्चे और पारदर्शी होते हैं और वे एक सख्त नैतिक संहिता का पालन करने का प्रयास करते हैं जो ईमानदारी, निष्पक्षता और सीधेपन को महत्व देता है। वे दूसरों को धोखा नहीं देते या हेरफेर नहीं करते और वे अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेते हैं, तब भी जब ऐसा करना मुश्किल होता है।

व्यक्ति हमेशा सच बोलना चुनता है, वह ईमानदार व्यक्ति होता है। ईमानदार व्यक्ति में, उसकी ईमानदारी से संबंधित मानसिक विशेषताएं अपेक्षाकृत सामान्य परिस्थितियों के स्पेक्ट्रम में ईमानदार व्यवहार की ओर ले जानी चाहिए। ईमानदारी या सत्यनिष्ठा नैतिक चरित्र का एक पहलू है जो सत्यनिष्ठा, सच्चाई, सरलता जैसे सकारात्मक और सद्गुणों के साथ-साथ झूठ, धोखाधड़ी, चोरी आदि की अनुपस्थिति को दर्शाता है। हमें ईमानदार इसलिए रहना चाहिए क्योंकि ईमानदारी ही विश्वास को जन्म देती है। जब हम अपना कोई भी कार्य ईमानदारी से करेंगे, तो लोग हम पर सहज होकर विश्वास करेंगे। ईमानदारी विश्वास का मूल है। जब हम सबका विश्वास जीत लेंगे, तो हमारे लिए जीवन न केवल आसान हो जाएगा, बल्कि सफलता का मार्ग भी सुगम हो जाएगा।

ईमानदारी और कौशल दोनों ही महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ईमानदारी कौशल से ज्यादा मूल्यवान है। इसका कारण यह है कि ईमानदारी एक मूलभूत मूल्य है जो विश्वास, सम्मान और विश्वास पात्रता को जन्म देती है। जब लोग ईमानदार होते हैं, तो वे दूसरों के साथ सच्चे और पारदर्शी होते हैं। वे अपने शब्दों और कार्यों में एकरूप होते हैं। ईमानदारी हमें जीवन जीने का आत्मविश्वास और सम्मान देती है। हम लोगों का सम्मान और विश्वास अर्जित करते हैं। ईमानदारी हमें एक सद्गुणी और सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करती है। ईमानदारी के लिए साहस और निर्भीकता की आवश्यकता होती है। ईमानदारी का मतलब है सच्चाई। अगर कोई व्यक्ति ईमानदार बनना चाहता है, तो उसे जीवन में सच बोलना सीखना चाहिए। इसके अलावा, ईमानदार होने से व्यक्ति का नैतिक चरित्र मजबूत होगा, वह अच्छा व्यवहार करना सीखेगा, अनुशासन बनाए रखेगा, नियमों और विनियमों का बुद्धिमानी से पालन करेगा और हमेशा समय का पाबंद रहेगा। ईमानदारी चौबीस सार्वभौमिक चरित्र शक्तियों में से एक है और साहस की गुण श्रेणी में आती है। यह दूसरों के साथ प्रामाणिक होने और खुद के प्रति सच्चे होने के बारे में है। इसमें सच बोलना, वास्तविक होना और ईमानदारी से काम करना शामिल है। आप इस ताकत को किसी ऐसे व्यक्ति में देख सकते हैं, जो अपनी कमजोरियों को दूसरों के साथ साझा करता है। ईमानदारी हर रिश्ते की नींव का आवश्यक स्तंभ है।

यह एक व्यक्ति और उसके आसपास के लोगों के साथ उसके संबंधों को बनाने या बिगाड़ने की शक्ति रखता है। कुछ मामलों में, अत्यधिक ईमानदार होना कुछ कारणों से व्यावसायिक संस्कृति में कमजोरी के रूप में देखा जा सकता है। लोगों को डर हो सकता है कि बहुत ईमानदार होना टकराव या संघर्ष का कारण बन सकता है, जो व्यक्ति अपने जीवन में ईमानदारी का अभ्यास करता है, उसका नैतिक चरित्र मजबूत होता है। एक ईमानदार व्यक्ति अच्छा व्यवहार दिखाता है, हमेशा नियमों और विनियमों का पालन करता है, अनुशासन बनाए रखता है, सच बोलता है और समय का पाबंद होता है। एक ईमानदार व्यक्ति भरोसेमंद होता है, क्योंकि वह हमेशा सच बोलता है। एक ईमानदार व्यक्ति होने का मतलब है, अपने कार्यों के परिणामों की जिम्मेदारी लेना। अपनी गलतियों को स्वीकार करें और समस्याओं को हल करने का प्रयास करें। जिम्मेदारी लेना आपको ईमानदार और भरोसेमंद बनाता है। एक ईमानदार व्यक्ति दूसरे लोगों की भावनाओं और जरूरतों का सम्मान करता है। ईमानदारी एक अत्यंत महत्वपूर्ण आंतरिक गुण है यह कहीं खरीदी या बेची नहीं जा सकती अपितु व्यवहारिक रूप से अर्जित की जा सकती है। ईमानदारी वह व्यवहार है जिससे व्यक्ति शुद्ध चरित्रिक विशेषताएं दर्शाते हुए सबके कल्याण का कारण बनता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# तनाव से मुक्त रखने के उपाय

आप जीवन के अस्तित्व और सुख की चाह को तो स्वीकार करते ही हैं, क्योंकि उनका प्रत्यक्ष अनुभव आपको होता है। पुनर्जन्म आदि के कुछ सिद्धांत तो विवादास्पद हो सकते हैं, वे सर्वमान्य नहीं है, किंतु वर्तमान को सुखमय बनाने की मनुष्य की लालसा एवं क्षमता तो निर्विवाद है। सर्वप्रथम चिंतन और अवधारणा की इकाइयों के रूप में परस्पर जुड़ी हुई लगभग दस-बारह अरब कोशिकाओं से युक्त अत्यंत संवेदनशील मानव-मस्तिष्क को व्यर्थ बोझ और तनाव से मुक्त रखने के उपाय करना अत्यंत आवश्यक है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रत्येक मस्तिष्क-कोशिका (न्यूरोन) तंत्रिका निकाय नर्वस सिस्टम की एक अत्यंत सूक्ष्म इकाई होती है जो जटिलताओं के कारण विराटतम संकलक (कम्प्यूटर) की अपेक्षा भी अनंतगुणा विलक्षणा होती है। कोई भी दो न्यूरोन समान नहीं होते हैं तथा प्रत्येक न्यूरोन में लगभग दो करोड़ आरएनए अणु होते हैं, जिनमें से प्रत्येक जीव रसायन के चमत्कार से एक लाख प्रकार के प्रोटीन बना सकता है। चिंता और भय मानव के असीम शक्तिसंपन्न मस्तिष्क को, अनावश्यक बोझ डालकर, सतत क्षीण बनाते रहते हैं। आज की सभ्यता इस दिशा में मानव के लिए एक अभिशाप बन गई है। यदि आप निश्चय कर लें कि आपको चिंता एवं भय से मुक्त होकर सुखी रहना है तो आपका जीवन सुखमय हो जायगा।



आप विश्वास करें कि प्रकृति के सबसे बड़े चमत्कार, मानव-मस्तिष्क, में समस्याओं को चुनौती देने और संकटों से जूझने की अद्भुत क्षमता है, किंतु आपका संकल्प करना आवश्यक है। अत: आप आज ही और अभी वज्र संकल्प कर लें कि आपको सदा सुखी होना है और आप निश्चित रूप से सुखी हो सकते हैं।

बस अपने विचारों एवं सोचने के तरीकों में परिवर्तन लाने तथा जीवन के प्रति दृष्टिकोण को बदल डालने की आवश्यकता है। धैर्य से काम लें और इस संकल्प को पूरा करके छोड़ें। 'कारज धीरे होत है काहे होत अधीर। समय पाय तरुवर फरै, केतिक सींचौ नीर।' धैर्य रखो। धैर्य की महिमा अनंत हैं। धैर्य के साथ विश्वास एवं आशा को भी दृढत्र रखना सीखें। धैर्य धारण करना कठिन होता है, किंतु उसके फल मीठे होते हैं। जीवन का सार और सुख का रहस्य दो आंसुओं में निहित हैं-दूसरों के गम के आंसू पोंछकर प्रसन्नता का एक आंसू अर्जित करना तथा दूसरा आंसू एकांत में भाव-विभोर होकर प्रभु के प्रति कृतज्ञतापूर्वक बहाना कि उसने आपको सेवा करने का अवसर तथा उसके लिए क्षमता प्रदान की। बस इतना ही समस्त धर्मों का संदेश हैं । आज 'प्रोग्रेसिव' के नाम पर ईश्वरतत्व को नकारना एक फैशन हो गया है। ज्यों-ज्यों भौतिक प्रगति हो रही है, मानव की मानवता विलुप्त होती जा रही है। कलह और अशांति व्यापक रोग की भांति फैलते जा रहे हैं। अत:एवं आध्यात्मिकता की आवश्यकता बढ़ती जा रही है।

अशांति का उपाय आध्यात्मिकता है। धर्मों के नाम पर परस्पर घृणा का प्रचार करने वाले तथा युद्ध भड़काने वाले धर्म के तत्व एवं उद्देश्य को नहीं समझते हैं। अपनी व्यक्तिगत अनुभूति के आधार पर ईश्वरतत्व को पहचानना तथा अपने स्वभाव के अनुसार उसके साथ एक व्यक्तिगत नाता स्थापित करना ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग है। देश भाषा और ग्रंथ में बाह्य पवित्रता खोजने वाले लोग जरा आंतरिक भावनाओं की पवित्रता का भी तो महत्व समझें। ईश्वर का संबंध भावना से ही है, भाषा आदि से नहीं। धर्म के नाम पर घृणा-प्रचार एक हास्यास्पद विडंबना है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**अगर** बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रमों पर नजर डालें, तो ये बात बिलकुल स्पष्ट हो जाती है। एक दुखांत घटनाक्रम ने तब 1947 में 14 अगस्त को मजहब के नाम पर एक नए मुल्क का निर्माण किया गया था, तब एक बड़ी आबादी को इस दौरान उजड़ना पड़ा था। बहुसंख्यक मुस्लिम जहां स्वेच्छा से अपने नए मुल्क के लिए निकले वहीं पूर्वी बंगाल के हिंदुओं के लिए ये मुश्किलों भरा रहा। दरअसल, बांग्लादेश में जहां सन 1947 तक 40 फीसद से कहीं अधिक हिंदू जनसंख्या निवास कर रही थी। यहां के सभी 65 जिलों में हिंदू आबादी निवास करती है। इन कारणों का विचार करें, तो वर्तमान का बांग्लादेश जिस भूमि पर अवस्थित है वो अतीत के कई भारतीय रजवाड़ों की भूमि से मिलकर बना है। इससे असम के अहोम, मेघालय के जयंतिया और त्रिपुरा के त्रिपुरी हिंदू राजशाही का भी कुछ हिस्सा रहा है। **राजीव, गगल**

# गीता का कालातीत ज्ञान 'जहां कृष्ण हैं, वहां विजय है'

भारत के बच्चों ने अपने बचपन में जितनी भी कहानियां सुनी हैं, उनमें से महाभारत की कथा ने उन्हें अनेक सदियों से सबसे अधिक आकर्षित किया है। महाभारत-कथा कथानक, उपकथानकों, पात्रों और छलकपट इत्यादि विविध जटिलताओं से पूर्ण है, तथापि इसका सार गीता के संदेश में निहित है। श्रीमद्भगवद्गीता स्वयं भगवान् द्वारा अपने भक्त महान् पांडव योद्धा अर्जुन को प्रदान किए गए कालातीत, युगांतरकारी और शाश्वत एवं दिव्य धर्मोपदेश की एक अत्यंत उत्कृष्ट प्रस्तुति है।

लेखक : विवेक अत्रे
स्वतंत्र लेखक

ऐसा सत्य ही कहा गया है कि एक भक्त किसी समय में अपनी आध्यात्मिक यात्रा के जिस चरण में होता है, श्रीमद्भगवद्गीता यात्रा के उस खंड पर अपना प्रकाश डालती है। प्रत्येक वर्ष दिसंबर के महीने में संपूर्ण विश्व में गीता जयंती मनाई जाती है और विशेष रूप से इस अवधि में ज्ञानीजन इस महान् ग्रंथ में निहित गहन विषयों पर प्रकाश डालते हैं। जब कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन अपने ही 'संबंधियों' के विरुद्ध युद्ध करने के लिए इच्छुक नहीं थे तथा विषाद की स्थिति में थे, तो प्रत्युत्तर में भगवान् श्रीकृष्ण ने उन्हें अपने रूपांतरकारी एवं प्रेरक शब्दों के साथ परम सत्य का उपदेश दिया। श्री श्री परमहंस योगानंद द्वारा रचित पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' श्रीमद्भगवद्गीता और उसमें अंतर्निहित संदेश की एक अत्यंत गहन आध्यात्मिक व्याख्या है। योगानंदजी ने वैश्विक स्तर पर अत्यंत लोकप्रिय पुस्तक, 'योगी कथामृत' तथा अनेक अन्य अत्यधिक प्रेरणादायक आध्यात्मिक पुस्तकों का भी लेखन किया है। दो खंडों वाली पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' में योगानंदजी ने गीता के 700 श्लोकों के वास्तविक महत्व का विस्तृत विश्लेषण किया है।



श्री श्री परमहंस योगानंद

भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए दिव्य उपदेश का सार यह है कि हम सब आत्मा हैं, शरीर नहीं और अंतत: हमारे भीतर विद्यमान पांडवों को हमारे भीतर विद्यमान कौरवों पर विजय प्राप्त करनी होगी, ताकि आत्मा जन्म और मृत्यु के अंतहीन चक्रों से मुक्त हो सके। भगवान ने जिस प्रकार अपने शिष्य अर्जुन को सर्वोच्च युद्ध लड़ने का परामर्श दिया था, उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य को अपने अहंकार, आदतों, क्रोध, बुराई, वासना और भौतिक इच्छाओं पर विजय पाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि वह अंतिम मोक्ष प्राप्त कर सके। योगानंदजी बताते हैं कि महाभारत का प्रत्येक पात्र एक अद्वितीय गुण का प्रतीक है, जिसे हमें पराजित करना है अथवा उसका पोषण करना है—यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह गुण अंदर विद्यमान दुष्ट कौरवों का प्रतिनिधित्व करता है या नेक पांडवों का। योगानंदजी की 'क्रियायोग' शिक्षाओं में गीता का मूल संदेश निहित है। 'क्रियायोग' आत्म-साक्षात्कार का सर्वोच्च मार्ग है।

योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) द्वारा प्रकाशित योगानंदजी की गृह अध्ययन पाठमाला में 'क्रियायोग' ध्यान प्रविधियों के विषय में चरणबद्ध निर्देश सम्मिलित हैं। यह योगदान सत्संग पाठमाला सभी सत्यान्वेषियों के लिए उपलब्ध है तथा इस पाठमाला के माध्यम से लाखों भक्तों ने अपनी आध्यात्मिक खोज को तीव्र करने की क्षमता प्राप्त की है। श्रीमद्भगवद्गीता में ध्यान की इस उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रविधि 'क्रियायोग' का दो बार उल्लेख किया गया है। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी की 'लीला' के माध्यम से मानवजाति ने पुन: इसकी खोज की। बाबाजी ने अपने शिष्य और योगानंदजी के परम गुरु लाहिड़ी महाशय को इसका ज्ञान प्रदान किया। लाहिड़ी महाशय ने स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि को 'क्रियायोग' की दीक्षा प्रदान की और तत्पश्चात उन्होंने अपने प्रमुख शिष्य योगानंदजी को दीक्षा प्रदान की। भारत में एक कहावत है, 'जहां कृष्ण हैं, वहां विजय है!' वस्तुत: वे लोग अत्यंत भाग्यशाली हैं, जिन्होंने अपनी जीवनशैली का निर्माण गीता की शिक्षाओं के अनुरूप किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# दुश्मन भी कायल थे जोरावर सिंह की वीरता और शौर्य के

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी भारतीय सेना के इतिहास में आयुधजीवी जोरावर सिंह को सदा महान सेनानायक दूरदर्शी सैनिक एवं दूरदर्शी व महान योद्धा के रूप में याद किया जाता है। इस हिमाचली वीर ने अपने सैन्य जीवन में जो भी महान सफलताएं अर्जित की, उन्हें देखते हुए इस वीर की तुलना चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य से की जा सकती है, जिसने मध्य एशिया में हिंदुकुश पर्वत शृंखला पार कर बलख के कबाइलियों को पराजित किया।



लेखक : राकेश कुमार शर्मा
सहायक आचार्य इतिहास

आज आवश्यकता है कि हम भारत के इस वीर सपूत के साहसिक कार्यों की गाथा को प्रत्येक भारतवासी तक पहुंचाए, ताकि राष्ट्रभक्तों एवं वीरों की परंपरा सदैव ज्वलंत रहे। उत्तरी भारत की सीमाओं को सुरक्षित बनाने के लिए ऐतिहासिक योगदान के लिए जनरल जोरावर सिंह को हमेशा याद रखा जाएगा। जोरावर सिंह एक महान योद्धा, कुशल प्रसंशक व स्वामी भक्त थे। वे बहुत दूरदृष्टा थे। उनकी दूरदृष्टि का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें आज से लगभग 200 वर्ष पूर्व उत्तरी सीमा से भारत को होने वाले खतरे का आभास हो गया था। अत: उन्होंने सीमा विस्तार मैदानी क्षेत्रों की तरफ करने के बजाए दुर्गम भू-भाग की ओर किया। इस महान योद्धा की वीरता के परिणाम स्वरूप लद्दाख महाराजा गुलाब सिंह के राज्य का हिस्सा बना जो आज भारत का भू-भाग है। जोरावर सिंह का जन्म 13 अप्रैल, 1786 ई. को चन्द्रवंशी राजपूत हरजे सिंह ठाकुर के घर गांव अंसरा मौजा हथोल त. नादौन जिला हमीरपुर में हुआ।

गांव में भूमि विवाद को लेकर झगड़े के कारण वे घर छोड़ कर हरिद्वार चले गए। जम्मू में



उनकी मुलाकात महाराजा गुलाब सिंह से हुई। अब वह गुलाब सिंह की सेवा में आ गए। जब जोरावर सिंह को गुलाब सिंह की सेवा में आए तो उन्हें रियासी के किलेदार का सैनिक बनाकर भेजा।

जयंती विशेष

गुलाब सिंह ने उसे रसद आपूर्ति के लिए निरीक्षक नियुक्त किया।

अब वह महाराजा के विश्वसनीय अधिकारियों में एक था। 1820 में जोरावर सिंह को बजीर की उपाधि दी गई। उन्हें अब कर निर्धारण करने, स्वतंत्रतापूर्वक सेना का गठन करने व ईद-गिर्द की रियासतों को विजय करने की स्वतंत्रता दे दी गई। जब 1821 में महाराजा गुलाब सिंह ने किश्तवाड़ को अपने अधीन किया तो जोरावर सिंह को किश्तवाड़ का गर्वनर नियुक्त किया। वह इस पद पर 1836 तक रहा। अब उसने स्वतंत्रता पूर्वक सैनिकों को भर्ती करना शुरू कर दिया। यहीं पर लद्दाख व सुदूर हिमालय अभियान के लिए सेनाओं को प्रशिक्षित किया गया। जोरावर सिंह व उसकी सेना ने सुरु नदी घाटी में 1834 में लद्दाखी क्षेत्र में प्रवेश किया। उनका पहला सामना लद्दाखी सामंत बक्रासीस से हुआ। उसने डोगरा आक्रमण की सूचना लेह भेजी। 16 अगस्त, 1834 को टोग या स्टोग के युवा मंत्री दोरजे नामग्याल ने 5000 सैनिकों के साथ सकूं नामक स्थान पर डोगरा सेना को रोकने का प्रयास किया।

यहां पर लद्दाखी सेना पराजित हुई व पीछे हटने पर मजबूर हुई। जोरावर सिंह ने सुरू पर अधिकार करने के बाद सुरू कर्त्से का किला बनाया व वहां एक महीना रहा। लद्दाखी सेना ने मौसम का लाभ उठाते हुए डोगरा सेना पर हमला कर दिया। 12 दिसंबर, 1841 को डोगरा सेनापति जोरावर सिंह के कंधे पर गोली लगी और वह घोड़े से गिर गया। अब वह तलवार लेकर एक हाथ से लड़ता रहा। अंतत: वीरगति को प्राप्त हुआ। जोरावर सिंह के अवशेषों को तोयो के पास एक सतूप में रख दिया गया। जिसका नाम सिंह छोरतन (समाधि) रखा गया। विश्व के इतिहास में एक अनोखी घटना है कि विजेताओं ने बहादुर शत्रु सेनानायक की समाधि बनाई हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तोतारानी सब-स्टेशन के तहत आज पावर कट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। विद्युत उपमंडल मैक्लोडगंज के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 12 दिसंबर दिन वीरवार को 33/11 केवी तोतारानी सब-स्टेशन के अंतर्गत सामान्य रख-रखाव के चलते सतोबरी, नड्डी, भागसू नाग, धर्मकोट, डल लेक, दियाल, चांदमारी और साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

### उपमंडल डरोह के तहत कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, डरोह। विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि 13 दिसंबर को 33/11 केवी सब-स्टेशन कुरल के उचित रखरखाव एवं उपकरण सुधार हेतु विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वालीं ग्राम पंचायतों धीरा, नौरा, डईं, सुहाना, गगल खोली, भदरोल, काहनपट, औचा, रक्कड़, कुरल, डरोह, बारी, बस्केहड़, पीटीसी डरोह, अटयालादाई, भोडा, जैंद, खडुल, बोदा, कलेहड़, केदारा, मरूंह, भेडू ब्लॉक कार्यालय, सुलह, ननाओं, ककडैं व मट आदि में सुबह 9 से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### बिजली बोर्ड पेंशनर्स ने मांगों पर की चर्चा



अनंत ज्ञान, फतेहपुर। विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की जिला स्तरीय बैठक फतेहपुर में एक निजी रिजॉर्ट में इकाई फतेहपुर अध्यक्ष धर्मवीर कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पेंशनर्स फोरम जिलाध्यक्ष रिटायर अधिशाषी अभियंता आर आर राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पेंशनर्स की मांगों पर चर्चा करते हुए मांगों को विद्युत बोर्ड प्रबंधन व सरकार के समक्ष रखने की रणनीति बनाई गई। मीडिया को जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष आरआर राणा ने कहा कि आज की बैठक में पेंशनर्स ने अपनी मांगों को पूरा करने की आवाज उठाई ह। सरकार उनकी जायज मांगों को अनसुना कर रही है। ऐसा लगता है कि बोर्ड प्रबंधन पेंशनर्स को आंदोलन के लिए खुद मजबूर कर रहा है। बड़े खेद का विषय है कि विद्युत बोर्ड प्रबंधन खुद के आदेशों को भी अमलीजामा नहीं पहना रहा है जबकि कुछ-कुछ समय उपरांत नए आदेश निकाल रहा है। उन्होंने बोर्ड प्रबंधन व सरकार को चेताया कि ऐसा न हो कि हमें अपनी जायज मांगों को मनमाने के लिए परिवार को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ जाए। इसकी जिम्मेदारी बोर्ड प्रबंधन व सरकार की ही होगी। इस मौके इकाई नूरपुर, जवाली, इंदौरा व फतेहपुर के दर्जनों पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### श्रेय अवस्थी ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान, शाहपुर। कामगार कर्मचारी कांग्रेस के भूतपूर्व राज्य महासचिव श्रेय अवस्थी ने शिमला में भाजपा के मुख्यालय दीप कमल में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भारतीय जनता पार्टी के राज्य अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने श्रेय अवस्थी को भाजपा का पट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया। श्रेय अवस्थी जिला कांगड़ा के शाहपुर से ताल्लुक रखते हैं और इससे पहले वह दो बार एनएसयूआई के राज्य अध्यक्ष के पद के उम्मीदवार रहे हैं। वर्तमान में श्रेय अवस्थी हिमाचल प्रदेश अनइंप्लॉयड यूथ फेडरेशन के राज्य संयोजक भी हैं। भाजपा का दामन थामने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता खाली चल रहे सरकारी पदों को भरने के लिए रहेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि राज्य चयन आयोग को पूरी तरीके की तरह से एक्टिव किया जाए और जो खाली पद हैं उनको शीघ्र ही नोटिफाई करके बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया जाए। श्रेय अवस्थी ने कहा कि उनके प्रेरणा के स्रोत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मेजर विजय सिंह मनकोटिया हैं। उन्होंने मनकोटिया का धन्यवाद करते हुए उनके मार्ग निर्देशन में चलने का संकल्प लिया और कहा कि वह राज्य में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए दिन-रात एक कर देंगे।



### स्प्रिंग डेल स्कूल में खुली बैडमिंटन अकादमी

राकेश डोगरा, डरोह। बुधवार को स्प्रिंग डेल स्कूल भेडू महादेव में एसडीएस बैडमिंटन अकादमी का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ प्रेम कुमार व डीएसपी संजय शर्मा के द्वारा किया गया। समारोह के पावन अवसर पर विद्यालय की ओर से चेयरपर्सन राज राणा, डायरेक्टर अजय राणा व प्रिंसिपल प्रिया सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में मुख्यातिथि महोदय ने अकेडमी के शुभारंभ के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई दी व युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर होने के लिए कहा। (अनंत ज्ञान)



### नगरी कलूंड में आज बनेगी पंचायत विकास योजना

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। ग्राम पंचायत नगरी कलूंड में 12 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए ग्रामसभा का आयोजन रखा गया है। प्रधान नरेन्द्र भट्ट ने सभी लोगों से से अपील की है कि इस ग्राम सभा में सभी लोग उपस्थित रहे ताकि सबकी मौजूदगी और सबके सुझाव से आने वाले वित्तीय वर्ष के विकास की गाथा लिखी जाए। ताकि विकास योजना निष्पक्ष और सही लिखी जा सके। प्रधान नरेंद्र भट्ट ने कहा कि पंचायत के सभी निर्णय ओर कार्य लोगों के साथ साझा किए जाते है ताकि कोई विरोधाभास न रहे। कई बार छोटे छोटे सुझाव भी बड़ी योजनाओं की कामयाबी बनते है। उन्होंने कहा कि इसी दिन एच पी गैस धर्मशाला, इंडेन गैस घुग्घर के गैस कनेक्शन की चङ्क्ष्ट भी की जाएगी। इसके साथ इच्छुक युवाओं को ब्ष्ठ ऋयङ्ग के द्वारा निःशुल्क होटल मैनेजमेंट के कोर्स में मौके पर ही एडमिशन कर दी जाएगी। जिसमें उन्हें मुफ्त में रहना, खाना, किताब, वर्दियां दी जाएंगी। 6 महीने के इस कोर्स को पूरा करने के बाद छात्रों को नौकरी पर भी लगाया जाएगा।

### पेंशनर्स संघ फतेहपुर की बैठक 14 को

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। जिला पेंशनर्स संघ ब्लॉक फतेहपुर की बैठक आगामी 14 दिसंबर को रावमापा फतेहपुर में रखी गई है। जानकारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष सोमराज गर्ग ने कहा बैठक दौराण पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा हुए उनके निवारण के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक का समय सुबह साढ़े ग्यारह बजे रहेगा। उन्होंने सभी पेंशनर्स से बैठक में हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

# निफ्ट में हिमाचलियों के लिए 15 प्रतिशत सीटें आरक्षित : चंद्रा

## बोले, निफ्ट में प्रवेश लेकर फैशन प्रौद्योगिकी में अपना भविष्य संवारें युवा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, छेब के निदेशक राहुल चंद्रा ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, फैशन शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) 2025 के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि छह जनवरी निर्धारित की गई है इसमें हिमाचली अभ्यर्थियों के 15 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। जिन उम्मीदवारों ने दस जमा दो की शिक्षा पूरी कर ली है या उनके पास समकक्ष योग्यता है, वे स्नातक कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए, किसी भी प्रासंगिक विषय में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। विस्तृत पात्रता मानदंड और आवेदन दिशानिर्देश आधिकारिक निफ्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। प्रवेश की प्रक्रिया प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों को समय सीमा से पहले अपेक्षित शुल्क के साथ अपने आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा आगामी 9 फरवरी को निर्धारित है, इसके बाद चुनिंदा कार्यक्रमों के लिए साक्षात्कार और पोर्टफोलियो मूल्यांकन होंगे।



राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के बारे जानकारी देते निदेशक राहुल चंद्रा।

### नवाचार को दिया जा रहा है बढ़ावा

चंद्रा ने कहा कि निफ्ट रचनात्मकता, नवाचार और तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के लिए बीडेस, बीएफ टेक, एमडेस, एमएफटेक, एमएफएम सहित विविध कार्यक्रम प्रदान करता है। उद्योग के नेताओं के परामर्श से तैयार किए गए पाठ्यक्रम के साथ छात्र व्यावहारिक सीखने के अनुभवों में शामिल हो सकते हैं और फैशन में नवीनतम रुझानों और प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निफ्ट को भारत में फैशन शिक्षा के लिए एक सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें एक मजबूत पूर्व छात्र नेटवर्क और मजबूत उद्योग कनेक्शन हैं।

# टांडा अस्पताल में मरीजों को पेश आ रही समस्याओं से मन व्यथित : शांता

अनंत ज्ञान, पालमपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि आज की सभी अखबारें एक तरफ हिमाचल सरकार के दो वर्ष के शानदार कार्यकाल के जश्न की खबरों से भरी हुई हैं, वहीं दूसरी तरफ एक हिंदी समाचार पत्र का पूरा आधा पृष्ठ टांडा अस्पताल के रोगियों के दुख-दर्द की शर्मनाक कहानियों से भरा हुआ है। अस्पताल की अव्यवस्था और रोगियों के परेशानी के समाचार लगभग आते रहते हैं। अखबारों में छपे समाचारों के अनुसार सिटी स्कैन और एमआरआई करवाने के लिए लोगों को लगभग तीन माह का इंतजार करना पड़ रहा है। तीन माह के बाद टेस्ट होता है तो उसकी रिपोर्ट के लिए लगभग 20 से 25 दिन का इंतजार करना पड़ता है। एक मरीज ने कहा कि रिपोर्ट के लिए दो बार आया, लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट नही मिली। वहीं, एक और रोगी ने कहा कि तीन माह के बाद एमआरआई टेस्ट हुआ, परंतु रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 8 साल पहले सांसद के रूप में मैंने अपनी सांसद निधि से और एक निगम से सीएसआर से दो करोड़ 50 लाख रुपए टांडा अस्पताल में सराय बनाने के लिए दिलवाए थे। इसमें 25 लाख रुपए मेरे आग्रह पर पूर्व राज्यसभा सांसद विप्लव ठाकुर ने भी दिए थे। इसका शिलान्यास उस समय के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने और मैंने किया था। मेरे आग्रह पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि एक साल में सराय का काम पूरा हो जाएगा, लेकिन आज आठ साल बीत गए, सराय का पूरा उपयोग शुरू नहीं हुआ है।



उन्होंने कहा आज से चार साल पहले कोरोनाकाल में मेरा पूरा परिवार सक्रंमित हुआ। वे अपनी पत्नी को लेकर पांच दिन टांडा अस्पताल में रहे, वहीं उनकी पत्नी का निधन हो गया। उन पांच दिनों में अस्पताल की व्यवस्था आंखों देखी। आज भी बच्चे मुझे पूछते हैं कि मैं पत्नी को लेकर चंडीगढ़ के किसी अच्छे अस्पताल में क्यों नहीं गया। उनके प्रश्नों का मेरे पास कोई उत्तर नहीं है। शांता कुमार ने कहा कि यह कितना दुर्भाग्य है कि एक दानी सज्जन ने टांडा अस्पताल के लिए भूमि दी और सरकार के करोड़ों रुपए वहां खर्च हुए, परंतु आए दिन टांडा अस्पताल में अव्यवस्था की खबरें पढ़ने को मिलती हैं।

## भ्रष्टाचार, झूठ और अत्याचार की दलदल में फंसी सरकार : त्रिलोक

अनंत ज्ञान, पालमपुर

भ्रष्टाचार, झूठ और अत्याचार के दलदल में इन दो वर्षों में सुक्खू सरकार बुरी तरह फंस गई है। यह आरोप भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने पालमपुर में आयोजित एक प्रेस को संबोधित करते हुए लगाएं। उन्होंने कहा कि अपने कुशासन के 2 वर्ष पूरे होने पर? फिर किस बात का बिलासपुर में जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बात का जश्न कि सुखू सरकार ने नई व्यवस्था परिवर्तन के मंत्र पर दो मॉडल के रूप में काम किया है, एक यह है कि जो भारतीय जनता पार्टी ने अपने शासनकाल में जो लोकप्रिय योजनाएं या जनहित निर्णय लिए उनको बंद करना, या प्रदेश की जनता के हर वर्ग को प्रताड़ित करना, क्या इस बात का जश्न मना रही है? कपूर ने इस अवसर पर कांग्रेस शासन काल के दो वर्ष पूरे होने पर पालमपुर के विधायक से अपने इन दो वर्षों में जो पालमपुर के विकास में उपलब्धियों है उनको सार्वजनिक करे।



उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि उनके पास विकास को छोड़ कर दूसरी सारी उपलब्धियां हैं। कपूर ने कहा कि ये नहीं कुछ दिनों में गोपालपुर का चिड़िया घर भी देहरा में जाने की तैयारी में है, वो भी एक उपलब्धि रहेगी। चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर जो कि कृषि के क्षेत्र मे प्रदेश के किसानों और भविष्य में कृषि वैज्ञानिकों के लिए एक बहुत ही बड़ी उम्मीद का संचार केंद्र है। उसमें अच्छी कमीशन प्राप्त करने के लिए 112 हेक्टर विद्यालय भूमि को कोड़ी के भाव बेचने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन न्यायालय की दखल के बावजूद उनके सपनों में जरा अभी तक विराम लगा है।

## सुक्खू सरकार ने प्रदेश को बर्बाद किया : चक्षु

धर्मशाला। प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने सुक्खू सरकार के दो वर्ष के जश्न पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश को बर्बादी की दहलीज पर लाकर खड़ा कर दिया है तथा इसी बर्बादी पर सुक्खू सरकार ने जश्न मनाया है। ऐसा जश्न कोई मायने नहीं रखता, जिसमें दो वर्षों में प्रदेश की जनता को मुर्ख बनाया गया हो तथा कर्मचारियों व आम वर्ग को उत्पीड़ित किया गया हो। यह सुक्खू सरकार ने जश्न के बहाने अपनी तानाशाही का प्रदर्शन किया है। सुक्खू सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को जनता मातम के तौर पर देख रही है, जिसमें जनता के साथ ही नहीं कर्मचारियों के साथ भी छल की राजनीति हुई है। उन्होंने कहा कि अपनी पत्नी को देहरा से एमएलए बनाना मुख्यमंत्री सुक्खू की उपलब्धि रही है। कर्मचारी व अधिकारी सुक्खू सरकार की कार्य प्रणाली से परेशान हैं। ऐसी सरकार से कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता भी हताशा व परेशानी के आलम में हैं। उन्होंने कहा कि जितना प्राकृतिक आपदा से प्रदेश को नुकसान नहीं हुआ, उससे ज्यादा सुक्खू सरकार ने किया।

## एसपी ने विद्यार्थियों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

डीएवी स्कूल आलमपुर में एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री द्वारा साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और नशीले पदार्थों पर एक सूचनात्मक संगोष्ठी आयोजित की गई। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों पर जोर दिया। अपने संबोधन में, एसपी ने छात्रों को सड़क पर सुरक्षित रहने साइबर धोखेबाजों से सावधान रहने और नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

एसपी ने छात्रों को बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, मोबाइल का उपयोग नहीं करना और ट्रैफिक नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। उन्होंने साइबर सुरक्षा के बारे में बात करते हुए कहा कि छात्रों को सोशल मीडिया पर अजनबियों से बातचीत करने से बचना चाहिए और अपनी व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखना चाहिए। उन्होंने नशीले पदार्थों के खतरों के बारे में भी विस्तार से बताया और बताया कि कैसे नशे की लत एक व्यक्ति के जीवन को पूरी तरह से बर्बाद कर सकती है। उनके प्रोत्साहन और प्रेरणा के शब्दों ने छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन का समापन सम्मान समारोह के साथ हुआ, जहां पुलिस अधीक्षक ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के खेल विजेताओं को ट्रॉफी से सम्मानित किया।



## रेलगाड़ी का किया सफल ट्रायल

जवाली। पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग पर कांगड़ा रेलवे स्टेशन से आगे नूरपुर रोड तक रेलगाड़ियों को चलाने की रेलवे बोर्ड ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को नूरपुर रोड से बैजनाथ तक रेल इंजन के साथ सात डिब्बे जोड़कर सफल ट्रायल लिया गया और रेलवे सूत्रों अनुसार इसी सप्ताह बैजनाथ से नूरपुर रोड तक दो रेलगाड़ियां बहाल होने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि इससे पहले भी 27 नवंबर को रेलमार्ग पर नूरपुर से कोपडलाहड़ तक एक रेल इंजन दौड़ा कर रेलवे बोर्ड ने सफल ट्रायल किया। इसके बाद रेलवे बोर्ड नूरपुर रोड से बैजनाथ तक लगातार इंजन दौड़ा कर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया जा रहा है। जबकि 24 सितंबर को भी इंजन के साथ सात डिब्बे जोड़कर नूरपुर रोड से गुलेर तक सफल ट्रायल किया था और नवरात्रों में रेलगाड़ी चलाने का आश्वासन दिया था। बैजनाथ से कांगड़ा तक व बैजनाथ से जोगिंद्रनगर तक दो रेलगाड़ियां पहले ही आवाजाही कर रही है।

## नर सेवा, नारायण सेवा की नई मिसाल पेश कर रहीं डॉ. मोनिका

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

भारी बर्फबारी के कारण महीनों शेष विश्व से कटी रहने वाली दुर्गम घाटी छोटा भंगाल के लोहारड़ी गांव में पिछले दो वर्षों से स्वास्थ्य सेवाएं दे रही डॉक्टर मोनिका ने नर सेवा नारायण सेवा की नई मिसाल पेश कर दी है। अपने काम के प्रति उनके इस लगन की नेशनल काउंसिल आफ इंडियन मेडिकल सर्विसेज ने भी सरहना की है। डॉक्टर मोनिका की स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी सेवाएं देने के लिए वर्तमान में राजकीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र में दो वर्षों से बतौर आयुर्वेद चिकित्सक सेवाएं देने वाली युवा चिकित्सक की उपलब्धियां को अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट भी करेंगे।



यह जानकारी देते हुए उप मंडलीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम राणा ने बताया कि मूलरूप से नूरपुर क्षेत्र के सेवानिवृत्त जलसेना अधिकारी रणजीत सिंह और पूर्व बीडीसी सदस्य स्वर्गीय सुरेश कुमारी की बेटी उनकी प्रारंभिक पढ़ाई आर्मी स्कूल मामून कैंट पठानकोट में हुई। उसके उपरांत राजकीय राजीव गांधी आयुर्वैदिक कॉलेज पपरोला से 2012 में बीएएमएस की डिग्री हासिल की हाल ही में वर्ष 2023 में उन्हें उपमंडल बैजनाथ के लोहारडी में बतौर चिकित्सा तैनाती हुई है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान में राष्ट्र भर में प्रकृति परीक्षण के तहत उन्हें 300 का आंकड़ा दिया गया था जिसे पूरा करते हुए यह सफलता मिली है। डॉ मोनिका ने कहा कि इस घाटी में ज्यादातर लोग खांसी बुखार और जोड़ों के दर्द से मरीज आते हैं जिनका वह अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा, पंचकर्म और कैपथेरेपी के जरिए आयुर्वेदिक विधि से इलाज करती हैं। उल्लेखनीय की इस घाटी में सरकारी नौकरी करने से पुरुष भी दो कदम पीछे ही रहते हैं, लेकिन यह चिकित्सक अपनी नन्ही बिटिया के साथ वर्ष 2023 से लगातार मरीजों के उपचार में जुटी हैं। बहरहाल डॉ. मोनिका समाज के उस तपके के लिए करार तमाचा है जो जन्म से पूर्व ही कन्या भ्रूण हत्या पर उतारू हो जाते हैं।

वर्तमान में उनके कामयाबी का डंका प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की राजधानी दिल्ली में बज रहा है, जबकि इसकी गूंज हिमाचल के छोटा भंगाल घाटी के लोहारी गांव में और उनके पैतृक गांव नूरपुर में सुनाई दे रही है। (अनंत ज्ञान)




**नाफरमानी** तीन महीने से कार्यालय परिसर में खड़ी है नामी ई-कॉमर्स कंपनी की गाड़ी

# नोटिस के बावजूद नहीं पहुंचे कंपनी प्रतिनिधि

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

बिना बिल सामान डिलीवर करते 3 माह पहले पकड़े गए वाहन के मामले में नोटिस के बावजूद ई कॉमर्स कंपनी का कोई प्रतिनिधि मामले के हल के लिए नहीं पहुंचा है। दुनिया की नामी ई-कॉमर्स कंपनियों पर कराधान विभाग धर्मशाला ने नुकेल कस प्रदेश ही नहीं देश में भी एक नई पहल की है। ऑनलाइन शॉपिंग को लेकर दुनिया की ये ई-कॉमर्स कंपनियों देश तथा प्रदेश में राजस्व का खासा चूना लगा रही हैं। वहीं, धर्मशाला के कराधान विभाग ने सतर्कता दिखाते हुए इसका पर्दाफाश कर ऐसी बड़ी कंपनियों पर नकेल कसने की शुरुआत कर दी है। कंपनियों की उदासीनता का आलम ये कि बिना बिल के सामान पाए जाने के बाद कराधान विभाग धर्मशाला के द्वारा करीब तीन माह पहले कब्जे में ली गई गाड़ी को रिलीज करवाने के लिए अब तक कंपनी का कोई नुमाइंदा नहीं पहुंचा है। इसी साल 21 अगस्त को बिना बिल के भेजे गए सामान की गाड़ी को राज्य कर एवं आबकारी विभाग धर्मशाला की टीम ने पकड़ा था। इस मामले में 116613 रुपए का जुर्माना लगाया गया था। अगस्त में ही पकड़े गए वाहन को लेकर संबंधित कंपनी को 3.98 लाख रुपए के जुर्माने का नोटिस भेजा गया था। सितंबर माह में एक अन्य नामी कंपनी की गाड़ी को पकड़ा गया, जिसमें कुछ सामान बिना बिल के पाया गया। इसके बाद नोटिस के बावजूद कोई कंपनी प्रतिनिधि धर्मशाला नहीं पहुंचा।

उधर, इस संदर्भ में जब धर्मशाला स्थित कराधान विभाग के सहायक आयुक्त नवजोत शर्मा से संपर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि एक तय समय सीमा में कंपनी की ओर से किसी नुमाइंदे के न आने पर सेल आउट जैसी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### अगस्त से सितंबर तक पकड़े 3 वाहन

**बताते** चलें कि तत्कालीन राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त प्रदीप शर्मा के कार्यकाल में राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी सुनील पठानिया, स्वराज ठाकुर, प्रदीप सिंह तथा मनोज ठाकुर ने ई-कॉमर्स कंपनी की डिलीवरी ले जा रहे पहले वाहन का निरीक्षण किया तो कुछ आइटम बिना बिल पाई गई। इसके बाद लगातार ऐसे कुल तीन मामले सामने आए।

# ऊखली में 53 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, दी निशुल्क दवाइयां



लोगों के स्वास्थ्य की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल-मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हमीरपुर टीम ने जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए हमीरपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत ऊखली में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया।

स्टाफ नर्स पूजा, लैब टेक्नीशियन प्रवीण, पायलट रजनीश ने डॉ. शिवानी चौहान के नेतृत्व में लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच की एवं रक्त जांच की। स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों को अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति जागरूक किया।

शिविर के दौरान मरीजों को निशुल्क उपचार सलाह, एवं दवाइयों का वितरण भी किया गया। टीम ने 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए 40 लोगों की रक्त जांच भी की। स्वास्थ्य जांच के दौरान 11 मरीज जोड़ों के दर्द से जबकि 8 मरीज उच्च रक्तचाप, 3 मरीज मधुमेह एवं 31 मरीज अन्य विभिन बीमारियों से ग्रसित पाए गए।

## संगठन ने टीबी रोगियों को दिए पोषण किट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** श्री सत्य साई सेवा संगठन जिला हमीरपुर ने भारत सरकार द्वारा संचालित निक्षय मित्र कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सत्य साई मंदिर भकरेड़ी बड़सर में किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान श्री सत्य साईं सेवा संगठन के राज्य अध्यक्ष प्रो. योगिंदर वर्मा, जिलाध्यक्ष रविंदर पाल और बड़सर व बिझड़ी समिति के संयोजक सुशील कुमार, योगिंदर पटियाल व बलदेव शर्मा और समस्त साईं भक्तजन उपस्थित रहे।

# 'अनंत ज्ञान' के एक वर्ष पूरा होने पर गांधी चौक पर आज रक्तदान शिविर

## हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह करेंगे शुभारंभ, लोगों से पुण्य कमाने की अपील

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

आधुनिक दौर में भी समाचार पत्र का एक विशेष योगदान रहा है, इसलिए आज भी लोग सुबह सवेरे अखबार पढ़ना पसंद करते हैं। लोगों को देश और दुनिया की खबरें जिन्हे एक अलग नजरिए से और प्रमुखता से लोक हित में उठाने का जिम्मा अनंत ज्ञान समूह ने उठाया और गत 12 दिसंबर, 2023 को अखबार का प्रकाशन शुरू किया।

पिछले एक वर्ष में अनंत ज्ञान समाचार पत्र लोगों की पहली पसंद बन गया है। आज लोग अनंत ज्ञान समाचार पत्र को पढ़ने के लिए उत्साहित हैं। पाठकों का अनंत ज्ञान समाचार पत्र के प्रति स्नेह और लगाव बढ़ता जा रहा है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र के प्रकाशन में एक वर्ष आज पूरा होने जा रहा है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र वर्षगांठ




गांधी चौक जहां पर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

के उपलक्ष्य पर हमीरपुर के गांधी चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह आज सुबह 10 बजे करेंगे। इस

**रक्तदानी सुबह 10 बजे से अनंत ज्ञान टीम सहित लोगों की जिंदगियां बचाने को करेंगे महादान**

दौरान अनंत ज्ञान की टीम रक्तदाताओं के इस महादान के लिए हमेशा याद करेगी, क्योंकि उनके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इसके अलावा रक्तदान करने वाले महादानियों को अनंत ज्ञान की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया जाएगा। यही नहीं आने वाले समय में अनंत ज्ञान समाचार पत्र और टीवी चैनल लोगों की समस्याओं और सरकार के बीच कड़ी का काम करते हुए जनमानस की उम्मीदों पर और बेहतर तरीके से उतरने में कामयाब होगा। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में एससीईआरटी सोलन और समग्र शिक्षा अभियान की एक अनूठी पहल

# माताओं को बच्चों की पहली शिक्षिका बनाने की दी ट्रेनिंग



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान और एससीईआरटी सोलन ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इस नई पहल के तहत माताओं को पहली शिक्षिका बनाया जा रहा है। इस पहल के तहत हमीरपुर जिले की माताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आईएचएम सलासी में किया गया। इसमें हमीरपुर, बिझड़ी और गलोड़ ब्लॉक की 56 माताएं इस कार्यशाला में भाग ले रही हैं।

दूसरे बैच में शेष ब्लॉकों की माताओं को कार्यशाला में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य माताओं को घर में बच्चों की शिक्षा देने के लिए तैयार करना है। यह पहल पूरे हिमाचल प्रदेश में शुरू की गई है और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कार्यशाला में रिसोर्सपर्सन में अनिल कुमार, सुनील कुमार और नेक मोहम्मद मौजूद रहे।

इस पहल से माताओं को अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों की शिक्षा में सुधार होगा और वह अपने भविष्य के लिए तैयार हो पाएंगे। कार्यशाला के प्रथम दिवस माताओं के साथ भिविन्न डेवलपमेंटल गोल्स पर बात की गई, जैसे कि शारीरिक विकास, भाषीय विकास और बौद्धिक विकास। कार्यशाला के दौरान डाइट गौना करौर से प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल, जिला प्रशिक्षण अधिकारी भवानी सिंह और प्रथम एनजीओ की प्रतिमा शर्मा भी उपस्थित रही।

# विभिन्न भाषाओं के ज्ञान से होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास : देशराज कमल

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में धूमधाम से भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन 4 से 11 दिसंबर तक स्कूल स्तर पर किया गया। उत्सव के समापन्न समारोह की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल ने की।

उन्होंने स्कूली बच्चों व अध्यापकों को विभिन्न भाषाओं से कुछ वाक्य बोल कर जागरूक करते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं की विभिन्नता के समावेश में सांस्कृतिक विविधता छिपी हुई है। अगल-अलग भाषाओं के ज्ञान से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को बोलियों और भाषाओं में अंतर को भी समझाया और बच्चों को विभिन्न भाषाओं का ज्ञान रखने का आह्वान किया।

उन्होंने बच्चों द्वारा विभिन्न भाषाओं के भाषा मेले का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूल के भाषा अध्यापिका सीमा कुमारी ने भाषाओं के माध्यम से एकता थीम पर भी प्रकाश डाला और महाकवि सुब्रमणयम भारती के जीवन से बच्चों को अवगत करवाया तथा उनकी कविता को सुनाकर बच्चों को भाषाओं के महत्व से जागरूक किया।



भुक्कड़ स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव का धूमधाम से समापन हुआ।

उन्होंने कहा कि विभिन्न भाषाओं के ज्ञान से बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना पैदा होती है, इसलिए बच्चे भारतीय भाषा हिंदी के साथ-साथ दूसरी भाषाओं को बोलने व उनका आपसी बातचीत में प्रयोग करें। कार्यक्रम प्रभारी अर्थशास्त्र प्रवक्ता पवन रांगड़ा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया तथा भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता मणी राम शर्मा, मनोज शर्मा, वीना वर्मा, चमन लाल, अशोक गुलेरिया, डॉ. संजीव कुमार, नीतू वर्मा, नील कमल, प्रीतम चंद, अमर नाथ, सीमा देवी, संजीव कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## एक महीने में जमा करवाएं डीजल जनरेटरों की स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के सहायक अभियंता अक्षय कुमार ने क्षेत्र में अपने घरों या व्यापारिक प्रतिष्ठानों में डीजल जनरेटर सेट लगाने वाले सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे एक महीने के भीतर इन जनरेटर सेटों की स्वीकृति विद्युत उपमंडल कार्यालय में जमा करवा दें। उन्होंने कहा कि डीजल जनरेटर सेटों की स्वीकृत जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ पूर्व सूचना के बगैर कार्रवाई की जाएगी।

## 31 तक बंद रहेगी अवाहदेवी बगवाड़ा चौक सड़क

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अवाहदेवी-बगवाड़ा चौक सड़क की आवश्यक मरम्मत के चलते इस सड़क पर यातायात 31 दिसंबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि अवाहदेवी-बगवाड़ा चौक सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 31 दिसंबर तक बंद की जा रही है।

एसडीएम ने बताया कि इस अवधि के दौरान क्षेत्र के वाहन चालक अवाहदेवी से पंजोत, ललयार और कंजयाण होकर ढो की ओर आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# सिविल अस्पताल सुजानपुर में आवासीय भवन बनकर तैयार, उद्घाटन का इंतजार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सिविल अस्पताल सुजानपुर में आवासीय भवन बनकर तैयार हो गए हैं। बन चुके इन भवनों पर 3 करोड़ की धनराशि खर्च हुई है। जहां एक भवन की इमारत में अस्पताल के डॉक्टरों का आवास होगा, वहीं दूसरे भवन में अन्य स्टाफ लिए आवास की व्यवस्था की गई है। इनका शिलान्यास लगभग 8 वर्ष पूर्व हुआ था। तैयार यह भवन अब उद्घाटन का इंतजार कर रहे हैं। इन आवासीय भवनों से अब अस्पताल में कार्यरत स्टाफ को आवास लेने को लेकर के इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले इन भवनों का शिलान्यास करीब 8 वर्ष पूर्व तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय हुआ था। सुजानपुर सिविल अस्पताल मुख्य केंद्र होने के चलते यहां करीब साथ लगती चार विधानसभा क्षेत्र के लोग अपने स्वास्थ्य जांच को लेकर आते हैं। अस्पताल से मुख्य हमीरपुर सड़क के दूसरी ओर पुराने आवासीय भवन जर्जर हालत में होने के कारण और असुरक्षित घोषित होने से अस्पताल में स्टाफ को रहने के लिए समस्या आ रही थी। पुराने आवासीय भवनों को गिरा करके वहां पर तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र



इन भवनों पर 3 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च हुई है।

**अस्पताल में कार्यरत स्टाफ को आवास लेने को लेकर के इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा**

सिंह ने आवासीय भवनों का शिलान्यास किया था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के पांच वर्ष बीत जाने पर आवासीय भवनों का कार्य ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। अब आवासीय भवनों का निर्माण कार्य का कार्य पूरा हो गया है।

इन आवासीय भवनों में जहां टाइप टू भवन क्लास थ्री स्टाफ के लिए हैं, वहीं डाक्टरों के लिए टाइप फोर का आवासीय भवन बनाए गए हैं। इन भवनों में टाइप टू पर करीब सवा करोड़ की धनराशि खर्च हुई है। वहीं, टाइप 4 पर पौने दो करोड़ की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। बन चुके भवन से अब अस्पताल के स्टाफ को रहने के लिए काफी हद तक इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

वहीं, तैयार भवन अब मात्र उद्घाटन का इंतजार कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अभिषेक ने बताया कि दोनों भवन बनकर तैयार हैं। इनको शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाएगा।

# छात्रों को भारतीय भाषाओं की समृद्ध विरासत से करवाया अवगत




टौणी देवी में साप्ताहिक भाषा उत्सव के समापन पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में 'भाषाओं के माध्यम से एकता' थीम पर आधारित साप्ताहिक भाषा उत्सव का आयोजन क्लस्टर स्तर पर किया गया। यह उत्सव 11 दिसंबर को भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। सप्ताहभर चले इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय भाषाओं की समृद्ध विरासत और उनकी विविधता से परिचित कराना था।

समापन समारोह में प्राथमिक कक्षाओं तीसरी, आठवीं कक्षा के छात्रों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने हिंदी, मराठी कविता पाठ, पंजाबी, राजस्थानी, हरियाणवी नृत्य और नाटकों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय भाषाओं की समृद्ध विरासत और उनके महत्व पर प्रकाश डाला।

**ये रहे उपस्थित**

समापन समारोह में केंद्रीय मुख्य शिक्षक विजय कुमार, शिक्षकगण लीना, कृष्ण चंद, सतीश, सुनीता, कुसुम लता, कविता, राजेश, सुरेश, रवि, मनोज, अदिति, साक्षी, रिया, अंजलि, दीक्षा और मनीष सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसे उत्सव हमारी सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता को समझने और सम्मानित करने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय लंबे समय से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत अपने जोड़ी राज्य केरल के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कर रहा है। इस पहल के तहत छात्र और शिक्षक केरल की भाषा, भोजन, पहनावे और संस्कृति के करीब आए हैं। इस कार्यक्रम ने दोनों राज्यों के बीच एक गहरी सांस्कृतिक समझ विकसित की है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारी भाषाई विविधता हमारी ताकत है। यह हमें सहिष्णुता, समझ और एकता का संदेश देती है।

इस प्रकार के आयोजन छात्रों में न केवल भाषाई कौशल और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उनमें राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# गीता जयंती पर गीता पाठ के साथ सर्वश्रेष्ठ बाल प्रतिभाओं को किया सम्मानित



दो छात्राओं आराध्या भारद्वाज और वैष्णवी शर्मा को सर्वश्रेष्ठ वार्षिक गीता गान बाल प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के फतेहपुर में मौनी बाबा कुटिया में गीता जयंती के अवसर पर सस्वर और शुद्धोच्चारण के साथ सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में धनपुर एवं जंगलू विद्यालय के बाल गोपालों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सामूहिक गीता पाठ में भाग लिया। सामूहिक गीता पाठ का नेतृत्व मौनी बाबा आध्यात्मिक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. रत्न चंद शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में हरदेव जम्बाल और राजेश कपिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक व मंच संचालक संस्कृत शिक्षक नरेश मलोटिया, निकेश कुमार, सुदेश कुमार, अनिल कुमार, रवि कुमार, सज्जन भारद्वाज, स्वरूप चंद, प्रमोद सिंह, पंकज कौंडल, रिंकू पठानिया, ओम प्रकाश आदि गणमान्य शामिल रहे।

धनपुर स्कूल की यूकेजी कक्षा की छात्रा अराध्या भारद्वाज तथा राइजिंग किड्स पब्लिक विद्यालय भवड़ां की यूकेजी कक्षा की छात्रा वैष्णवी शर्मा को वार्षिक गीता गान बाल प्रतिभा पुरस्कार-2024 प्रदान किया गया।

# सरकार के पास उपलब्धियों के नाम पर सिर्फ खोखले दावे बचे हैं : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बुधवार को बिलासपुर में हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित समारोह को लेकर सरकार के दावों की पोल खोल दी। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस कार्यक्रम को पूरी तरह विफल बताते हुए तीखी टिप्पणी की।



उन्होंने कहा कि समारोह में जनता का उत्साह गायब था, जबकि करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए। आमंत्रण पत्र पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला का नाम तक नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने सरकार की उपलब्धियां बताने की बजाए सिर्फ विपक्ष पर आरोप मढ़े और खजाने की खाली स्थिति का रोना रोया। उन्होंने कहा कि कुछ वक्ता इस रैली में अपने भीतर का गुस्सा निकालते रहे और कुछ वक्ता अपना रोना रोकर चलते बने। पब्लिक के हाथ सिर्फ निराशा लगी।

राजेंद्र राणा ने कहा कि सरकार ने इस दो साला जश्न में 30 हजार लोगों के शामिल होने का दावा किया था, लेकिन हकीकत में मुश्किल से 5000 लोग भी नहीं जुट सके। इनमें से भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के कई लाभार्थियों को डरा-धमकाकर और दबाव डालकर कार्यक्रम में लाया गया था। रैली स्थल में अधिकांश बसें खाली आईं। भीड़ की कमी छिपाने के लिए मैदान को कनातों से ढककर छोटा कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने दो सालों में भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़ दिए और प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेल दिया। 2032 तक आत्मनिर्भर हिमाचल की बात करने वाली सरकार के पास उपलब्धियों के नाम पर सिर्फ खोखले दावे बचे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की विफलता से साफ हो गया है कि जनता की नजरों में कांग्रेस सरकार की साख खत्म हो चुकी है।

**गठन** भाजपा संगठन हलचल : संभावित मंडल अध्यक्षों की सूची होगी तैयार

# ऑब्जर्वर के साथ पांचों मंडलों में आज बैठकें

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे के लिए मंडल अध्यक्षों के चुनाव का 'खाका' आज तैयार होगा। ऑब्जर्वर डीएस ठाकुर हर एक मंडल में बैठक करेंगे। इसी बैठक में तीन-तीन नामों की सूची तैयार करेंगे। इन्हीं तीन में से 25 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष तय हो जाएंगे। हालांकि यह सारी प्रक्रिया आम सहमति से बनाई जाएगी, लेकिन वीरवार को होने वाली बैठक के बाद अगली बैठक में आम सहमति के साथ ही संबंधित मंडल अध्यक्षों का नाम फाइनल होगा।

इस प्रक्रिया के चलते पिछले कुछ दिनों से चाहवान भागदौड़ कर रहे हैं। संबंधित क्षेत्र के विधायकों और पार्टी प्रत्याशी रहे नेताओं के साथ भी उनकी उठ-बैठ हो रही है।

अनंत ज्ञान खास खबर

**जिले में पांच मंडल :** हमीरपुर जिले में भाजपा के पांच मंडल अध्यक्ष चुने जाते रहे हैं, लेकिन इस बार हरेक मंडल से दो-दो अध्यक्ष बनाए जाएंगे। यह प्रक्रिया पार्टी के सारे ढांचे को और मजबूत करने के मकसद से शुरू की गई है। ऐसा पहली मर्तबा होगा, जब हरेक मंडल में दो-दो अध्यक्ष होंगे।

जिम्मेदारियों के हिसाब से भी इनका कार्य क्षेत्र रहेगा, इसीलिए तीन-तीन नाम हर एक मंडल से ऑब्जर्वर लेकर जाएंगे। इन पर शीर्ष नेताओं की मुहर लगेगी और ऐलान आम सहमति से मंडल की सभा में होगा।

**जिलाध्यक्ष ने दी जानकारी :** जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा का कहना है कि वीरवार को सभी मंडलों में ऑब्जर्वर डीएस ठाकुर बैठकें लेंगे। (अनंत ज्ञान)

**इस बार उम्र के हिसाब से होगा चयन**

इस बार मंडल अध्यक्ष 45 साल से ज्यादा की आयु का नहीं होना चाहिए और अध्यक्ष के लिए 60 साल की उम्र तय की गई है। हालांकि, इस पर आधिकारिक तौर पर कोई बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन इसी तरह का माहौल उम्र को लेकर गतिविधियों में देखा जा रहा है। मंडल अध्यक्ष के चुनाव के बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसकी प्रक्रिया भी 25, 26 दिसंबर के आसपास मुकम्मल होने की उम्मीद है। ऊहापोह में नेता और कार्यकर्ता : हमीरपुर जिले की राजनीति तीन दशकों से समीरपुर के इर्द-गिर्द ही घूमती रही है, लेकिन इस बार इस राजनीति में पार्टी की भीतरी व्यवस्था की वजह से कई 'सुराख' भी हुए हैं। पिछले उपचुनावों में जिस तरीके से जिला के तीन विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के ढांचे में उथल-पुथल हुई है, जिसका असर संगठन चुनाव प्रक्रिया पर भी निश्चित रूप में पड़ रहा है। देखना यही है कि बाजी किसके हाथ लगती है।

**हरेक मंडल से जाएंगे तीन-तीन नाम**

**कहां-कहां कितने बजे होगी बैठक**

पर्यवेक्षक विधायक डीएस ठाकुर के प्रवास कार्यक्रम के मुताबिक मंडल भोरंज में 10 बजे, मंडल सुजानपुर में 12 बजे, मंडल नादौन में डेढ़ बजे, मंडल हमीरपुर में 3 बजे, मंडल बड़सर में 4.30 बजे के आसपास बैठकों का आयोजन तय किया गया है।

## जोल गांव के शशि को एसएसआई पद पर पदोन्नति



**अनंत ज्ञान , भोरंज।** भोरंज की ग्राम पंचायत धमरोल के गांव जोल के शशि को एसएसआई पद पर पद्दोन्नति होने पर गांव में व परिवार में खुशी का माहौल है। शशि ने इससे पूर्व सदर थाना हमीरपुर में अपनी सेवाएं दीं। वह उससे पूर्व बड़सर थाना में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब एसएसआई के पद पर पदोन्नत होने के बाद बिलासपुर में अपनी सेवाएं देंगे। उनकी इस पदोन्नति से उनके परिवार, गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शशि कुमार के एएसआई के पद पर पदोन्नति होने से परिवार के सदस्य व अन्य गांव के लोगों के द्वारा बधाई दी गई। शशि ने बताया कि वे ईमानदारी से पहले की तरह अपने कार्य को करेंगे व नशा व क्राइम को रोकना उनकी प्रमुखता रहेगी।

## श्री विश्वनाथ संस्कृत कॉलेज में गीता जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय बड़सर में गीता जयंती के पर्व को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें आचार्य वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं महाविद्यालय के छात्रों के बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं वैदिक मंगला चरण से कार्यक्रम के अध्यक्ष व आचार्य राकेश शर्मा ने की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों को गीता के उपदेशों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में कल्पना, सुभना, डॉ. मनोज डॉ. जगदीश, डॉ. कमलेश आदि आचार्य ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस मंडी में 17 को मनाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर महासंघ द्वारा राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस का आयोजन 17 दिसंबर को मंडी स्थित विश्वकर्मा सभागार में किया जाएगा। यह जानकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हितराम शर्मा और प्रदेश महासचिव टीडी ठाकुर ने एक संयुक्त वक्तव्य में दी। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी पेंशनर्स दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों पेंशनर्स भाग लेंगे।कार्यक्रम का उद्देश्य पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा करना और एकजुटता प्रदर्शित करना है। हिम्मत राम शर्मा ने कहा कि यह मंच पेंशनर्स के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए सामूहिक रूप से समाधान तलाशने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।पेंशनर्स दिवस के इस अवसर पर हिमाचल पेंशनर्स कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शर्मा ने पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए कई अहम भूमिकाएं निभाई हैं। कार्यक्रम में पेंशनर्स समुदाय की एकता और कल्याण के लिए कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। महासंघ ने उम्मीद जताई है कि इस आयोजन से पेंशनर्स की मांगों को लेकर एक सकारात्मक दिशा तय की जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है, और इसे सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई है।

### संस्कृत महाविद्यालय में किया गीता जयंती का आयोजन



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदर नगर में गीता जयंती का आयोजन संस्कृत अकैडमी हिमाचल प्रदेश के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. अभिराजेंद्र मिश्रा मुख्यातिथि ने गीता के विभिन्न आयामों पर अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में संस्कृत अकादमी शिमला से अकादमी सचिव डॉक्टर केशवानंद जी तथा संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर खुशवंत की उपस्थिति रहीं।

### रिवालसर की रेंजर्स ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर की रोवर रेंजर यूनिट की दो रेंजर्स संजना व बबीता ठाकुर ने भारत स्काउट व गाइड के स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में रीजनल स्तर के आत्मरक्षा प्रशिक्षण में भाग लेकर आत्मरक्षा के गुर सीखे। रेंजर लीडर प्रो. अंजलि परमार ने बताया कि इससे पूर्व दो रेंजर्स पूजा शर्मा व पल्लवी शर्मा ने तक होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लिया, जिसमें उत्तीर्ण होने पर ये छात्राएं शिमला में होने वाली गणतंत्र परेड 2025 का हिस्सा बनेंगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप स्काउटिंग व गाइडिंग में लगातार सहभागिता व उपलब्धियां हासिल करने के लिए महाविद्यालय की रोवर-रेंजर यूनिट को शाबाशी दी।

### मासिक धर्म स्वच्छता पर लगाया जागरूकता शिविर



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** महिला एवं बाल विकास निदेशालय की परियोजना सदर मंडी के वृत्त सलवाहन में पर्यवेक्षक संदीप चौहान की देखरेख में पंचायत स्तरीय वो-दिन योजना पर आधारित मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बृखमनी के आंगनबाड़ी केंद्र बटेहड़ा-2 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को इस योजना के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा मासिक धर्म को एक समाज की कुरीति बताया। इस अवसर पर फीमेल हेल्थ वर्कर तिलका ने पर्सनल हाइजीन पर महिलाओं को जागरूक किया। पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी अनमोल है योजना, शुगण योजना की विस्तृत जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को दी। उन्होंने इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की चर्चा करते हुए बाल विवाह मुक्त समाज के लिए शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रोमिला, माया, विमला, अंजना, गोदावरी, गीता जेबीटी नंद लाल, उमावती व ग्रामीणों महिलाएं उपस्थित रहीं।

### प्रशिक्षुओं को अग्निपथ योजना पर दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर में भारतीय सेना की अग्निपथ योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक एवं एआरओ कर्नल डीएस सामंत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और संस्थान के प्रशिक्षुओं को योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान कर्नल डीएस सामंत ने प्रशिक्षुओं को अग्निपथ योजना के तहत उपलब्ध अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। कर्नल सामंत ने बताया कि आईटीआई के प्रशिक्षु अग्निवीर योजना में जीडी और टेक्निकल विंग दोनों में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आईटीआई या दो वर्षीय डिप्लोमा धारक आवेदन करने वालों को 30 अंक और दो वर्षीय डिप्लोमा धारकों को 40 अंक अतिरिक्त दिए जाएंगे।

### जल बहाव योजना गधिमन मझोठी किसानों को समर्पित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण हमीरपुर द्वितीय चरण के अंतर्गत सुनिश्चित सिंचाई प्रदान करने के लिए जिला परियोजना प्रबंधक मंडी द्वारा बहाव सिंचाई योजना गधिमन मझोठी का कार्य पूर्ण होने पर यह परियोजना 9 दिसंबर को संबंधित कृषक विकास समूह को हस्तांतरित की गई। इस परियोजना से 14.51 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की गई तथा इससे 68 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। इस उप परियोजना के निर्माण हेतु 36 लाख खर्च किए गए जिसमें 1730 मी. लम्बी कूहल का निर्माण किया गया। हस्तांतरण के दौरान कृषक विकास समूह के प्रधान चेत राम, ग्राम पंचायत प्रधान नेक राम, प्रबंधक समिति के सदस्य तथा अन्य लाभार्थी उपस्थित थे।

# सरकार के जश्न में जनता परेशान
# न चली बसें न खुले सरकारी दफ्तर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

बिलासपुर में आज हिमाचल सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने का जश्न मनाया, जिसमें सभी एचआरटीसी बसों के रूट रद्द होने और बसों को ले जाने की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों और तकनीकी सहायकों व अन्य कर्मचारियों को बसों में लोगों को जश्न की रैली में ले जाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को भी इसमें उपस्थित होने के लिए कहा गया है, जिसके चलते आज आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायतों का काम भी आज ठप रहा क्योंकि सचिवों को बसों की जिम्मेदारी सौंपी गई है और जल शक्ति, लोक निर्माण व अन्य विभागों के दफ्तर खुले तो थे लेकिन कर्मचारी सभी बिलासपुर गए हुए थे।

आज जश्न मनाने के नाम पर विभागीय काम बंद रहे और अघोषित तौर पर सरकारी मशीनरी व पैसे का दुरूपयोग करके कांग्रेस पार्टी ने रैली कर डाली और अब ये नई परंपरा शुरू हो गई कि जश्न मनाने के बहाने पार्टी की रैलियां कर दी जाये। मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता व पूर्व जिला पार्षद ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन करने पर रोक लगनी चाहिए। प्रदेश सरकार वित्त संकट का सामना कर रही है तो दूसरी तरफ ऐसे आयोजनों पर करोड़ों रुपए की फिजूलखर्ची कर रही है।

उन्होंने सभी एचआरटीसी की बसों को रैली में भेजने की भी कड़ी आलोचना की है और मांग की है कि सरकार को विकास कार्यों को पूरा करने पर ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले दो साल से लगभग ठप पड़े हैं।

एचआरटीसी सरकाघाट डिपो के मैनेजर मेहर चंद और धर्मपुर डिपो के कार्यवाहक मैनेजर विनोद कुमार ने बताया कि उनके डिपो से 34 और 23 बसें रैली के लिए भेजी गई है।


एक प्राइवेट बस में जमा हुई लोगों की भीड़।

### सरकाघाट और धर्मपुर में बंद रहे लोकल रूट

**उधर** 2 साल के जश्न रैली को लेकर एचआरटीसी की सरकाघाट और धर्मपुर डिपो स्कूल 57 बसें कार्यकर्ताओं को लेकर रवाना हुई थी जिसके चलते आज कोई भी लोकल रूट पर बस सेवा सवारियों को नसीब नहीं हो पाई जबकि टैक्सी और प्राइवेट गाड़ियों ने जमकर चांदी कुटी वहीं स्कूली बच्चों आम जनता बुजुर्ग और दिव्यांगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा

### जोगिंद्रनगर के ग्रामीण रूटों पर यात्री परेशान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर एचआरटीसी डिपो की छह बसों को वहां भेजा गया, जिससे जोगिंद्रनगर से पधर, नौहली, खडिहार, नागण, सिमस, बैजनाथ और ऐहजू के रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित रहीं। ग्रामीणों, विशेष रूप से बुजुर्गों और छात्रों को वैकल्पिक साधनों से यात्रा करनी पड़ी, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ और अव्यवस्था देखने को मिली। कुछ यात्री घंटों तक बसों का इंतजार करते रहे। छात्रों और नौकरीपेशा लोगों ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की। बस अड्डा प्रभारी रमेश चंद्र ने बताया कि सुबह कुछ रूटों पर बसें चलाई गई थी, लेकिन शाम को सेवाएं बाधित रहीं। डिपो में बसों और स्टाफ की कमी को इसका कारण बताया गया। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस तरह के आयोजनों के लिए बस सेवाओं को इस हद तक प्रभावित न किया जाए कि आम जनता को परेशानी उठानी पड़े। डिपो प्रबंधन ने यात्रियों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि जल्द ही सामान्य सेवाएं बहाल की जाएंगी।

# जोगिंद्रनगर में पानी के बढ़े बिलों पर भड़के लोग, किया प्रदर्शन


बिलों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए स्थानीय लोग ।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर बुधवार को पानी के बिलों में तिगुनी वृद्धि के विरोध में आज उपमंडलाधिकारी नागरिक और जलशक्ति विभाग कार्यालय के बाहर स्थानीय लोगों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व नगर परिषद जोगिंद्रनगर के उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने किया।

धरवाल ने कहा कि महंगाई के इस दौर में शहरी क्षेत्रों में जीवन यापन करना पहले ही मुश्किल हो रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा पानी के बिलों में तीन गुना वृद्धि करना जनता के लिए असहनीय है। जो बिल पहले तीन महीने में लगभग 710 रुपए आता था, अब बढ़कर 1710 रुपए हो गया है। यह निर्णय हिमाचल जैसे प्रदेश में बिल्कुल अनुचित है।

नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर ने भी इस मुद्दे पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया।

#### हाउस टैक्स में वृद्धि करना सरकार का अन्यायपूर्ण कदम

उन्होंने कहा, पानी के बिलों के साथ-साथ हाउस टैक्स में बेतहाशा वृद्धि करना सरकार का अन्यायपूर्ण कदम है। शहरी जनता पर ऐसा बोझ पहले किसी सरकार ने नहीं डाला, जैसा सुक्खू सरकार में हो रहा है।

नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार, पार्षद शीला देवी, शहरी भाजपा अध्यक्ष पंकज ठाकुर, और सतबीर शर्मा सहित कई अन्य नेता और नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बढ़े हुए पानी के बिलों और अन्य करों को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।(अनंत ज्ञान)

## युवक ने लगाया फंदा, मौत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत ऊटपुर में एक युवक द्वारा फंदा लगाकर अपनी इहलीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम ऊटपुर गांव के एक 25 वर्षीय युवक ने अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

युवक की पहचान करण कुमार 25 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक युवक अपने घर पर अकेला था। मृतक की माता जो की मल्टी टास्क वर्कर है अपनी ड्यूटी के बाद सायं करीब 6:30 बजे जब घर पहुंची तो उसने अपने बेटे को कमरे में फंदे से झूलता पाया। मृतक की माता ने ग्राम पंचायत ऊटपुर के उपप्रधान दिनेश कुमार सहित ग्राम वासियों की मदद से युवक को तुरंत निजी गाड़ी के माध्यम से सिविल अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया, परंतु डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस चौकी प्रभारी रमेश कुमार और पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर युवक का शव कब्जे में ले मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जोगिंद्रनगर अस्पताल भेजा गया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## नेरचौक में ढाबे में धमाका होने से छह लोग झुलसे

**आदर्श, नेरचौक ।** लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज के समीप मंडियाली ढाबे में दोपहर 1:28 पर जोरदार धमाका हुआ जिसमें छह लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं। इस हादसे में दर्जनों लोगों को चोटें आई हैं। जानकारी अनुसार लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज के समीप मंडियाली धाम ढाबे में दोपहर को धमाका हुआ जिसके बाद बाजार में अफरा तफरी का माहौल बन गया।

ढाबे के अंदर खाना खा रहे तथा कार्य करने वाले अधिकांश लोग झुलस गए। मंडियाली धाम ढाबा में कार्य कर रहे केशव, संतोष व महेंद्र बुरी तरह से झुलस गए हैं वही होटल के अंदर खाना खा रहे अमरचंद व गिरधारी भी आग की चपेट में आ गए। ढाबे के सामने के दुकानदार प्रवीण शर्मा भी आग की लपटो में झुलस गए हैं। घायल अमरचंद, केशव, संतोष, महेंद्र, गिरधारी व प्रवीण शर्मा को लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए ले जाया गया। सभी घायल लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन है।

## जोगिंद्रनगर में लगेंगे 10 सीसीटीवी कैमरे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर नगर परिषद ने शहर की सुरक्षा और स्वच्छता को नए आयाम देने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी शुरू कर दी है। 2 लाख रुपये की लागत से प्रथम चरण में 10 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है, जिनमें से चार कैमरे पहले ही सक्रिय हो चुके हैं।

कार्यकारी अधिकारी आदित्य चौहान ने जानकारी दी कि पुराना मेला मैदान, गुगली खड्डु पुल, होटल उहल और गुरुद्वारा के पास सीसीटीवी कैमरे चालू कर दिए गए हैं। जल्द ही भराड़ू नाला, गांधी वाटिका, ईसीएचएस अस्पताल, गरोड़ू, आयुर्वेदिक फार्मेसी और हर्बल गार्डन में भी कैमरे लगाए जाएंगे।

शहर में बढ़ती गंदगी और अराजक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। सीसीटीवी की मदद से न केवल शहर को स्वच्छ रखा जाएगा बल्कि महिलाओं की सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाएगा। नगर परिषद स्वच्छ जोगिंद्रनगर उपमंडल अभियान के तहत 10 नए लिटर विंग डस्टबिन स्थापित करने जा रही है। इनमें से कुछ बस अड्डा, तहसील परिसर, एथलेटिक सेंटर और ऐसे स्थानों पर लगाए जाएंगे, जहां डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण संभव नहीं हो पाता। इसके साथ ही धार्मिक सामग्री के निष्पादन के लिए विशेष डस्टबिन भी लगाए जाएंगे।

शहरवासियों से अपील की गई है कि वे नगर परिषद की इस पहल में सहयोग करें और कचरे के अलग-अलग प्रबंधन को प्राथमिकता दें।

## बांग्लादेश के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग

**अनिल शर्मा, मंडी**

बांग्लादेश में आज वहां के निवासी अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार व मंदिरों का विनाश कर रहे हैं। अगर समय रहते केंद्र सरकार कड़े कदम नहीं उठाती है और इस पर रोक नहीं लगती है, तो वह दिन दूर नहीं जब इस प्रकार की घटनाएं दुनिया के दूसरे देशों में भी अल्पसंख्यक हिंदुओं के ऊपर घटनी शुरू हो जाएगी।

यह बात एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा महासचिव रमेश तपवाल तथा मुख्य सलाहकार नायब सूबेदार अमृतलाल ने कही। कै. जगदीश वर्मा जो खुद 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध में भाग लेने वाले हैं, उन्होंने बताया कि यह कितनी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि भारत के सैनिकों ने अपने जीवन बलिदान कर वहां के नागरिकों को बचाया था, लेकिन वहीं के नागरिक हिंदुओं के ऊपर अत्याचार कर रहे हैं।

कै. जगदीश वर्मा ने बताया कि हमारे संगठन के कितने ही पूर्व सैनिक है जिन्होंने 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग दिया था, जिसमें भारत के लगभग 4000 सैनिक शहीद हुए थे तथा 12000 से ऊपर गंभीर रूप से जख्मी हुए थे।(अनंत ज्ञान)

### अत्याचारों की रोकथाम की हो व्यवस्था

कै. जगदीश वर्मा ने बताया कि हम अपने संगठन की तरफ से सरकार से मांग करते हैं कि वह जल्दी से जल्दी सख्त से सक्त कदम उठाए और अल्पसंख्यक हिंदुओं के ऊपर बांग्लादेश में जो अत्याचार हो रहे हैं उनकी रोकथाम की व्यवस्था करें अन्यथा भारत के 4000 से भी अधिक हुए शहीदों के लिए यह एक अपमान की बात होगी कि उन्होंने जिस देश की रक्षा के लिए प्राण त्याग दिए, लेकिन हम आज वहां के हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार व उनके पूजा स्थलों का संरक्षण भी नहीं कर पा रहे हैं।

## माता बूढ़ी बरछवावन के मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**मंडी।** इलाका बदार के गांव मासड नजदीक पंडोह में माता बूढ़ी बरछवावन के प्राचीन मंदिर की बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा की गई। घाटी के मासड गांव में माता बूढ़ी बरछवावन का मूल स्थान गाव सीलहा मे माता के मंदिर व भडार का नवनिर्माण किया।

माता बूढ़ी बरछवावन को मासड माता के नाम से भी जाना जाता है। यह बात मंदिर के पुजारी देशराज ने ने कहा कि माता का मंदिर मासड गांव में स्थित है मगर माता का प्राचीन मंदिर दरिया के किनारे पर बसा हुआ था अब इस मंदिर को स्थानीय जनता द्वारा नया बनाया गया है ।

## भगवद् गीता भारतीयता की पहचान : प्रो . लक्ष्मीधर

**अनंत ज्ञान, मंडी**


गीता जयंती पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बच्चे।

आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि भगवद् गीता भारतीयता की पहचान है। एक ऐसी धरोहर जो पूरे विश्व को एक कुटुंब बना सकती है। जिला मंडी की अग्रणी शिक्षण संस्था एसवीएम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी में गीता जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि आज से पांच हजार दो सौ इकावन वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने कुरूक्षेत्र के युद्ध मैदान में धनुर्धर अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि सनातन धर्म मानने वालों ने जीवन से गीता को अलग कर दिया। जबकि इस्लाम धर्म मानने वाले कुरान और ईसाई धर्म मानने वाले बाइबल को पढ़ते हैं। जबकि भगवद् गीता है तो किसी भी पुस्तक की जीवन में जरूरत नहीं है।

कार्यक्रम के अंत में पाठशाला के प्राचार्य डॉ. उमेश मंडयाल ने धन्यवाद प्रस्ताव सहित सबका आभार व्यक्त किया।

## सूखे पेड़ में लगी आग, टला हादसा

**जोगिंद्रनगर।** मसौली पंचायत के धरू गांव में सड़क किनारे एक सूखे पेड़ में लगी आग के कारण साथ सटे रेन शेल्टर और अमित कटोच के घर पर खतरा मंडराने लगा। जोगिंद्रनगर अग्निशमन चौकी की टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पाया, जिससे गांव में बड़ी दुर्घटना टल गई।

जानकारी के अनुसार राहगीरों ने ठंड से बचने के लिए आग जलाई जिसे ऐसे छोड़ दिया, जिस कारण सूखे पेड़ में आग लग गई। जोगिंद्रनगर अग्निशमन चौकी के प्रभारी कर्म सिंह ने बताया कि आग से लगभग 4 लाख रुपए की संपत्ति को बचा लिया गया है।

## धनोटू की सरकारी भूमि बनी कूड़े-कचरे की डंपिंग साइट

**अनंत ज्ञान, महादेव**



नाचन क्षेत्र का मुख्य द्वार धनोटू के यहां गंदी नालियों से उठती बदबू से जहां प्रदूषण फैलता जा रहा है वहीं सरकारी भूमि का एक बड़ा भाग तरह-तरह के बास मारते कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है।

गांव धनोटू के पास से बहती बीएसएल परियोजना की नहर के ओर पूर्व सरकारों के समय में एक बड़ा डेमोंस्ट्रेशन फार्म हुआ करता था जहां फूलों की खेती हुआ करती थी। मगर वर्षों से बंद पड़े इस कारोबार से इस उपजाऊ भूमि को न जाने क्यों बंजर हालत में राम भरोसे छोड़ दिया गया है।

अब इस भूमि को देखकर लगता है कि यह क्षेत्र भर के कूड़े-कचरे से गुलजार है। लोग इस अव्यवस्था के लिए प्रशासन एवं सरकार को खरी खोटी सुनाकर नाक ढककर गुजरते रहते हैं।

## व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन न होने से आक्रोश

**भीम बसेड़ू, महादेव**



नाचन क्षेत्र के अंतर्गत महादेव व्यापार मंडल व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन न किए जाने से प्रदेश सरकार के प्रति आक्रोशित है क्योंकिव्यापार मंडल ने बोर्ड के पुनर्गठन हेतु अनेकों बार सरकार को लिखा मगर किसी भी किस्म का जवाब एवं कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। इस सिलसिले में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल से महादेव व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता सहित महासचिव गोपाल शर्मा व मुख्य सलाहकार मोहन लाल गुप्ता जो भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सह संगठन सचिव भी हैं मिले और अपनी बात पुनः रखी। महादेव व्यापार मंडल जो उक्त बोर्ड गठन को लेकर वर्ष 2022 से लेकर कई बार लिख चुका है।

सता परिवर्तन के बाद की सरकारों ने व्यापारियों के कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन के बारे में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जबकि पिछली बार नवंबर माह में उपमुख्यमंत्री महोदय मुकेश अग्निहोत्री को व्यापारी प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा था वहीं कई बार सरकार को लिखा मगर अभी तक निराशा ही हाथ लगी है, इसके अलावा आबकारी एवं कराधान विभाग सुंदरनगर द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को लेकर भी सुझाव मांगे थे जो सरकार को भेज दिए गए थे मगर परिणाम शून्य ही रहा। महादेव व्यापार मंडल ने सुक्खू सरकार से अपील करते हुए लिखा है कि सरकार दो वर्ष की कामयाबी पर जश्न मना रही है तो व्यापारी हितों का ख्याल कर जश्न समारोह में व्यापारी कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन को भी शामिल कर इस लंबित पड़े जनहित कार्य की घोषणा कर अनुगृहित करें।(अनंत ज्ञान)

**सफलता** प्राकृतिक खेती के लिए लीना ने की गोबर और गौमूत्र खरीदने की साहसिक पहल

# पंज्याणु बना प्राकृतिक खेती का आदर्श गांव

**पीयूष शर्मा, करसोग**



सुकेत रियासत की आदि राजधानी पांगणा के पश्चिमी छोर पर अवस्थित पंज्याणु गांव की लीना शर्मा प्राकृतिक खेती के प्रसार और सफलता की पर्याय बन गई है।

प्राकृतिक खेती जहां कमतर लागत और पर्यावरण के सुदीर्घ स्वास्थ्य की पोषक है वहीं यह खेती रासायन रहित उत्पाद की गुणवत्ता से स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल संवाहिका है। पांगणा के पंज्याणु गांव में लगभग एक दशक पूर्व प्राकृतिक खेती को अपनाकर लीना शर्मा ने एक ऐतिहासिक शुरूआत की। पज्याणु के आसपास के गांव की महिलाएंअपने खेती में प्रयोग होने वाले गोबर गोमूत्र के अलावा जो शेष बच जाता है उसको लीना शर्मा के संसाधन भंडार में लाकर बेच रही है इससे इन ग्रामीण महिलाओं की आर्थिकी में वृद्धि हो रही है। लाभान्वित महिलाओं में ममता शर्मा, मीरा देवी शांता शर्मा, सावित्री, पूजा शर्मा, तारा शर्मा इत्यादि का कहना है कि इस तरह से गाय से दूध के साथ साथ गोबर, गोमूत्र भी इकठ्ठा कर लीना शर्मा को बेचती है। लीना शर्मा लगभग 10 क्विंटल गोबर और 150 लिटर गौमूत्र खरीद चुकी है।(अनंत ज्ञान)

### रासायनिक कीटनाशक ने बिगाड़ा भूमि का स्वास्थ्य

**सुकेत** संस्कृति साहित्य और जन कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेन्द्र बाली 'हिम' का कहना है कि वास्तव में रासायनिक कीटनाशक व उर्वरक ने जहां भूमि के स्वास्थ्य को बिगाड़ दिया है वहीं इनसे प्राप्त उत्पाद के प्रयोग से लोग भीषण रोगों की चपेट में आ रहे हैं। प्राकृतिक खेती के विस्तार से जहां कृषि व बागवानी में उतरोत्तर हो रहे व्यय में भारी कमी आएगी। वहीं यह व्यवसाय एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में उभरेगा। प्राकृतिक खेती से जहां कृषि व बागवानी को नये पंख लगेंगे वही पशुधन से पोषित व्यवसाय सफेद क्रांति का सूत्रपात होगा।

## सपीयू को बंद करने का काम कर रही कांग्रेस सरकार : अमित



**मंडी।** विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संयोजक राज्य विश्वविद्यालय कार्य अमित कुमार ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के साथ प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे सौतेले व्यवहार के विषय पर मीडिया से बातचीत की। अमित ने बताया कि निदेशक उच्च शिक्षा का बिल्डिंग को निजी महाविद्यालय को सौंपने के विषय अत्यंत चिंतनीय है सरदार पटेल जी के नाम से स्थापित विश्वविद्यालय जो की मंडी में स्थित है आज पूरा देश सरदार पटेल जी की 150 वी जयंती मना रहा है जिन्होंने पूरे देश को एक सूत्र में बंधने को लेकर के अपना पूरा जीवन इस देश सेवा के लिए लगाया वहीं उन्हें के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय जो सुचारू रूप से चल रहा है उसको प्रदेश सरकार कहीं न कहीं बंद करने का जो मन बना रही है वह छात्र विरोधी है शिक्षा विरोधी है।

## हिमाचल डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों ने जांचे 87 विद्यार्थियों के दांत

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**


चिकित्सा शिविर के दौरान डॉक्टर व मौजूद बच्चे और अन्य।

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की टीम ने बुधवार को राजकीय माध्यमिक पाठशाला भोजपुर बाजार में एक विशेष निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर के तहत विधालय के सभी छात्रों के दांतों की जांच की गई एवं दांतों को स्वस्थ रखने के विभिन्न तरीके जैसे की सही ढंग से ब्रश कैसे करना, फ्लॉस का इस्तेमाल तथा सेहतमंत खान-पान के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के तहत मौके पर उपस्थित 87 छात्रों के दांतों की जांच की गई। यह शिविर डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल, प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया तथा दंत चिकित्सकों में डॉ. साहिल नेगी, डॉ. शिखा, डॉ. अर्पण, डॉ. अर्जुन, डॉ. अलीना, डॉ. दीपाली, डॉ. गगन, डॉ. सारा पुरी, डॉ. सृष्टि शेखर, डॉ. शगुन धीमान के साथ द्रोपत्ति शामिल रहे। राजकीय माध्यमिक पाठशाल की ओर से मुख्याध्यापिका लेसारी शर्मा और कंचन सेन, लता देवी, रोशन लाल, सुभाष, कृष्ण चंद, जया विनोद कुमार और रजनी का अहम योगदान रहा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**अनंत ज्ञान, सैंज ।** राजकीय महाविद्यालय सैंज के रोड सेफ्टी क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर सैंज बाजार में एक रैली निकाली। रैली के दौरान छात्रों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े नारों और पोस्टरों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. होशियार शर्मा प्रो. प्रेम नेगी, और प्रो. वंदना आर्य ने भी छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की।

### अगले वर्ष उदयपुर से तिन्दी तक होगी टारिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** तांदी संसारी मार्ग पर सफर ओर सुगम हो जाएगा। अगले वर्ष उदयपुर से तिन्दी तक टायरिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। विधायक अनुराधा राणा से हुई बातचीत में बीआरओ चीफ इंजीनियर राजीव कुमार ने कहा कि मडग्रां गांव तक सड़क की टायरिंग का कार्य कर लिया है। चीफ इंजीनियर ने बताया कि अगले वर्ष लाहुल से श्रीनगर पहुंचना ओर आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि तांदी संसारी मार्ग अब किलाड़ होते हुए गुलाबगढ़, गुलाबगढ़ से किश्तवाड़, किश्तवाड़ से पहल गांव, पहल गांव से श्रीनगर तक जुड़ गया है। उन्होंने बताया कि तांदी से संसारी तक सड़क की हालत सुधर गई है।

### आनी महाविद्यालय में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के आरंभ में छात्र संघ के अध्यक्ष अक्षय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत महाविद्यालय के विभिन्न संकायों, विभागों, क्लब एवं सोसाइटी के छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी।

### संकट और आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** एनएचपीसी पार्वती जल विद्युत परियोजना ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कुल्लू के सहयोग से संकट और आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण में एनएचपीसी के 35 कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में होम गार्ड और सिविल डिफेंस की 7वीं बटालियन, कुल्लू ने भी सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान जलविद्युत परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

### प्रश्नमंच प्रतियोगिता में अब्दुल कलाम सदन प्रथम



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग में गीता जयंती पर्व के उपलक्ष पर दो प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें बच्चों ने सदन के अनुसार भाग लिया प्रतियोगिता में गीता के 12वें अध्याय के पहले 10 श्लोक पूछे गए। उसके पश्चात गीता से संबंधित प्रश्नमंच प्रतियोगिता करवाई गई, इन दोनों प्रतियोगिताओं में अब्दुल कलाम सदन प्रथम रहा जिसमें रिया, वंशिका, सूर्यांश, भुवनेश्वरी, गरिमा, संध्या प्रथम स्थान पर रहे विद्यालय के संस्कृत के आचार्य सुभाष ने इसकी तैयारी करवाई थी। जिसमें उन्होंने प्रतिदिन वंदना सभा में गीता के 12वें अध्याय का भावार्थ और गीता की विभिन्न जानकारियां बच्चों को दी। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय की प्रधानाचार्य विजेता ठाकुर ने विजयी बच्चों को इनाम भी दिए।

### मन्नत भारद्वाज को क्लैट की परीक्षा में 5वां रेंक



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू की बेटी मन्नत भारद्वाज ने भी इस वर्ष की क्लैट की परीक्षा में हिमाचल में पांचवा रेंक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मन्नत अब देश की प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई करेगी। कुल्लू जिला के सुल्तानपुर में रहने वाली मन्नत भारद्वाज ने इस साल के कॉमन लॉ एंट्रेंस टेस्ट में प्रदेश में 5वां और देश भर में 1664 वां स्थान हासिल कर पूरे जिला का नाम रोशन किया है। इस चयन परीक्षा में मन्नत अब देश की प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई करेगी। मन्नत भारद्वाज की शिक्षा ओएलएस स्कूल एवं भारत भारती कुल्लू में हुई है।

### आनी के शमेशा में भालू ने नोची महिला

**अनंत ज्ञान, आनी ।** शमेशा में स्थानीय निवासी जय देवी (55) पत्नी झाबे राम पर दो भालुओं ने अचानक हमला बोलकर जख्मी कर दिया । जिसे उपचार के लिए नागरिक चिकित्सालय आनी में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद जख्मी महिला की हालत में थोड़ा सुधार आ गया है। जानकारी मुताबिक आनी के शमेशा गांव की निवासी जय देवी (55) जब प्रातः पांच बजे भालुओं ने हमला बोलकर उन्हें सिर, बाजू और पीठ पर अपने नुकीले नाखूनों से बुरी तरह जख्मी कर डाला। वहीं वन मंडल अधिकारी चमन रॉय ने बताया कि भालू को पकड़ने के लिए जल्द पिंजरा लगाया जाएगा।

# रोहतांग सहित कुंजम बारालाचा में बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, मनाली ।** रोहतांग सहित कुंजम, बारालाचा व शिंकुला दर्रे में बुधवार दोपहर बर्फ के फाहे गिरे। लाहुल के ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी बर्फ की सफेद परत बीछ गई है। बदले मौसम के मिजाज से ठंड बढ़ गई है। बुधवार सुबह मनाली सहित लाहुल घाटी में धूप खिली लेकिन दोपहर बाद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया।

रोहतांग सहित सभी दर्रे वाहनों के लिए पहले ही बंद कर दिए हैं। मनाली लेह सहित मनाली जंस्कार मार्ग भी सर्दियों के चलते सभी वाहनों के लिए बंद हो गया है। बुधवार दोपहर बाद रोहतांग सहित हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकर वेद, इंद्र किला, चंद्रखणी, हामटा धुंधी, भृगु व दशोहर की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे।

#### सीबी रेंज की चोटियों पर हिमपात

रोहतांग के उस पार जिंगजिंगबार सहित सीबी रेंज की चोटियों पर हिमपात हुआ। हुई। लाहुल घाटी के अधिकतर उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिरे जबकि बादल छाने से घाटी में हिमपात की उम्मीद बनी हुई है। पर्यटन नगरी मनाली में सुबह धूप खिली जबकि दोपहर बाद बादलों ने डेरा डाल लिया है जिससे बारिश व हिमपात की संभावना बनी हुई है।



जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति में गिरी बर्फ ।

### एमआरएफ प्लांट का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला में ठोस कचरे का प्रबंधन करने के लिए कोकसर और बिलिंग में स्थापित किए गए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) प्लांट का उपायुक्त राहुल कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अटल टनल बनने के उपरांत जिला में प्रतिदिन 10,000 पर्यटक पहुंच रहे है। पर्यटकों की इतनी ज्यादा संख्या में यहां आने से जिला में कुड़ा प्रबंधन मुश्किल हो गया है।

इसके निस्तारण के लिए दो जगहों कोकसर और बिलिंग में एमआरएफ केंद्र स्थापित किए गए हैं। कोकसर और बिलिंग में स्थापित एमआरएफ प्लांट ने कार्य करना शुरू कर दिया है।

उन्होंने सभी पर्यटकों से चिप्स के खाली पैकेट, पानी की खाली बोतलें यहां वहां न फेंकने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि शिशु में स्थापित साडा बैरियर में सभी पर्यटकों को एक कपड़े का बैग दिया जाएगा।



### अनंत ज्ञान आज मनाएगा अपनी प्रथम वर्षगांठ

## वर्षगांठ पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रक्तदान शिविर आज




क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू जहां आज रक्तदान कैंप आयोजित किया जाएगा।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

दैनिक समाचार पत्र ( प्रिंट एवं डिजिटल)' अनंत ज्ञान' आज अपनी पहली वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर कुल्लू जिला में एक रक्तदान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और युवाओं व लोगों को रक्तदान करने बारे जागरूक करना, समाज में रक्तदान की आवश्यकता को पूरा करना है। मानवीय सरोकार से जुड़े इस कार्यक्रम में उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

इसके अलावा सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और सूत्रधार संस्था के अन्य पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

वहीं, कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी मुख्यातिथि होंगे जबकि उनके साथ नप कुल्लू के अन्य पार्षद विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। एक दिवसीय इस रक्तदान शिविर में एसएसबी, कुल्लू कॉलेज, आईटीआई शमशी, होमगार्ड, एचआरटीसी कुल्लू आईटीबीपी, कुल्लू पुलिस और स्थानीय पत्रकारों व युवाओं सहित अन्य विभिन्न संस्थाओं से जुड़े युवा युवतियां रक्तदान कर पुण्य कमाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## दुग्ध सहकारी सभाएं कर रही पशुपालकों की आर्थिकी को सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



राज्य दुग्ध उत्पादक सहकारी प्रसंध दुग्ध अभिशीतन केंद्र मौहल कुल्लू के प्रभारी अमित ठाकुर ने बताया कि केन्द्र के साथ अभी 39 सोसाइटी काम कर रही हैं जो कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है। विभिन्न सहकारी सभाओं से दूध इकट्ठा किया जाता है। मिल्क प्लांट में लाने के बाद उस दूध को स्थानीय मर्किट में 48 रुपए लीटर की दर से बेच रहे हैं। जिला में कार्यरत दुग्ध सहकारी सभाएं आजकल इस बात पर ध्यान दे रही हैं कि व्यक्तिगत तौर पर पर दूध की गुणवत्ता की जांच हो और गुणवत्ता के आधार को दुध के रेट मिले। दुग्ध उत्पादक सहकारी सभा शिरढ की सचिव रीना ठाकुर ने बताया कि सोसाइटी के गठन के बाद लोगों को दूध के बहुत अच्छे रेट मिल रहे हैं।

### डीडीएमए की एडवाइजरी का पालन करें पर्यटक : राहुल

**केलांग ।** जिला में हिमपात होने पर बड़ी संख्या में पर्यटक लाहुल स्पीति जिला के पर्यटक स्थलों अटल टनल, कोकसर, शिशु, जिस्पा का रुख कर रहे हैं। उन्होंने जिला में आने वाले सभी पर्यटकों से रोजाना जिला आपदा प्रवंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति (डीडीएमए) द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने का आग्रह किया है।

हिमपात में तथा उसके उपरांत सड़कों पर वाहन चलाना काफी खतरनाक हो जाता है और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इससे बचने के लिए लाहुल आने वाले पर्यटक फोर वाई फोर वाहन में ही आएं और यह भी सुनिश्चित कर लें की गाड़ी में चेन लगी हो।

## पतलीकूहल में शुरू हुई पहली डायग्नोस्टिक स्मार्ट लैब

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की उझी घाटी का 24 घंटे सेवा देने वाला पहला डायग्नोस्टिक स्मार्ट लैब पतलीकूहल में शुरू हो गया है। एडीएम कुल्लू अश्विनी ने रिबन काटकर इस लैब का विधि-विधान से उद्घाटन किया।

यहां पर लगी हाइटेक मशीन 15 मिनट में हार्ट फैल होने की सूचना दे देगी । एडीम अश्विनी ने कहा कि यह लैब न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि आसपास के इलाकों के लिए भी एक वरदान साबित होगी। स्मार्ट लैब का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक के साथ किया गया है जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्लाउड बेस्ड सॉफ्टवेयर और तेजतर्रार मशीनों का उपयोग किया गया है यहां मरीजों के सभी प्रकार के टेस्ट और जांच समय पर और सही तरीके से किए जाते हैं स्मार्ट लैब में 24 घंटे सेवा उपलब्ध है जिससे लोगों को किसी भी समय अपनी स्वास्थ्य जांच करवाने में कोई दिक्कत नहीं होती। इस मौके पर मौजूद रहे बीएमओ कर्ण ने कहा कि यह लैब ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। जहां पहले चिकित्सा सेवाएं सीमित थी और मरीजों को अधिक दूर स्थित शहरों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता था। लैब में रक्त परीक्षण यूरिन टेस्ट एक और अन्य आवश्यक मेडिकल जांच की जा रहीं है।



उद्घाटन करते गणमान्य।

इसके अलावा स्मार्ट लैब के माध्यम से रिपोर्ट्स को जल्दी और डिजिटल रूप में मरीजों तक पहुंचाया जाता है। इस पहल से न केवल चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है बल्कि यह कल्लू और आसपास के क्षेत्र में लोगों की चिकित्सा जागरूकता को भी बढ़ावा दे रहा है।(अनंत ज्ञान)

## लोगों की आर्थिकी को सशक्त बनाने में अधिकारी उठाएं आवश्यक कदम

**अनंत ज्ञान, चंबा**



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज एसडीएम कार्यालय डलहौजी में विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया ।

उपायुक्त ने सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसाधारण तक सुनिश्चित बनाने को लेकर अंतर विभागीय समन्वय आधारित गतिविधियों को कार्य प्रणाली का हिस्सा बनने को निर्देशित किया। साथ में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसानों-बागबानों, पशुपालकों तथा मत्स्य पालन से जुड़े लोगों की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आवश्यक कदम उठाएं।

किसानों-बागबानों की सुविधा के दृष्टिगत सिंचाई योजनाओं को बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व मामलों के त्वरित समाधान के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुखाश्रय, अपना विद्यालय, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यटन विकास से संबंधित कार्यों सहित विद्युत बोर्ड, जल शक्ति विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्माणाधीन विभिन्न योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल का एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने बैठक में स्वागत किया।

### आधार बायोमैट्रिक अपडेट करवाना आवश्यक: संकल्प

**केलांग।** सहायक उपायुक्त संकल्प गौतम ने कहा है कि पोस्ट आफिस केलंग, एसडीएम कार्यालय उदयपुर, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय काजा में आधार पंजीकरण व अपडेशन सैंटर में जाकर आमजनता अपने आधार का पंजीकरण व अपडेशन करवा सकती है। सहायक उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय आधार मानिटरिंग समिति की बैठक की अध्यक्षत कर रहे थे। बैठक में यूआईडीएआई के राज्य प्रौजेक्ट प्रबंधक विजय सिंह ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों के आधार कार्ड में बायोमैट्रिक अपडेशन करवाना आवश्यक है।

## पर्यटकों को कपड़े के थैले किए वितरित



पर्यटकों को थैले वितरित करते गणमान्य।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिलदारी डलहौजी ने नगर परिषद डलहौजी के परस्पर सहयोग से पर्यटकों के बीच पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कूड़े-विरोधी अभियान का आयोजन किया।

इस पहल के तहत 60 वाहनों में पर्यटकों को कपड़े के थैले वितरित किए गये। पर्यटकों को अपने प्लास्टिक कचरे को इन थैलियों में संग्रहित करने और बाद में पर्यटन स्थलों पर कूड़ा फैलाने के बजाय अपने होटल के कूड़ेदान में जिम्मेदारी से निपटान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

#### कूड़ा फैलाने की बजाय अपने होटल के कूड़ेदान का करें इस्तेमाल

अभियान का लक्ष्य सुंदर स्थानों पर कचरे को जमा होने से रोकना और डलहौजी की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करना था। इस आयोजन की क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने खूब सराहना की है। उन्होंने कामना की है कि नगर परिषद डलहौजी एवं हिलदारी भविष्य में भी ऐसे स्वच्छता को लेकर आयोजन करते रहेंगे।(अनंत ज्ञान)

| सूडोकु 0013 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

***** कठिनतम

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : डॉ . बिपन

**ओपी शर्मा, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा बीते कल बुधवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. बिपिन ठाकुर ने की।

उन्होंने सर्व प्रथम 7 दिसंबर से शुरू हुए 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन अभियान के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया की इस अभियान में 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, टीबी रोगियों के नजदीक रहने वाले उनके पारिवारिक सदस्यों के अलावा कुपोषित व्यक्तियों, शुगर तथा एचआईवी इत्यादि गंभीर रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों को विशेष रूप से टीवी रोग संबंधी जांच की जाएगी । इसके अलावा निक्षय वाहन का उपयोग करते हुए आयुष आरोग्य केंद्रो में टीवी रोग संबंधी, जांच के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे है इसके अलावा आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से भी संभावित टीबी रोगियों को चिन्हित कर उन्हें जांच शिविरों में पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा ने बैठक में उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन भी किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने को कहा जिससे हर व्यक्ति लाभ ले सके। (अनंत ज्ञान)

## गीता जयंती के शुभ अवसर पर प्रसाद किया वितरित

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



बीते कल बुधवार को एकादशी गीता जयंती के शुभ अवसर पर होटल माउंट व्यू के सौजन्य से लंगर का आयोजन किया गया था जिसमें माउंट व्यू होटल द्वारा पूजा-अर्चना के उपरांत लोगों को प्रसाद में हलवा चना वितरित किया गया।

इस आयोजन को लेकर नगर परिषद डलहौजी के पूर्व अध्यक्ष मनोज ने जानकारी देते हुए बताया कि गीता ही एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसकी हर साल जयंती मनाई जाती है। गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। इसलिए इस दिन गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### 24 घंटे बाद शव निकाला बाहर मंगलवार को किया था सुसाइड

**आजम डार, तीसा।** जिला चंबा के उपमंडल चुराह में रखलु माता मंदिर के समीप मंगलवार शाम को एक युवक ने छलांग लगाकर अपनी जान गवा दी थी, इसके बाद पुलिस विभाग और अग्निशमन विभाग ने मिलकर मृतक के शव को बाहर निकालना चाहा परंतु रात का अंधेरा होने के कारण शव बाहर नहीं निकाला जा सका था। पुलिस विभाग और अग्निशमन विभाग स्थानीय लोगों ने मिलकर शव को 24 घंटे के बाद बाहर निकाला।

मृतक की पहचान मुकेश कुमार पुत्र लालचंद गांव सुलाना के रूप में की गई मामले की पुष्टि डीएसपी सलूनी रंजन शर्मा द्वारा की गई। (अनंत ज्ञान)

## आज का पंचांग

12 दिसंबर, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** द्वादशी (10:28): **नक्षत्र** अश्विनी (09:58), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** परिघ (03:22) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:35), **राहुकाल** (01:32 -02:50)।

**विशेष दिन**

- 12 दिसंबर 2024 : दान द्वादशी आज।
- 13 दिसंबर 2024 : प्रदोष व्रत कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** परिवार को समय देंगे धन के मामले में आज का दिन बेहतर रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधित कोई अच्छा सौदा हो सकता है, जिससे धन लाभ होगा।

**वृषभ:** मन में प्रसन्नता रहेगी और दांपत्य जीवन में उतार-चढ़ाव रहेगा। आप रचनात्मक बनेंगे। प्रेम के मामले में कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।

**मिथुन:** मानसिक तनाव रहने से निर्णय लेने में असुविधा होगी। दांपत्य जीवन में प्रेम के बावजूद तकरार होगी। प्रेम के मामले में सफलता मिल सकती है।

**कर्क:** मानसिक तनाव होगा और खर्चे भी काफी होंगे,आर्थिक स्थिति पर जोर पड़ेगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। किसी बड़े रोग की दस्तक हो सकती है।

**सिंह :** कार्यों में सफलता मिलेगी। मनचाही इच्छा की पूर्ति होने से मन खुश होगा, लेकिन शिक्षा में रुकावट आएगी। संतान के प्रति चिंता बढ़ेगी।

**कन्या :** भाग्य का सितारा चमकेगा। आमदनी में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। किसी दूर यात्रा का मौका मिलेगा, जो आपको आर्थिक लाभ भी देगी।

**तुला:** किसी बड़े काम में रुकावट आने से मन थोड़ा परेशान हो सकता है। ससुराल पक्ष के लोगों से मिलने का मौका मिलेगा, लेकिन तकरार संभव है।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन के लिए खुशी भरा दिन रहेगा। आज आपका जीवन साथी रोमांटिक मूड में होगा।स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रह सकता है।

**धनु :** विरोधियों से घिरे रहेंगे, आप ही उन पर भारी पड़ेंगे। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, जिससे मन थोड़ा दुखी हो सकता है। पुराने कर्ज को चुकाने में सफल रहेंगे।

**मकर :** दिन प्यार के नाम रहेगा। रोमांटिक मूड में नजर आएंगे। आपका प्रियतम भी खुश रहेगा। यदि विवाहित हैं, तो दांपत्य जीवन में भी खुशी भरे पल आएंगे।

**कुंभ :** परिवार में व्यस्तता रहेगी। माता से अच्छे संबंध रहेंगे और उन्हें सुख की प्राप्ति होगी। पिताजी भी बात सुनेंगे और उनका आशीर्वाद मिलेगा।

**मीन :** आज के दिन किसी यात्रा पर जाने में सुख की अनुभूति होगी। साहस तथा पराक्रम में बढ़ोतरी होने से कार्य में सफलता मिलेगी।



## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री कल कुपवी में करेंगे जनसभा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खु 13 दिसंबर को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के तहत कुपवी क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को प्रातः 11:45 बजे कुपवी के कुपेश्वर मंदिर मैदान में लोक निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके पश्चात वह लाभार्थियों को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि वितरित करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री कुपवी के स्थानीय गांव में लोगों की समस्याओं का निराकरण करेंगे और रात्रि ठहराव भी कुपवी में ही करेंगे।

### शिक्षा मंत्री रोहित कल से रोहड़ू प्रवास पर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 13 और 14 दिसंबर को रोहड़ू और जुब्बल विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री 13 दिसंबर को प्रातः 10 बजे भगोली में नवनिर्मित काली माता मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। इसके पश्चात वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे। शिक्षा मंत्री प्रातः 11:30 बजे सरोट में नवनिर्मित भोठा महासु महाराज, काली चिंता माता तथा नरसिंह महाराज मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोट के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे। शिक्षा मंत्री 14 दिसंबर को प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत सामरा (हंसटारी) में पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### सीएम के कुपवी दौरे को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित



**अनंत ज्ञान-चौपाल, नेरवा।** मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र चौपाल के कुपवी दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखा जा रहा है तथा इस दौरे को सफल बनाने और मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत के लिए कांग्रेस संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने बुधवार को कुपवी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की मांगों को लेकर मंत्रणा की। वह वीरवार को प्रातः नौ बजे चौपाल में तथा ग्यारह बजे नेरवा में भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। उधर, सीएम के दौरे की व्यवस्थाएं जानने के लिए सहायक उपायुक्त शिमला ने भी कुपवी के दौरे पर हैं। इस दौरान वह सभी प्रकार की व्यवस्थाओं की जांच कर रहे है तथा विभिन्न विभागों को निर्देश भी दे रहे हैं।

### सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में मनाई गीता जयंती



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी में मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं श्रीमद्भगवत पर प्रश्नोतरी भी आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी सदन के अनुसार एवं वर्ग के अनुसार आयोजित की गई, जिसमें बाल वर्ग में प्रहलाद सदन प्रथम सावित्री सदन द्वितीय स्थान तथा ध्रुव सदन व जानकी सदन तृतीय स्थान पर रहे। किशोर वर्ग सावित्री सदन प्रथम स्थान जानकी सदन द्वितीय स्थान व प्रहलाद सदन तृतीय स्थान पर रहे। तरुण वर्ग में ध्रुव सदन प्रथम सावित्री सदन द्वितीय स्थान तथा प्रहलाद सदन तृतीय स्थान पर रहे। अंत में प्रधानाचार्य चंपा वर्मा ने सभी बच्चों को गीता जयंती का महत्व बताया एवं गीता उपदेश को जीवन में ढालने के लिए कहा।

### धामी कॉलेज में मनाया मानवाधिकार दिवस



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। वर्तमान में मानव अधिकार आवश्यक क्यों विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर मनीला गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करते हुए मानव अधिकार दिवस के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और समानता का आधार है, जो एक सशक्त और समावेशी समाज की नींव रखता है। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि मानव अधिकार नसिर्गिक अधिकार है इसलिए मानव अधिकार को कर्तव्य के साथ जोड़कर किसी भी सत्ता पर दबाव बनाकर मानव का उद्धार किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण जरेट ने कहा कि विश्व मानव अधिकार दिवस सम्मान, स्वाभिमान एवं समानता के साथ मानव अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूक करता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि इनका संरक्षण करते हुए देश के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता शर्मा, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में किया जागरूक





**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी व स्टेट आफ द आर्ट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रोड सेफ्टी के उपलक्ष में सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्नी से न्यू बस स्टैंड सुन्नी तक विशाल रैली का आयोजन किया गया तथा आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

### सड़क सुरक्षा के बारे में जगाई अलख



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ में बुधवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग से कुलदीप, संदीप जोशी और मीडिया की ओर से आए पत्रकार शिव वालिया द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रशिक्षुओं को दी गई और सभी से अपील की गई कि जब भी वाहन का इस्तेमाल करें। यातायात नियमों का पालन करें जिससे कि खुद के साथ साथ दूसरे लोग भी सुरक्षित रहें। संदीप जोशी और शिव वालिया ने बताया कि आज के समय में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं ऐसे में सभी के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत ज्यादा जरूरी है।

# नाटियों पर खूब झूमे दर्शक

## गेयटी थियेटर में मतियाना छात्र कल्याण संघ ने करवाया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सांस्कृतिक कार्यक्रम डांगरू में रंगारंग प्रस्तुति देतीं कलाकार।

- **कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर रहे मुख्यातिथि**

गेयटी थियेटर शिमला में मतियाना छात्र कल्याण संघ की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम डांगरू का आयोजन किया गया। इसमें पहाड़ी गायक कुलदीप शर्मा ने धमाल मचाया। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मतियाना छात्र कल्याण संघ की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

इसके बाद छात्र संगठन की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र ठोडा नृत्य, चोल्टू नृत्य, पहाड़ी नाटी, मिक्स नाटी, डांडिया, सोलो सांग आदि की प्रस्तुति दी गई। वहीं पहाड़ी कलाकारों ने भी अपने मधुर आवाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसमें नाटी किंग कुलदीप शर्मा, काकू कंवर व अरुण जस्टा ने एक से बढ़कर एक नाटियों की झड़ी लगा दी, जिस सुनकर लोग अपने आप को थिरकने से नहीं रोक सके। काकू कंवर ने शिलूए लांबा बे नाटी रा झलारा, मेडा लागा बोलो माहूनागे, राचली पिटली सुने री कांगड़ी आदि दिली नाटियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं कुलदीप शर्मा ने चल रामपुर चल मेरी सजनी लागा ढोलो रा ढमाका, भामणिए आदि नाटियां प्रस्तुत की। कुलदीप शर्मा की नाटियों पर मुख्यातिथि जयराम ठाकुर ने भी खूब ठुमके लगाए। वहीं मुख्यातिथि ने मतियाना छात्र कल्याण संघ के छात्रों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ने अपनी संस्कृति को संजोए रखा है।

# नेता प्रतिपक्ष ने जाना बस हादसे में घायल हुए लोगों का कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



आईजीएमसी में घायलों को देखने पहुंचे पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर देर सायं आईजीएमसी पहुंचे, जहां उन्होंने आनी में हुए बस हादसे के घायल लोगों का कुशलक्षेम जाना। इस घटना पर जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं भाजपा के समस्त नेताओं ने गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के आनी में बड़ा सड़क हादसा हुआ है, यह बहुत दुख की बात है। यात्रियों से भरी एक निजी बस के गहरी खाई में गिरने से चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 39 यात्री घायल हुए हैं।

गंभीर रूप से घायल 25 से अधिक यात्रियों को आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। बाकि घायल आनी अस्पताल में भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह एक निजी बस करसोग के आनी जा रही थी। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे श्वाड-निगान सड़क पर बस शकेलड़ के समीप नीचे खड्ड किनारे गिर गई। हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे के दौरान बस में चालक सहित 42 लोग सवार थे।

# सीजन की पहली बर्फबारी के बाद बढ़ी ठिठुरन, घरों में दुबके लोग

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

सीजन की पहली बर्फबारी के बाद ठिठुरन इस कद्र बढ़ गई है कि लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो गए हैं। ऊंचे क्षेत्रों में तो पारा शून्य डिग्री से भी नीचे जा पहुंचा है। कड़ाके की ठंड के बीच हीटर, गीजर आदि बिजली उपकरणों का उपयोग बढ़ने से विद्युत लोड भी अत्यधिक बढ़ गया है, जिस वजह से बिजली की आंख मिचौनी लोगों को खूब सता रही है। वहीं रात के समय अत्यधिक पाला गिरने से बर्फीली पहाड़ियों के किनारे चौपाल-शिमला मार्ग पर पाला जमने से सुबह शाम यातायात बाधित हो रहा है। चौपाल-शिमला मुख्य मार्ग से लोक निर्माण विभाग द्वारा बर्फ तो हटा दी गई है,परन्तु रात को अत्यधिक पाला गिरने से इस मार्ग पर फिसलन हो गई है। सड़क पर फिसलन होने की वजह से बुधवार को सुबह के समय वाहनों की आवाजाही थमी रही एवं नौ बजे के बाद ही इस सड़क पर छोटे वाहन दौड़ने शुरू हुए, जबकि परिवहन निगम द्वारा शिमला को पहली बस दस बजे रवाना की गई। इसके आलावा सुबह के समय नेरवा से सुबह पांच बजे शिमला तक जाने वाली चामुंडा रुट की बस एवं चौपाल से भी पांच बजे चलने वाली कुपवी-चौपाल-शिमला बस रुट को पाला जमने की वजह से सड़क की स्थिति अनुकूल न होने की वजह से रद्द कर दिया गया। उधर, बुधवार को शिमला से भी नेरवा और चौपाल क्षेत्र के लिए महज दो बसें ही भेजी गई।

बस स्टैंड चौपाल के इंचार्ज हीरा लाल ने बताया कि पाला जमने से सड़क पर फिसलन के चलते चौपाल से आठ बजे रवाना होने वाली रसलाह-शिमला बस को सुबह दस बजे के बाद भेजा गया है एवं अन्य बसें भी इसके बाद ही शिमला को रवाना हुई है। उन्होंने बताया कि शिमला से कुटांगण एवं पहलोग के लिए संयुक्त तथा सरांह के लिए महज दो ही बसें भेजी गई हैं। लिहाजा जितनी बसें शिमला से आएंगी उतनी ही वापस शिमला भेजी जाएगी, जबकि लोकल रुट प्रभावित ना हों। इसके अलावा लोकल रूटों पर बसों की उपलब्धता एवं सड़कों की स्थिति के आधार पर बसें रूटीन में चल रही है। (अनंत ज्ञान)

## सरकार के दो साल पूरे होने पर मनाया जश्न



अनंत ज्ञान, शिमला। पूर्व में मुख्यमंत्री सुक्खू के पॉलिटिकल एडवाइजर रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया को-ऑर्डिनेटर अनिल गोयल अपने कार्यकर्ताओं के साथ जन बल के साथ बिलासपुर के लुहणू मैदान पहुंचे। जहां पर उन्होंने सरकार के दो साल पूर्ण होने पर जश्न मनाया।

## बैलों की लड़ाई की चपेट आया व्यक्ति चोटिल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कस्बा राजा का तालाब में दो बेसहारा बैलों की लड़ाई की चपेट में एक व्यक्ति आ गया, जिसे चोटें भी आई हैं। वहीं, बैलों की लड़ाई की चपेट में आई स्कूटी सहित एक व्यक्ति के साथ घटी घटना की वीडियो बुधवार शाम सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस पर लोगों के ज्यादातर कॉमेंट रहे कि उक्त क्षेत्र में बेसहारा बैलों की लड़ाई की घटनाएं आए दिन होती ही रहती हैं, जिस कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। साथ ही उनके द्वारा बेसहारा बैलों के आतंक से निजात को भी अपील की जा रही है।

## बंदरों के आतंक से इच्छी व सहौड़ा के लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा विधानसभा के अंतर्गत इच्छी के वार्ड 11 और वार्ड नंबर 6 में बंदरों ने स्थायी बसेरा बना डाला है। बंदरों के कारण इच्छी व सहौड़ा के किसानों की मेहनत व लागत पर बंदरों ने कुंडली मारकर बैठे हुए है। फसल, सब्जियां, फलदार पौधों पर वानरों की टोली कहर बनकर टूट रही है। गांव में कच्चे मकानों पर खपरैल हैं, जिन पर बंदरों की उछलकूद होने से भी क्षति हो रही। बंदर इन दिनों सब्जियों, अमरूद के वृक्षों और अन्य फलदार वृक्षों पर कहर बरपा रहे है। ग्रामीण अनु धीमान, गुलजार, अनिल, ओम लाल, ओम प्रकाश, कुलदीप, आशोक कुमार, गुलशन, इकबाल गुलेरिया, अवतार ने बताया कि फसलों, फलों, सब्जियों को भारी क्षति हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्दी ही गाव वालो को इस समस्या को ध्यान में लाकर इस समस्या का समाधान किया जाए।

# अनंत ज्ञान पहली वर्षगांठ पर आज बिलासपुर में लगाएगा रक्तदान कैंप

## बिलासपुर कॉलेज में सुबह 10 बजे उपायुक्त आबिद हुसैन करेंगे शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- **सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा शिविर**





अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल के एक साल के पूरा होने पर पूरे प्रदेशभर में जश्न मनाया जा रहा है। सफलता के एक वर्ष पूरा होने पर आज पूरे प्रदेशभर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में आज यानी वीरवार को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। इसका शुभारंभ उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक व एसपी बिलासपुर संदीप धवल द्वारा किया जाएगा। वहीं, इस आयोजन में सदर एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर की टीम विशेष रूप से उपस्थित रहेगी।

आपको बता दें कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र व टीवी चैनल ने एक साल के सफलता के कई आयाम स्थापित किए हैं। कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां क्षेत्र से प्रकाशित होने वाला अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने एक साल के भीतर प्रदेश के हर कोने तक अपनी पहचान बनाई और वहीं लोगों की प्रत्येक समस्या को सरकार तक पहुंचाने का भी मुख्य रूप से कार्य किया है। अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने एक साल के भीतर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपना बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया है। वहीं, अब एक साल पूरा होने पर पूरे प्रदेशभर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं, कांगड़ा जिला में सफाई अभियान भी किया जा रहा है। बिलासपुर जिला के सरकारी कॉलेज में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल व कॉलेज प्रशासन अपनी मुख्य भूमिका निभा रहा है।

## झंडूता क्षेत्र में आज बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के तहत 33.11 केवी सब-टेशन झंडूता की 11केवी एचटी





लाईन की आवश्यक मरम्मत के कार्य और पेड़ों की टहनियों की कांट छांट का कार्य 12 दिसंबर को प्रस्तावित किया गया है। इसके कारण खतेड़, टीकरी, कोटलू, गालियां, शेर, तुगड़ी, नेरशा, समोह, विजयपुर, डीन्यू, कडायल और बस्ती सहित साथ लगते अन्य गांवों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। छंटाई का कार्य मौसम पर निर्भर होगा। यह जानकारी देते हुए उपमंडल झंडूता के ई. सहायक अभियंता राजेश कुमार शर्मा ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# चिकित्सा भौतिकी श्रेणी में डॉ. बलवीर को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**





बिलासपुर जिला के जुखाला क्षेत्र के डॉ. बलवीर सिंह को एक और बड़ा सम्मान मिला है। डॉ. टीएमए पाई कन्वेंशन सेंटर मेंगलोर में आयोजित एसोसिएशन ऑफ रेडियेशन ऑन्कोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया (एआरओआई) के 44वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डा बलवीर सिंह को भौतिकी फेलोशिप के साथ सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मेडिकल भौतिकी में सर्वश्रेष्ठ पेपर के लिए प्रदान किया गया। पूरे भारत में चिकित्सा भौतिकी श्रेणी में यह फेलोशिप सिर्फ डॉ. बलवीर सिंह को मिली है इस तरह से वह पुरे देश में एकमात्र इस फेलोशिप के प्राप्तकर्ता बन गए है। डॉ. बलवीर सिंह की प्रारंभिक शिक्षा जुखाला स्कूल से ही हुई है। उन्होंने स्नातक की शिक्षा बिलासपुर कालेज से प्राप्त की। एमएससी की पढ़ाई पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से की है। उन्होंने पीजीआई चंडीगढ़ से पीएचडी पूरी की। वर्तमान में डा बलवीर सिंह सिंह श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज नेरचौक मंडी में रेडियेशन ऑन्कोलॉजी विभाग के मेडिकल फिजिसिस्ट के पद पर तैनात हैं। गौरतलब है कि डॉ. बलवीर सिंह को इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पीएचडी से सम्मानित किया गया है।

## पीएचसी राजा का तालाब को मिला अपना भवन

**फतेहपुर।** तीन उपमंडलों के केंद्र बिंदु उपतहसील राजा का तालाब के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को लंबे अरसे के बाद अपना भवन नसीब हो ही गया। फतेहपुर के विधायक एवं उपाध्यक्ष राज्य योजना बोर्ड भवानी सिंह पठानिया ने पीएचसी के नए भवन का शुभारंभ किया। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के हाथों 14 जनवरी 2017 को हुआ था। उस समय कहीं जगह न मिलने पर स्थानीय निवासी समाजसेवी स्वर्गीय प्रमोद सिंह ने अपनी निजी सराय में उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को खोलने के लिए जगह दी। इसके बाद स्थानीय निवासी स्वर्गीय गिरधारी लाल ने मुख्य सड़क किनारे 2017-18 में अपनी निजी भूमि में से एक कनाल, पांच मरले भूमि स्वास्थ्य विभाग के नाम कर दी। राजनीतिक उठापटक के बीच लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार 2021 में इसकी बिल्डिंग का कार्य शुरू हुआ और तीन साल के लंबे अरसे के बाद इसकी बिल्डिंग बन पाई, जबकि अभी भी रास्ता पक्का होने का इंतजार है।

# कार चालक ने एक स्कूटी दो बाइकों को मारी टक्कर



कार की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई सड़क किनारे खड़ी की गई मोटरसाइकिलें।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पुलिस थाना घुमारवीं के तहत क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेज रफ्तार से होने वाली घटनाओं के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। तेज रफ्तारी के चलते एक और ताजा मामला सामने आया जब राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला-मटौर 103 पर शहर के बीचो-बीच स्थित अग्निशमन चौकी के समीप बेकाबू कार चालक ने सड़क किनारे खड़े तीन वाहनों को टक्कर मार दी।

कार की टक्कर से एक स्कूटी और दो बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस हादसे में किसी भी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार बुधवार करीब 3 बजे एक कार भगेड़ से घुमारवीं की तरफ आई। कार जैसे ही अग्निशमन चौकी के समीप पहुंची तो चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया। इसके बाद गाड़ी एक के बाद एक सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अचानक तीन वाहनों के टकराने की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। हालांकि उस समय बाजार में काफी ज्यादा भीड़ थी। गनीमत यह रही कि किसी भी राहगीर को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई। वहीं आपसी सहमति के कारण मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## आयोजन | धर्मशाला महाविद्यालय में संस्कृत विभाग ने मनाई गीता जयंती

# भाषण प्रतियोगिता में अरुण कुमार श्लोक वाचन में शगुन-प्रीति अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के संस्कृत विभाग ने श्री मद्भगवद्गीता-जयंती के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का प्रमुख विषय श्री मद्भगवद्गीता के आलोक में जीवन-दर्शन रहा। समन्वयन समायोजन व निर्देशन संस्कृत विभाग की अध्यक्षता में प्रो. स्वर्ण लता शर्मा ने किया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन में कॉलेज प्राचार्य प्रो राकेश पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संजय पठानिया ने की। मुख्यातिथि व अतिथियों का स्वागत संस्कृत विभाग के छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर व बेजेज पहनाकर किया। संस्कृत विभाग प्रबंधन समिति के संयोजक प्रो. स्वर्ण लता शर्मा व कॉलेज प्राचार्य प्रो राकेश पठानिया ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन मंत्र तथा गणेश अथर्वशीर्ष वैदिक मंगलाचरण के साथ हुआ।

अतिथियों व सदस्यों ने भगवान श्रीकृष्ण और श्रीमद्भगवद्गीता की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। गीता के श्लोकों के ऐतिहासिक, पौराणिक, वैज्ञानिक व दार्शनिक व्याख्यान प्रस्तुत की गई। मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो डॉ योगेंद्र कुमार धामा ने गीता जयंती के कार्यक्रम में बतौर सारस्वत अतिथि के रूप में शिरकत की उन्होंने कहा कि गीता का सार हमें जीवन में जीने की कला सिखाता है गीता ही सत्य है और सत्य ही सनातन है। सभी प्राणी प्रकृति के आधीन हैं। प्रकृति अपने अनुसार हर प्राणी से कर्म करवाती है और उसके अनुसार परिणाम भी देती है। दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में गीता श्लोक-लेखन तथा गीता-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की छात्रा सोनाली ने श्रीमद्भगवत गीता और गीता का महत्व विषय पर एक प्रेरक भाषण दिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरुण कुमार, द्वितीय स्थान सृष्टि तथा तृतीय स्थान महक ने प्राप्त किया। वहीं, श्लोक वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शगुन तथा प्रीति ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान अंशिका तथा सारिका ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान पलिका तथा अंकिता ने पाया।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडी स्कूल के छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छाए



**दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी (अर्की) ने पीएम श्री की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। डाइट सोलन में आयोजित विभिन्न क्लबों की गतिविधियों में विद्यालय ने तीन गतिविधियों डिजिटल क्विज, लोकल आर्ट एंड ड्रामा और क्रिएटिव आर्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मंथन मंडल की वाद-विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या अमिता कौशल ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और भविष्य में इन्हें तराशने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों और कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें आगे भी ऐसी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पच्छाद में लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए मंथन

**अनंत ज्ञान, पच्छाद।** रोगी कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चलोग की वार्षिक बैठक एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व सभा में पारित प्रस्तावों के निष्पादन की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ. प्रियंका चंद्रा ने सुझाव दिए कि किस प्रकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। बैठक में वित्त वर्ष 2024-2025 के खर्चों का बजट 2,82,620/- रुपए पारित किया गया। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चलोग के भवन की मरम्मत एवं रखरखाव, स्वास्थ्य केंद्र के भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु, स्वास्थ्य केंद्र के भवन में इंटरनेट कनेक्शन लगाने तथा स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्टेशनरी से संबंधित वस्तुएं खरीदने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा अन्य प्रस्ताव भी पारित किए गए। एंबुलेंस के लिए सड़क मरम्मत और स्वास्थ्य कैंप एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए बजट पारित किया गया। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी पच्छाद डॉ. पुनीत शर्मा, चिकित्सा अधिकारी व प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चलोग डॉ. आजाद मीना, जिला परिषद सदस्य नीलम शर्मा, कार्यकारी बीडीओ विकास बंसल, सीडीपीओ दीपक चौहान, कार्यकारी अधीक्षक बीएमओ कार्यालय भीम सिंह, बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता नरवीर शर्मा, खंड लेखाकार अरुण सेवल सहित सभी विभागों अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### धुंदन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में 12 दिसंबर र को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में समाजसेवी जुल्फी राम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10:30 बजे होगी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि द्वारा वर्षभर में विद्यार्थियों द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों और मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने विद्यार्थियों के अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करें।

### पार्किंग का विधायक अवस्थी कल करेंगे उद्घाटन

**अर्की।** नगर पंचायत अर्की की विशेष बैठक अध्यक्ष अनुज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत के कार्यों को लेकर चर्चा की गई। अनुज गुप्ता ने बताया कि 13 दिसंबर को वार्ड 3 में करीब 60 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पार्किंग का विधायक संजय अवस्थी उद्घाटन करेंगे, जिसको लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वह सभी पार्षदों के साथ विधायक संजय अवस्थी से नगर पंचायत के विकास कार्यों को लेकर चर्चा भी करेंगे। उन्होंने शहरवासियों से कार्यक्रम मे हिस्सा लेने का आग्रह किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद हेमेंद्र गुप्ता, भारती वर्मा अन्य व मनोनीत पार्षद कुलदीप सूद सहित अन्य पार्षद व नप कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्री आरडी कैंप के लिए 3 स्वयंसेवक चयनित



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट के तीन एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस के प्री आरडी कैंप के लिए हुआ है। ये स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी विजय चंदेल और सह प्रभारी क्षमा शर्मा के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठाड़ में मेगा सिलेक्शन कैंप में भाग लिया। इन स्वयंसेवकों में चेतना पुत्री मनोहर लाल, वंदना शर्मा पुत्री पवन शर्मा और कार्तिक पुत्र रूपचंद शामिल हैं। चयन कैंप में इन स्वयंसेवकों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और संपूर्ण क्षमता का परिचय देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए अपना सुनिश्चित किया। चयन कैंप से विद्यालय लौटने पर इन स्वयंसेवकों का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने इन्हें बधाई देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### घरेलू हिंसा के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमएमयु में घरेलू हिंसा थीम के साथ महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया और महिलाओं के विरूद्ध हिंसा रोकने के ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए गए। महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंघल ने बताया कि महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ, आईसीसी और नैक समिति द्वारा एमबीबीएस,पैरामेडिकल और नर्सिंग के छात्रों के लिए एक भाषण प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ हिंसा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाना है। एमएमयु की अकादमिक डीन डॉ. भारती कवात्रा ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के लिए उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ सतेंद्र सिंह मिन्हास (कुलपति), अजय सिंघल (रजिस्ट्रार) , डॉ रवि चंद शर्मा (प्रिंसिपल एमएम मेडिकल कॉलेज), डॉ. जसबीर कौर (प्रिंसिपल-नर्सिंग कॉलेज), हरप्रीत कौर (वाइस प्रिंसिपल), नैक समन्वयक डॉ. वोहरा और प्रोफेसर डॉ. सुनीता वर्मा आदि का कार्यक्रम में स्वागत किया।

# सोलन हॉस्पिटल में ओटी टेक्निशियन की कमी से लंबित हो रहे ऑपरेशन

## रोगियों की बढ़ रही परेशानी, लोगों सहित तीमारदारों में रोष, बोले-जल्द करें नियुक्ति

**आर मोहन चौहान, सोलन**

स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र सोलन अस्पताल में एकमात्र ओटी होने का खामियाजा अब रोगियों को भुगतना पड़ रहा है। यहां पहले ही रूटिंग के ऑपरेशन करवाने के लिए रोगियों को लंबी डेट मिल रही है, तो वहीं दूसरी तरफ अब रोगियों के सामने एक और परेशानी खड़ी हो गई है। दरअसल पिछले कुछ महीनों से हॉस्पिटल में एक ही ओटी होने का खामियाजा रोगियों को इस कदर भुगतना पड़ रहा है कि ऑपरेशन की बारी आते ही इमरजेंसी ऑपरेशन करने पड़ रहे हैं।

इसके चलते उन्हें अगली डेट दे दी जाती है, ऐसे में या तो रोगियों को निजी क्लीनिक में महंगे दामों पर ऑपरेशन करवाने पड़ रहे हैं या फिर उन्हें लंबी डेट दे दी जा रही है। इससे मरीज खफा होने लगे हैं। मरीजों की माने तो रूटीन के ऑपरेशन के लिए पहले ही डेट नहीं मिल पाती। जब डॉक्टर द्वारा डेट दी जाती है तो यदि उस दिन कोई इमरजेंसी कैस आ गया तो अगली डेट थमा दी जाती है। हालांकि, नियमानुसार जब भी कोई इमरजेंसी कैस आए तो सबसे पहले उसी का ही ऑपरेशन किया जाना चाहिए, लेकिन जिले का सबसे बड़ा सरकारी हॉस्पिटल होने के चलते यहां मरीजों ने अब कम से कम दो बड़े ओटी खोलने की दरख्वास्त की है, ताकि यदि किसी मरीज को ऑपरेशन की डेट मिली हो तो उस दिन उसका ऑपरेशन हो सके।



सोलन अस्पताल में उपचार को पहुंचे लोग।

गौर रहे कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए सोलन जिले के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, ऐसे में यहां ऑपरेशन करवाने वालों की भी लंबी कतारें लगी रहती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने प्रतिदिन अलग-अलग डॉक्टर को ऑपरेशन करने के लिए कहा है, लेकिन परेशानी यह आ रही है कि यदि ईएनटी का ऑपरेशन चल रहा हो और तुरंत डिलीवरी करवानी हो तो रूटीन के ऑपरेशन को डाल दिया जाता है, ऐसे में यहां मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**एनेस्थीसिया का भी एक ही डॉक्टर**

सोलन हॉस्पिटल में ओटी की समस्या के साथ एक और प्रॉब्लम यह है कि पूरे हॉस्पिटल में एक ही एनेस्थीसिया का डॉक्टर है, ऐसे में यदि दूसरा कोई बड़ा ओटी खुल भी जाए तो उसका लाभ तब तक नहीं मिलेगा, जब तक यहां एक और अतिरिक्त एनेस्थीसिया डॉक्टर की तेनाती न हो जाए क्योंकि जब तक एक मरीज का ऑपरेशन कंप्लीट नहीं होता है, तब तक एनेस्थीसिया का डॉक्टर मरीज को छोड़ दूसरी जगह नहीं जा सकता। (अनंत ज्ञान)

> हॉस्पिटल में एक ही बड़ा ऑपरेशन थियेटर है, जहां बड़े मेजर ऑपरेशन किए जाते हैं। लेकिन यदि इमरजेंसी का कोई केस आ जाए तो फिर रूटीन के ऑपरेशन को टालना पड़ता है। हालांकि हॉस्पिटल में ऑर्थो के लिए अलग ओटी है।
> **-डॉ. संदीप जैन, अतिरिक्त कार्यभार एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

### प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री का है गृह विस क्षेत्र

सोलन हॉस्पिटल में सुविधाओं का अभाव बेहद चिंताजनक इसलिए भी है क्योंकि यह खुद प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल का गृह विधानसभा क्षेत्र है, ऐसे में यहां लोगों को आस थी की जब अपने विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश का स्वास्थ्य मंत्री होगा तो सुविधा बढ़ेगी, लेकिन अभी तक ऐसा होता जमीन स्तर पर नजर नहीं आया है। इससे लोग भी अब नाराज होने लगे हैं।

# लोहे की चादरें, एंगल और एल्युमीनियम की फिटिंग चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



चोरी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राम कुमार वर्मा निवासी जिला सोलन ने थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई कि गत 25 नवंबर को ठेकेदार ने इन्हें फोन करके बतलाया कि इनके मकान से कोई व्यक्ति इनका सामान 'लोहे की चादरों के कुल 32 पतरे, एल्यूमिनियम की फिटिंग करीब 350 फुट तथा लोहे के एंगल-14 पीस गाड़ी पिकअप नंबर एचपी16ए-3790 में डालकर ले जा रहा है।

इस पर मामला थाना धर्मपुर में दर्ज किया गया। इस मामले के अन्वेषण के दौरान पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर 10 दिसंबर 2024 को वारदात में संलिप्त 2 आरोपियों विनित कुमार उर्फ विक्की पुत्र राजु निवासी बड़ोग तहसील व जिला सोलन उम्र 28 साल तथा मेहर उर्फ संजु पुत्र मोहन लाल निवासी छबीशा खुर्द डा. रौड़ी तहसील कसौली जिला सोलन उम्र 29 साल को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों द्वारा वारदात में प्रयुक्त गाड़ी पिकअप नं. एचपी16ए-3790 को भी जब्त कर लिया है।

अन्वेषण के दौरान पता चला है कि इन आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए उपरोक्त पिकअप को कुम्हारहट्टी से किराये पर लिया था। इन आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश किया जा रहा है तथा शीघ्र ही इनसे चोरी किए गए सामान की बरामदगी की जाएगी। इनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले का अन्वेषण जारी है।

# एनडीपीसी मामले में वांछित उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

थाना धर्मपुर में अभियोग संख्या 0027/2022 अधीन धारा 21, 29 एनडीपीसी एक्ट पंजीकृत किया गया था, जिसमें 2 आरोपियों उमेश ठाकुर निवासी मांडोधार धर्मपुर तथा हेमंत शर्मा निवासी आंजी मातला से 6.37 ग्राम चिट्टा / हेरोइन बरामद की गई थी ।

इस अभियोग का अन्वेषण पुर्ण होने के उपरांत 2 अप्रैल, 2022 को आरोप पत्र जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन में पेश किया गया था, जिसका विचारण जारी है। इस मामले के विचारण के दौरान आरोपी हेमंत शर्मा अदालत में पेश न हो रहा था, जिस पर अदालत स्पैशल जज-2 सोलन द्वारा उपरोक्त आरोपी के विरुद्ध एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसे तामील के लिए थाना धर्मपुर भेजा गया था। इस वारंट पर कार्रवाई करते हुए थाना धर्मपुर की टीम द्वारा आरोपी हेमंत शर्मा उम्र 29 साल पुत्र नरेंद्र शर्मा निवासी आंजी मातला डा. धर्मपुर तह. कसौली जिला सोलन को गत 10 दिसंबर को धर्मपुर से गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

इस आरोपी को 11 दिसंबर अदालत में पेश किया गया था, जहां से 23 तक न्यायिक हिरासत रिमांड पर भेजा गया है।

# सनातन धर्म रक्षा मंच ने निकाली आक्रोश रैली

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में सनातन धर्म रक्षा मंच ने नालागढ़ बाजार में आक्रोश रैली निकाली। बांग्गलादेश में हिंदुओं के प्रति हो रही हिंसा को लेकर जमकर नारेबाजी की। बुधवार को एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

नालागढ़ के हैरिटेज पार्क में जिला संघ चालक महेश कौशल, विभाग मंत्री श्रवण कुमार, विश्व हिंदू परिषद राजेश कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद वर्मा, जिला मंत्री रेशम शर्मा, जिला सहमंत्री विनोद कुमार शर्मा, दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजिका पूजा शर्मा, बजरंग दल संयोजक मोहित, बजरंग दल सह संयोजक अनिल कुमार लकी, पूर्व विधायक लखविंद्र राणा, पूर्व विधायक केएल ठाकुर, प्रदीप कुमार, एडवोकेट संदीप सचदेवा, लव राणा, नमन, रोहित, प्रदीप के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एकत्रित हुए वहां पर बाजार होते हुए बर्फानी चौक गए, वहां से कालका चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे।



सनातन धर्म रक्षा मंच ने नालागढ़ बाजार में आक्रोश रैली निकाली। बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति हो रही हिंसा को लेकर जमकर नारेबाजी की।

**बांग्गलादेश में हिंदुओं के प्रति हो रही हिंसा को लेकर जमकर नारेबाजी की**

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्गलादेश में हिंदुओं के प्रति हो रहे अत्याचार को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारे पड़ोसी देश बांग्गलादेश में हिंदू एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति जघन्य अपराध व हिंसा जारी है। उनके घर व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचा कर दिनदिहाड़े लूटा जा रहा है, उनकी जघन्य हत्याएं की जा रही हैं।

मां, बहनों की अस्मत लूटी जा रही है, लेकिन वहां की सरकार इन अपराधों का दमन करने की बजाए मूकदर्शक बन इन अपराधों को करने वाले को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने भारत सरकार की ओर से इस विषय पर बांग्लादेश सरकार से व संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकार समिति में विरोध दर्ज कराकर तुरंत ऐसी उचित कार्रवाई करने की मांग की है जिससे बांग्लादेश में हिंदू समाज व अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अपराधों व हिंसा को तुरंत रोका जा सके। एसडीएम राजकुमार ने सनातन धर्म रक्षा मंच के पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# रद्द किया जाए रंजीत बावा का प्रोग्राम : विहिप

## बोले- रेडक्रॉस मेले में पंजाबी गायक ने प्रस्तुति दी तो स्थानीय प्रशासन होगा जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

विश्व हिंदू परिषद की इकाई नालागढ़ ने रैडक्रॉस मेले में तय गायक रंजीत सिंह बावा के विरोध में प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद इकाई नालागढ़ की अगुवाई में हिंदू समाज के दर्जनों की संख्या में लोगों ने रंजीव बावा को रैडक्रॉस मेले में बुलाने का विरोध किया। विश्व हिंदू परिषद सोलन के विभाग मंत्री राजेश कुमार की अध्यक्षता में समाज के लोगों ने एसडीएम नालागढ़ के माध्यम से उपायुक्त सोलन को ज्ञापन भेजते हुए रंजीत बावा के कार्यक्रम में रद्द करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि रैडक्रॉस मेले से कोई एतराज नहीं है, बल्कि ऐसे गायकों का एतराज है, जो हिंदू विरोधी हैं और हिंदू आस्था के खिलाफ गाने गा रहे है।

उन्होंने कहा कि अगर 15 दिसंबर को पंजाबी गायक रंजीत बावा कार्यक्रम में पहुंचते हैं तो उनका कड़ा विरोध किया जाएगा और उसका जिम्मेवार स्थानीय प्रशासन होगा। राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि नालागढ़ प्रशासन के इस फैसले का विरोध करते है क्योंकि रंजीत सिंह बावा ने हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि हमारे जनेऊ, शिव भगवान और गोमाता पर गलत टिप्पणी करने वाले गायक व कलाकार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में भी चंबा के मिंजर मेले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के विरोध के बाद जिला प्रशासन ने बावा का कार्यक्रम रद्द कर दिया था।



विश्व हिंदू परिषद सोलन की अगुवाई में गायक रंजीत बावा के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन देते हुए।

विश्व हिंदू परिषद सोलन के जिला अध्यक्ष अरविंद वर्मा का कहना है कि उपायुक्त सोलन से मांग उठाते हुए रंजीत बावा के कार्यक्रम को रद्द करने की मांग उठाई है और हिमाचल के अच्छे कलाकारों को मौका देने का आग्रह किया। है। गौरतलब है कि जिला स्तरीय रैडक्रॉस मेले का आयोजन नालागढ़ को ओल्ड ब्वॉयज स्कूल में 13 से 15 दिसंबर तक होने जा रहा है। इस दौरान हिमाचल व पंजाब के कई गायक अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसका शुभारंभ राज्यपाल के द्वारा किया जाएगा और समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शामिल होंगे।

एसडीएम नालागढ़ राजकुमार ने बताया है कि विश्व हिंदू परिषद की ओर से पंजाबी गायक रंजीत बावा के प्रोग्राम को रद्द करने की मांग उठाई है और उनके द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को उपायुक्त सोलन को भेजा जा रहा है।

## विधायक सोलंकी की विशेष मानवीय पहल

# विशेष बच्चों की मदद को बढ़ाए हाथ, करेंगे लगातार मदद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधायक नाहन अजय सोलंकी ने नाहन के ऐतिहासिक चौगान में आयोजित ट्रेड फेयर के दौरान पच्छाद तहसील के आदर्श बाल निकेतन के निराश्रित बच्चों से विशेष मुलाकात की। इन बच्चों के साथ समय बिताकर उन्होंने न केवल उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि उनके प्रति अपनी संवेदनशीलता और आत्मीयता का भी परिचय दिया। विधायक सोलंकी ने इन बच्चों को शहर के प्रसिद्ध 'सिटी हार्ट' रेस्टोरेंट में लंच के लिए आमंत्रित किया।

खास बात यह रही कि उन्होंने स्वयं बच्चों को खाना परोसा और उनके साथ भोजन करते हुए उनकी बातों को सुना। बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। सोलंकी ने इस अवसर पर कहा कि इन मासूम बच्चों के साथ समय बिताकर और उनके साथ भोजन करते हुए मुझे स्वर्गीय अनुभूति हुई। यह मेरे जीवन का बेहद खास पल था। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में निराश्रित बच्चों के लिए कई विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। सुख आश्रय योजना के अंतर्गत जल्द ही निराश्रित बच्चों के लिए हवाई यात्रा और फाइव-स्टार होटल में रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दृष्टिकोण हर जरूरतमंद तक पहुंचने और उनकी मदद करने का है। मैं भी उनके नक्शेकदम पर चलते हुए समाज सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बना रहा हूं।

### विधायक ने लिया संकल्प

अजय सोलंकी ने यह वादा किया कि वे आने वाले समय में इन बच्चों के लिए शिक्षा, रोजगार और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भगवान मुझे बार-बार ऐसे मौके देंगे, ताकि मैं जरूरतमंदों की अधिक से अधिक सेवा कर सकूं। यह पहल समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाती है, जो उनके नेतृत्व को और अधिक प्रभावशाली और प्रेरणादायक बनाती है।

**जानकारी** एमएमएमससई-विकास कार्यालय के सहयोग से नाहन में प्रदर्शनी व्यापार मेले का आयोजन

# एमएमएमससई की योजनाओं का लाभ उठाएं स्वयं सहायता समूह : सोलंकी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

एमएमएमएसई-विकास कार्यालय के सहयोग से राज्य की पीएचडीसीसीआई द्वारा चौगान ग्राउंड नाहन में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय की खरीद व विपणन सहायता योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रदर्शनी व्यापार मेला के द्वितीय दिवस में आज एकदिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अजय सोलंकी, विधायक, नाहन विधानसभा क्षेत्र तथा उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।



तीन दिवसीय प्रदर्शनी व्यापार मेला में लोगों के साथ विधायक अजय सोलंकी।

अजय सोलंकी ने कहा कि यह सेमिनार भावी उद्यमियों व पहले से उद्यम कर रहे उद्यमियों के लिए कारगर साबित होगा तथा केंद्र सरकार, राज्य सरकार व बैंकों द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संवर्धन व विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी उद्यमी जागरूक होंगे। उन्होंने स्वयं सहायता समूह व उद्यमियों से एमएसएमई की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि राज्य में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दो प्रदर्शनी व्यापार मेला का आयोजन करवाया जा चुका है और साथ ही इस वित्त वर्ष में राज्य के 50 से भी ज्यादा सूक्ष्म व लघु उद्यम इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 1 लाख 89 हजार से ज्यादा उद्यम पंजीकृत हैं, साथ ही जेड योजना के अंतर्गत राज्य में 1600 कांस्य, 9 रजत एवं 10 स्वर्ण प्रमाण पत्र उद्यमों को दिए जा चुके हैं।

क्लस्टर योजना के अंतर्गत राज्य में एक क्लस्टर का भी अनुमोदन मंत्रालय के द्वारा किया जा चुका है और साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों के विकास हेतु 60 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किए जा चुके हैं।

इस अवसर पर अशोक कुमार गौतम, भारतीय उद्यम विकास सेवा, सहायक निदेशक ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से संबंधित उपस्थित उद्यमियों से विस्तृत जानकारी दी। सेमिनार के दौरान उपस्थित विभिन्न संस्थाओं से आए अतिथि वक्ता भारतीय रिजर्व बैंक के राहुल जोशी, सिडबी के वरुण सिंघवाल एवं शशांक कुमार, एनएसआईसी-एससी एसटी हब के सूर्वभूषण, जेम के मीर जहूर, फिओ के विनय शर्मा, जिला उद्योग केंद्र/उद्योग विभाग के डॉ. ठाकुर भगत एवं राहुल शर्मास, एमएसएमई-टीसी के सुखमान सिह, क्यूसीआई-एमएसएमई पीसीआई के अंबेडकर काशियाना ने अपने-अपने विभागों द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संवर्धन व विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी एवं उद्यमियों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी व्यापार मेला में सिरमौर तथा हिप्र के अन्य राज्यों से आए हुए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम अपने-अपने उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री कर रहे हैं, उनको राज्य के संबंधित एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा एमएसएमई मंत्रालय की खरीद व विपणन सहायता योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्टॉल खर्च व कंटिजेंसी खर्च (अधिकतम 80 हजार) की अदायगी की जाएगी।

# मानदंडों पर खरा उतरने वाले शौचालय चयनित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालयों का श्रेष्ठ श्रेणी के रूप में चयन किया गया। इन विजेता ग्राम पंचायतों को जिला स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक अजय यादव ने सम्मानित किया।

सोलन विकास खंड की ग्राम पंचायत ओच्छघाट के राजकीय माध्यमिक विद्यालय कालाघाट के समीप सामुदायिक शौचालय तथा ग्राम पंचायत जाबल जमरोट के गांव डुंगी की शांति देवी पत्नी खेम चंद को व्यक्तिगत शौचालय की श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। कुनिहार विकास खंड की ग्राम पंचायत पलोग के सामुदायिक भवन मानन के समीप स्थित सामुदायिक शौचालय तथा ग्राम पंचायत घनागुघाट के गांव बपडोन की हरदेई पुत्री सुंदर सिंह को व्यक्तिगत शौचालय के लिए सम्मानित किया गया। विकास खंड नालागढ़ की ग्राम पंचायत घोलोवाल में स्थित शिव मंदिर कालीबाड़ी के समीप स्थित सामुदायिक भवन के सामुदायिक शौचालय तथा ग्राम पंचायत गोलजमाला के गांव नंगल उपरला के मलकीत सिंह पुत्र हरदयाल सिंह को व्यक्तिगत शौचालय के लिए सम्मानित किया गया।



विजेता पंचायतों को अजय यादव ने सम्मानित किया।

**विजेता पंचायतों को जिला स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त अजय ने किया सम्मानित**

धर्मपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत नारायणी के गांव जंदौरी के रत्न लाल पुत्र बालू राम को व्यक्तिगत शौचालय तथा कंडाघाट विकास खंड की ग्राम पंचायत छावशा के गांव बणी के नरेंद्र पाल पुत्र मानू राम को व्यक्तिगत शौचालय के लिए सम्मानित किया गया। सोलन जिले में 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक विश्व शौचालय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवधि में व्यक्तिगत व सार्वजनिक स्थलों पर शौचालयों की साफ-सफाई व मरम्मत कार्य करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के पैरामीटर में अव्वल रहे श्रेष्ठ व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालय का चयन किया गया।

अजय यादव ने कहा कि ऐसे अभियान से अन्य ग्राम पंचायतों को साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया जिला को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

## न्यूज ब्रीफ

### शिखर पोटू में आज लगेगा वार्षिक भंडारा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के संथापक बाबा लाल पुरी की याद में वार्षिक भंडारा वीरवार को शिखर पोटू भद्रकाली में आयोजित किया जाएगा। भंडारे में भद्रकाली शिखर पोटू, ब्रह्मपुर, गोंदपुर बनेहड़ा रोड़ा, फतहपुर-दौलतपुर, नकडोह और आसपास के गांवों के लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। गोंदपुर बनेहड़ा के स्कूल में भी बाबा लाल जी पुरी की भव्य प्रतिमा स्थापित की है।

### रिवालसर में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर




**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** भारत स्काउट एंड गाइडस की ओर से चार दिवसीय रीजनल लेवल सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में 4 से 8 दिसंबर तक किया गया। इस कैंप में संत ढांगू वाले गुज्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन की बीए तृतीय वर्ष की दो छात्राओं नैना व मनीषा ने भाग लिया। इस कैंप में छात्राओं को जूडो, कराटे, मार्शल आर्ट व आत्मरक्षा की अन्य तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और उनको बुरे वक्त में मानसिक संतुलन व हिम्मत से के साथ मुकाबला करने की प्रेरणा मिली। कैंप में प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के पश्चात दोनों छात्राओं का मूल्यांकन किया तथा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

### आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेकर लौटी 3 छात्राएं



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने आत्मरक्षा का गुर लेकर वापस स्कूल लौटीं। 4 से 8 दिसंबर तक राज्य प्रशिक्षण संस्थान रिवालसर में आयोजित किया गया। शिल्पा, रीना और आंचल ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हासिल किया। आंचल को गांधी गिरी युवा बैच से सम्मानित किया। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. मीता शर्मा ने बच्चों को बधाई दी और साथ ही साथ इस आत्मरक्षा के गुर अन्य लड़कियों को भी सिखाने का वादा लिया। इस मौके पर रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस और रेंजर लीडर डॉक्टर रंजू बनोटा भी उपस्थित थे।

### ऊना में खेतों में बिछी कोहरे की सफेद चादर



ऊना जिले में भीषण ठंड पड़ रही है, जिससे लोग काफी परेशान हो गए हैं। जिला मुख्यालय के समीप बुधवार को खेतों में बिछी कोहरे की सफेद चादर।

# नई दिल्ली में 21 को कर्मचारी और किसानों की मांगों पर होगी चर्चा

## अध्यक्ष डॉ. जी संजीव रड्डेडी की अध्यक्षता में होगी बैठक : जगत शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**राष्ट्रीय** इंटक कार्यकारिणी की बैठक 21 को नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय इंटक के अध्यक्ष डॉ. जी संजीव रड्डेडी करेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी इंटक के संगठन सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक पंचकुईयां रोड नई दिल्ली में बैठक होगी।

राष्ट्रीय इंटक के सभी पद अधिकारियों व स्थायी सदस्य को सूचना दे दी गई है। बैठक में



आरसी खुटिया, संजय सिंह, रघु भैया, चंद्र शेखरन, अशोक सिंह व चंद्र प्रकाश सिंह राष्ट्रीय नेता शिरकत करेंगे। इनके अलावा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पद अधिकारी देश के सभी प्रांतों के इंटक के अद्यक्ष भी हिस्सा लेंगे। बैठक में देश के कर्मचारी, मजदूरों और किसानों की मांगों पर खुलकर चर्चा होगी।

मोदी सरकार से सार्वजनिक क्षेत्र को तबाह होने से बचाना, महंगाई को रोकना, देश में बढ़ रही बेरोजगारी का बड़ा मुद्दा होगा। 44 श्रमिक कानूनों को तोड़ कर चार लेबर कोड बनाए, उनको वापस करना और आउट सोर्स ठेकेदारी अनुबंध आदि प्रथाओं को बंद करना, आंगनबाड़ी तथा सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मांगों, इंटक के संगठन को ओर मजबूती देना और यूनियनों की संबद्धता पर चर्चा की जाएगी। जगत राम ने बताया कि देशभर में साढ़े तीन करोड़ के लगभग इंटक के सदस्य हैं। भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर देश की सभी ट्रेड यूनियन व आजाद फेडरेशनों ने मिलकर समन्वय समिति का गठन किया है। इंटक और कांग्रेस संबद्ध ओर मजबूत करने के लिए भी चर्चा होगी ।

## खड्ड स्कूल में स्टूडेंट्स को मॉकड्रिल से किया जागरूक



खड्ड स्कूल में आपदा प्रबंधन विषय पर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**राष्ट्रीय** आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) नूरपुर, जिला कांगड़ा की 14वीं बटालियन ने बुधवार को पंडित मोहनलाल दत्त स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खड्ड में आपदा प्रबंधन विषय पर एकदिवसीय स्कूल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 298 छात्र-छात्राओं एवं 30 शैक्षिक व गैर शैक्षिक स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान एनडीआरएफ की ओर से निरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक अवतार सिंह एवं मोहित सिंह ने अपनी समस्त टीम सहित बच्चों को विभिन्न प्राकृतिक व मानव जनित आपदाओं के समय स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की जान को जोखिम से बाहर निकालने के लिए विभिन्न राहत एवं बचाव उपायों की मॉकड्रिल से जागरूक किया गया।

उपायुक्त कार्यालय ऊना के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ से प्रशिक्षण प्रभारी, राजन कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय के बच्चों ने सीपीआर आग लगने के समय व बाढ़ आने के समय किए जाने वाले आपातकालीन उपायों व प्राथमिक चिकित्सा उपचार आदि को देखा व अभ्यास किया। एनडीआरएफ की टीम ने स्कूल आपदा प्रबंधन प्रभारी व आपदा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों को चिकित्सा उपचार किट भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र पुरी, स्कूल अध्यापक, गैर-अध्यापक वर्ग एवं विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति के संपूर्ण सदस्य भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## चताडा स्कूल में विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**चताडा** स्कूल में बुधवार को बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया गया। रिसोर्स पर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव व दूर रहने का आह्वान किया। नशे से होने वाले हमारे शरीर को क्या नुकसान पहुंचता है, विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को बताया कि नशा हमारे दिल और दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। हमारी स्मरण शक्ति खत्म हो जाती है, जिससे पागलपन भी आता है। कई बार डिप्रेशन में भी मनुष्य चला जाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को भी अपने बच्चों पर पैनी नजर रखनी होगी। अध्यापकों को भी समय-समय पर बच्चों को इस संबंध में जागरूक करना चाहिए

## कांग्रेस की जश्न समारोह रैली फ्लॉप साबित : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**बोले- कांग्रेस ने दो साल में किए विनाश कार्य**

**भाजपा** युवा नेता अरुण कौशल ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में अपने दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल की कुल आबादी में से एक प्रतिशत जनता भी नहीं जुटा पाई है, क्योंकि हिमाचल की जनता के साथ विधानसभा चुनावों में बड़ा धोखा हुआ है।

कांग्रेस की जश्न समारोह की रैली फ्लॉप रही। विधानसभा चुनाव हो, तो हिमाचल की जनता कांग्रेस को जरूर सबक सिखाएगी, क्योंकि कांग्रेस ने पिछले दो साल में हिमाचल में विकास कार्य नहीं विनाश कार्य करें कभी महाविद्यालय और विद्यालय बंद किए, कभी समोसे की जांच। बाढ़ पीड़ितों को मरहम लगाने की जगह बिलासपुर में जश्न मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार ने हिमाचल में इतने बुरे हालत पैदा कर दिए कि लाखों सरकारी कर्मचारियों को समय पर सैलरी नहीं मिल पा रही है और कई बार देखा गया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाली मीडिया के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया हैं। ये सरकार रोजगार देने की बजाय रोजगार छीनने का कार्य कर रही हैं।

## सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 के लिए 15 तक होगा पंजीकरण : राजकुमार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार पठानिया ने कहा कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की ओर से चलाए जा रहे खेल महाकुंभ भाग-3 के लिए 15 दिसंबर तक पंजीकरण होगा। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। खिलाड़ी 15 दिसंबर तक अपनी टीमें सांसद खेल महाकुंभ के ऑनलाइन लिंक पर जाकर पंजीकृत करवा सकते हैं। पहले चरण में युवाओं के लिए क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबाल के लिए पंजीकरण करवाया जा रहा है। 21 लाख रुपए तक के इनाम वितरित किए जाएंगे। विधानसभा स्तर पर विजेता टीमों को क्रिकेट के लिए प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के लिए 21,000, 11,000, 5100 और वॉलीबाल, कबड्डी के लिए 11,000, 5,100, 3,100 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा। हर मैच में राष्ट्रीय गान के उपरांत युवाओं को नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिज्ञा दिलाने का कार्यक्रम रहेगा।

## बच्चों को दें अच्छे संस्कार: डॉ. महेंद्र



गीता जयंती पर मां ज्वाला जी गुरुकुल संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आस्था एवं संस्कार केंद्र की ओर से बुधवार को मां ज्वाला जी गुरुकुल में गीता जयंती के उपलक्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने वेद मंत्र से शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा उनके संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रो. नारायण सिंह राव, प्रोफेसर एवं डीन सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा कैंप ने महाभारत से लेकर संपूर्ण विश्व में कैसे हिंदुत्व का (गीता संदेश के माध्यम से) प्रसार हुआ, इस विषय पर प्रकाश डाला। डॉ. महेंद्र सिंह आशावत प्रिंसिपल लॉरेट फार्मेसी ने अनुरोध किया कि अपने बच्चों में अच्छे संस्कार और अच्छी परवरिश की जरूरत है। इसलिए उन्हें मानवीय मूल्य और सामाजिक मूल्यों का ज्ञान जरूर दें।

इस कार्यक्रम में करणवीर, ईशान, अभिषेक, नितिन, अजय सूद, अरुण शर्मा, राकेश, सुनील, मधु लता, वह शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने प्रदान की विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र बदरीनाथ के ग्राम मलारी स्थित मां हीरामणि के मंदिर एवं धरमनी



सामुदायिक स्थल के सौन्दर्यीकरण हेतु 45.06 लाख, जनपद रूद्रप्रयाग के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ में महर्षि अगस्त्यमुनि के मंदिर के सौन्दर्यीकरण हेतु 57.64 लाख, जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में कालीपातल फापा से चल्था खोलबन अश्वमार्ग निर्माण हेतु 40.96 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी।

वहीं जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट की तहसील कनालीछीना ग्राम टुंडी में जन मिलन केन्द्र की स्थापना हेतु 21.09 लाख, जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के डोबरी से वेगा देवी मंदिर सी0सी0 मार्ग एवं मेला स्थल का विकास हेतु 51.36 लाख, जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के ग्राम सभा सल्मोडा स्थित प्रसिद्ध थामा देवी मंदिर मेला स्थल सौन्दर्यीकरण व पहुंच मार्ग यात्री शैड निर्माण हेतु 45.33 लाख कि वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

# डल्लेवाल का आमरण अनशन 16वें दिन भी जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन बुधवार को 16वें दिन भी जारी रहा। डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र पर दबाव बना रहे हैं।

किसानों ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू तथा खनौरी बॉर्डर पर जारी अपने आंदोलन की सफलता तथा डल्लेवाल के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले किसान 13 फरवरी से शंभू और खनौरी में डेरा डाले हुए हैं। प्रदर्शनकारी किसानों ने डल्लेवाल को प्रदर्शन स्थल से हटाने से अधिकारियों को रोकने के लिए उनके चारों ओर सुरक्षा घेरा बना दिया है।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने 70 वर्षीय डल्लेवाल के समर्थन में लोगों से गुरुवार को रात्रि भोज न करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से 13



**किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने समर्थन में लोगों से वीरवार रात्रि को भोजन न करने का किया आग्रह**

दिसंबर को भाजपा नीत केंद्र सरकार का पुतला जलाने की भी अपील की।

इस बीच, किसानों के विरोध पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करने की इच्छा दोहराई।

पटियाला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, ''बातचीत ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। मैं किसानों से हाथ जोड़कर अपील करता हूं कि वे चर्चा के लिए आगे आएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हमेशा पंजाब के किसानों की चिंता रही है और उन्होंने पहले ही एमएसपी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी लागू कर दी है।'' बिट्टू ने डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की।

पंजाब के मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की प्रदेश इकाई के प्रमुख अमन अरोड़ा ने केंद्र से किसान आंदोलन को समझने और उनके मुद्दों को हल करने के लिए प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करने का आग्रह किया। बिट्टू के बयान पर एक सवाल के जवाब में अरोड़ा ने कहा, ''अगर आप उनके (बिट्टू) पिछले बयानों को देखें तो यह 360 डिग्री का बदलाव है। कभी वह किसानों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं और कभी कहते हैं कि वह उनके साथ हैं।''

अरोड़ा कहा, ''उन्हें (बिट्टू को) किसानों को अपने वाहन में ले जाना चाहिए तथा उनके और प्रधानमंत्री के बीच बैठक की व्यवस्था करनी चाहिए। सिर्फ बयानबाजी से कुछ नहीं होगा।''

## चंडीगढ़ में आवारा कुत्तों का आतंक

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में आवारा कुत्तों का इतना आतंक हो गया है कि आए दिन किसी ने किसी को काट दे रहे हैं और डिस्पेंसरी में अस्पताल में ट्रेविस के टीके लगाने वालों की लाइन लग जाती है। हर एक दिन कोई न कोई कैसे कुत्ते के काटने का आता है। कई बार तो इतना भयानक हो जाता है, जैसे कि कल सेक्टर 51 में एक वृद्ध महिला बाहर धूप सेक रही थी और उधर से गली का आवारा कुत्ता आया और उन पर झपट पड़ा आवारा कुत्ते ने इतना बुरी तरह काटा और घायल कर दिया कि उनका खून बंद नहीं हुआ उनके सिर पर और पैर पर काटने के निशान दिखाई दे रहे हैं।

तुरंत उसके बाद उनको मोहाली में फोर्टिस हॉस्पिटल उपचार के लिए ले जाया गया, जिस ढंग से सीसीटीवी कैमरे में कुत्ते का काटते समय का वीडियो कैद हुआ बहुत भयानक था और इससे किसी की जान भी जा सकती थी। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन डॉग स्क्वाड को इसकी इतला दी गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कुत्ता बाद में पकड़ लिया गया सवाल यह है कि





इतने सारे आवारा कुत्ते घूमते हैं कि इनको और रेबीज के प्रॉपर टीके लगे हैं या नहीं लगे हैं इसकी कोई जानकारी नहीं है क्योंकि साल में एक बार हर एक कुत्ते को रेबीज के टीके लगाए जाते हैं, प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जितने भी कुत्ते गलियों में घूम रहे हैं। इन सब को तक लगाया जाए और कोई कुत्ता अगर पागल हो रहा है या उसको रेबीज हो गई है तो उसको पकड़ के डॉग हॉस्टल में रखें जिससे कि आने जाने वाले लोगों को न काट सके। (अनंत ज्ञान)

## भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए छात्रों को संस्कारवान बनाना जरूरी : प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**भारत विकास परिषद चंडीगढ़ प्रांत ने 'भारत को जानो प्रीतियोगिता' की आयोजित**

चंडीगढ़ भारत विकास परिषद चंडीगढ़ प्रांत ने अपना वार्षिक प्रांत स्तरीय 'भारत को जानो प्रीतियोगिता' पीएम श्री राजकीय कन्या आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 18 में आयोजित की गई। इस प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता में स्कूलों के विद्यार्थियों की 5 कनिष्ट तथा 5 वरिष्ठ वर्ग की टीमों ने भाग लिया।

कनिष्ट वर्ग में राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 16 की टीम प्रथम रही और वरिष्ठ वर्ग मे राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय (बस स्टैंड के नजदीक मनीमाजरा की टीम प्रथम रही। यह दोनों टीमें 15 दिसंबर को फिरोजपुर कैंट मे उत्तर क्षेत्र-1 की 'भारत को जानो प्रीतियोगिता' में चंडीगढ़ प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेरणा पुरी, शिक्षा सचिव ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी, शिक्षायुक्त व ज्ञानवर्धक है जिसमें सभी बच्चों को भाग लेना चाहिए। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाना बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम में इन्होंने भारत विकास परिषद के द्वारा सेवा व संस्कार के किए जा रहे कामों की भी प्रशंसा की। ऐसे कार्यक्रम भारत को विश्व गुरु बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर प्रिंसिपल मंजीत कौर गिल और भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों सहित भूपिंदर कुमार, प्रांतीय महासचिव पीके शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष अजय दत्ता, मुख्य वक्ता, निदेशक भारत विकास परिषद चैरिटेबल मेडिकल डायगोनेस्टिक सेंटर तथा चंडीगढ़, जसपिंदर कौर सुरी, प्रांतीय वित सचिव क्विज मास्टर सभी के कार्य की सराहना की। इस अवसर पर पीके शर्मा ने भारत विकास परिषद तथा इस प्रकल्प के बारे जानकारी दी और बताया कि यह कार्यक्रम सारे भारत के लगभग 50000 स्कूलों मे आयोजित किया जाता है जिसमें लगभग 25 लाख बच्चे हर वर्ष भाग लेते हैं। कार्यक्रम के अंत मे सभी बच्चों व मेहमानों को फूड पैकेट वितरित किए गए।

**आयोजन**

### इलेक्रामा 2025 काउंटडाउन: भारतीय विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं ने किया रोड शो

# भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता और नवाचार क्षमताओं को मिलेगा बूस्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं संघ (आईईईएमए) ने इलेक्रामा 2025 के लिए चंडीगढ़ रोड शो के साथ एक और मील का पत्थर पार किया। जैसे-जैसे दुनिया के सबसे बड़े पावर सेक्टर शो का काउंटडाउन शुरू होता है, आईईईएमए चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, जो भारत के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

आईईईएमए आने वाले इलेक्रामा 2025 की मेजबानी के लिए तैयार है, जो 22 से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होगा। इस संस्करण में 1,100 से अधिक प्रदर्शक होंगे, 4,00,000 व्यापारिक आगंतुकों का आकर्षण होगा, 15,000 से अधिक बीटूबी बैठकें होंगी, 80 देशों से 600+ होस्टेड बायर आएंगे और 10+ देशों के पवेलियनों का प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में बोलते हुए आईईईएमए के अध्यक्ष सुनील



इलेक्रामा 2025 काउंटडाउन को लेकर गणमान्य चंडीगढ़ में विजन को लेकर इकट्ठे हुए।

सिंघवी ने बताया कि पंजाब और हरियाणा ने अपने पावर सेक्टर विकास में सराहनीय प्रगति की है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना को दर्शाता है।

इलेक्रामा 2025 सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं है; यह भारत की ऊर्जा आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक आंदोलन है। इस रोड शो जैसी पहलों के माध्यम से, आईईईएमए उद्योग को अवसरों, कौशल विकास और वृद्धि से जोड़ता है। इस संस्करण में इस क्षेत्र से 73 प्रदर्शक होंगे, जो इस वैश्विक प्रदर्शनी में निर्माताओं की रुचि को दर्शाता है। आईईईएमए के अध्यक्ष-निर्वाचित और इलेक्रामा 2025 के अध्यक्ष विक्रम गंडोत्रा ने बताया कि इलेक्रामा भारतीय ऊर्जा और पावर सेक्टर के लिए एक आवश्यक मंच बन गया है, जो हमारे उद्योग को विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है।

इलेक्रामा 2025 अब तक का सबसे बड़ा और प्रभावशाली संस्करण बनने का वादा करता है, जिसमें जर्मनी को फोकस देश और फ्रांस को सहायक भागीदार देश के रूप में शामिल किया गया है, जो इसे अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रदान करेगा। यह आयोजन भारत को विद्युत और संबद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक नेता के रूप में प्रस्तुत करेगा।

